**सुविचार**

जैसे उबलते पानी में कभी परछाई नही दिखतीउ ठीक उसी प्रकार परेशान मन से समाधान भी नही दिखते.. शांत होकर देखिए सभी समस्याओं का हल मिल जाएगा


# प्रभात मंत्र

हिन्दी दैनिक

रांची, सोमवार | 02.09.2024 | वर्ष 11, अंक 241 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110







## क्विक न्यूज

### एटीएम बनवाकर मृतक के खाते से निकाले दो लाख, केस दर्ज

**फतेहाबाद** : जिले के रतिया में एक मृतक व्यक्ति के बैंक खाते से किसी अज्ञात ने एटीएम बनवाकर दो लाख तीन हजार रुपये निकाल लेने का मामला सामने आया है। मृतक के लड़के की शिकायत पर रविवार को पुलिस ने केस दर्ज किया है।रतिया पुलिस को दी शिकायत में नाहरका मोहल्ला रतिया निवासी रामसिंह ने बताया है कि उसके पिता छोटूराम की 17 जुलाई 2024 को मौत हो गई थी। जब उन्होंने अपने पिता का बैंक खाता चेक किया तो बैंक कर्मचारी ने बताया कि उनके खाते से एटीएम से अलग-अलग जगह से दो लाख तीन हजार रुपये निकाले गए हैं। राम सिंह ने बताया कि उसके पिता ने न तो कभी एटीएम बनवाया था और न ही उनके पास कोई एटीएम था। राम सिंह का आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करके उसके पिता के नाम का एटीएम बनवाकर उसके बैंक खाते से रुपये निकाले हैं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने थाने में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के मुरैना में पुलिस द्वारा जीजा की हत्या आरोप में गिरफ्तार एक युवक ने रविवार सुबह सिविल लाइन थाने में आत्महत्या कर ली। उसने लॉकअप में अपने गमछे का फंदा बनाया और खिड़की की ग्रिल में फंसाकर फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही एसपी समीर सौरभ मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच के निर्देश दिए। जानकारी मिलने के बाद जिला न्यायालय के मजिस्ट्रेट भी जांच के लिए पहुंच गए।

### अनैतिक गतिविधियों के आरोप में पांच महिलाएं गिरफ्तार

**हरिद्वार** : धर्मनगरी हरिद्वार में मर्यादाओं को ताक पर रखकर तीर्थ यात्रियों से अनैतिक कार्य के लिए उकसाने और पैसों के लेनदेन को लेकर झगड़ रही पांच महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपित महिलाओं का चालान कर दिया है। पुलिस के अनुसार, हरिद्वार रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो-रिक्शा चालकों और यात्रियों से रुपयों के लेन-देन को लेकर बहस और धक्का मुक्की कर शांति भंग कर रही इन पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि ये महिलाएं यात्रियों को अनैतिक कार्य के लिए उकसाते उन्हें अपने साथ चलने के लिए गलत इशारे कर रही थीं।

### एसटीएफ ने बरामद किए सात आग्नेयास्त्र, 29 राउंड कारतूस

**कोलकाता** : आरजी कर मामले को लेकर पूरे प्रदेश में मचे हंगामे के बीच स्पेशल टास्क फोर्स ने राज्य में दो जगहों पर अभियान चला कर भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र और कारतूस बरामद किए हैं।गुप्त सूचना के आधार पर मुर्शिदाबाद के बहरमपुर और विधाननगर में तलाशी अभियान चला कर कुल सात आग्नेयास्त्र और 29 राउंड ताजा कारतूस बरामद और दोनों जगहों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।रविवार को एसटीएफ के अधिकारी ने बताया कि अवैध हथियारों की तस्करी की सूचना मिलने पर शनिवार रात एसटीएफ ने बहरमपुर के मनकारा इलाके में छापेमारी की गई। दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### शिमला में अवैध मस्जिद निर्माण का मुद्दा गरमाया

**शिमला** : राजधानी शिमला के उपनगर संजौली में एक निर्माणाधीन अवैध मस्जिद को लेकर राजनीति गरमा गई है। इसे लेकर हिंदू संगठनों और स्थानीय लोगों ने संजौली में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हिन्दू संगठनों ने मस्जिद के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया और निर्माण को अवैध बताते हुए प्रशासन से इसे तोड़ने की मांग की। प्रशासन ने निर्माणाधीन मस्जिद की जमीन को वक्फ की बताया लेकिन इमारत की तीन मंजिलें अवैध रूप से बनाने की बात स्वीकार की। जिला प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को संयम बरतने की सलाह दी और पूरी छानबीन के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्यूनतम | 26° |

## पश्चिम बंगाल में थम नहीं रहा यौन उत्पीड़न का मामला

# नाबालिग का दुष्कर्म नर्स से छेड़छाड़

### दुष्कर्म के बाद बवाल, तोड़फोड़, लाठीचार्ज

**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है कि उत्तर 24 परगना में एक नाबालिग से छेड़छाड़ की घटना से तनाव हो गया है। हालात इस कदर बिगड़ गए कि गुस्साई भीड़ ने कथित आरोपी के घर और उसके रिश्तेदार की दुकान पर हमला कर दिया। स्थिति को देखते हुए रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती कर दी गई। वहीं बीरभूम जिले में भी एक अस्पताल में नर्स से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में यहां पड़ोसी ने एक नाबालिग को खाने का लालच देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद धमकी दी की अगर उसने किसी को भी इस बारे में बताया तो परिवार सहित उसे मार देगा।

**भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन**

नाबालिग लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पार्टी के प्रदेश सचिव उमेश राय ने कहा, हावड़ा में एक नाबालिग लड़की अस्पताल में भर्ती थी। कल रात उसे एक सीटी स्कैन से गुजरना पड़ा। जब उसे हावड़ा अस्पताल में सीटी स्कैन सेंटर ले जाया गया, तो वहां काम करने वाले एक लड़ने ने उसे अकेला पाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। अश्लील वीडियो दिखाया। छेड़छाड़ की और कपड़े उतारने को कहा। ये सब इसलिए हुआ क्योंकि वहां कोई और नहीं था। जिस व्यक्ति ने यह अपराध किया है, वह अपराधी है.



**बीरभूम जिले में नर्स से छेड़छाड़:** एक अन्य घटना में बीरभूम जिले के इल्लमबाजार इलाके में स्थित एक अस्पताल में नर्स के साथ छेड़छाड़ होने की घटना सामने आई है। नर्स का आरोप है कि रुटीन के तहत जब वह मरीजों की जांच कर रही थी, उसी दौरान एक मरीज ने उसे गलत तरीके से छुआ।

**उत्तर 24 परगना में आरएएफ तैनात:** उत्तर 24 परगना के राजबाड़ी इलाके में एक व्यक्ति ने नौ साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न किया। जैसे ही लोगों को इसके बारे में पता चला तो उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना को लेकर लोगों का गुस्सा उस वक्त भड़क गया, जब कथित तौर पर स्थानीय टीएमसी नेता ने पीड़ित के परिवार से मामले को सेटल करने के लिए कहा।

## भारत की यूपीआई ने दुनिया में धूम मचाई अनुराग ठाकुर

**शिमला :** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारत में डिजिटल व कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने, पेमेंट्स के तरीक़े को सुगम बनाने व फिनटेक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार के शुरू किए गए भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) को डिजिटल लेन-देन में दुनिया का सबसे बड़ा व सुगम माध्यम बताया है। जिससे जन-जन के लिए बैंकिंग आसान हुई है। आंकड़ों के अनुसार यूपीआई से हर सेकेंड 3729 ट्रांजैक्शन होते हैं और अप्रैल-जुलाई के बीच 81 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत के वित्तीय तकनीक परिदृश्य में हो रहे बदलाव वास्तव में सामाजिक प्रभाव भी डाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फिनटेक को बढ़ाया देने की नीति के चलते आज यह अनौपचारिक अर्थव्यवस्था तक पहुंच रहा है और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच वित्तीय सेवाओं में अंतर को पाटने में मदद कर रहा है। आज भारत का यूपीआई के रूप में डिजिटल लेन-देन में दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना है। मोदी सरकार में साल 2016 में शुरू की गई यूपीआई ने भारत में डिजिटल लेनदेन को अत्यंत सुगम बनाया दिया है।

# उत्पाद सिपाही बहाली में दौड़ के दौरान अब तक 11 अभ्यर्थियों की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में उत्पाद सिपाही भर्ती के दौड़ के दौरान अब तक 11 अभ्यर्थियों की मौत हुई है. मौत का आंकड़ा सबसे अधिक पलामू में है जहां चार मौत हुई है. इस दौरान सैकड़ो अभ्यर्थी बेहोश भी हो गए हैं. बता दें कि 22 अगस्त से राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए दौड़ की प्रक्रिया शुरू की गई है. राज्य भर में दौड़ के लिए सात केंद्र बनाए गए हैं. यह स्मार्ट सिटी क्षेत्र रांची, जगुआर टेंडर ग्राम रांची, पुलिस लाइन गिरिडीह, पलामू के चियांकि हवाई, सीटीसी मुसाबनी, जैप 9 कैंपस मुख्यालय साहिबगंज में भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई. आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता अमोल वेणुकान्त होमकर ने बताया कि सभी केंद्रों पर पारदर्शी चयन प्रक्रिया संचालित की जा रही है. केंद्र पर अभ्यर्थियों के लिए पानी और ओआरएस की व्यवस्था की गई है. सभी केंद्रों पर मेडिकल टीम और दवाइयों की उपलब्धता करवाई गई है.उन्होंने बताया कि कोशिश की जा रही है कि सुबह जल्द से जल्द की दौड़ की प्रक्रिया को पूरी कर ली जाए. केंद्रों पर चलंत शौचालय बनाया गया है. 30 अगस्त तक 1 लाख 27 हजार 772 ने अभ्यर्थियों ने दौड़ में भाग लिया है. उन्होंने बताया कि जगुआर में एक, गिरिडीह में दो, हजारीबाग में दो, पलामू में चार और सीटीसी मुसाबनी में एक मौत हुई है.

## वक्फ बोर्ड पर देश भर के मुसलमानों से सुझाव मांगेगी बीजेपी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से वक्फ संशोधन बिल को पेश करने के बाद अभी यह जेपीसी के भेज दिया गया है. विपक्षी पार्टियां इस बिल को लेकर जमकर विरोध कर रही है. इस बीच कुछ प्रमुख मुस्लिम संगठनों की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक की तीखी आलोचना के बीच बीजेपी का अल्पसंख्यक मोर्चा वक्फ बोर्ड में सुधार के लिये मुसलमानों से सुझाव मांगेगा और विधेयक की पड़ताल कर रही संसदीय समिति के प्रस्तुत करेगा.सूत्रों ने बताया कि राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्षों सहित सात बीजेपी सदस्यों की एक टीम देश भर के अल्पसंख्यक समुदाय के विचार जानेगी और विभिन्न मुद्दों पर उनकी चिंताओं को दूर करेगी. बीजेपी के एक नेता ने दावा किया,हम समिति को हर सुझाव से अवगत कराएंगे.अगर विधेयक के किसी पहलू पर कोई चिंता है, तो हम उसे भी व्यक्त करेंगे, लेकिन हर जगह समुदाय की ओर से वक्फ बोर्ड में सुधार की जरूरत महसूस की जाती है.अल्पसंख्यक मोर्चा अपनी रिपोर्ट को बीजेपी नेतृत्व और वरिष्ठ पार्टी सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति के साथ साझा करेगा. अल्पसंख्यक मोर्चा की टीम के सदस्यों में क्रमशः उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और गुजरात में वक्फ बोर्ड के प्रमुख शादाब शम्स, सनवर पटेल और मोहसिन लोखंडवाला और हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन शामिल हैं.

## हथियार के साथ नक्सली गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र के पसांगन गांव में छापामारी कर हथियार के साथ नक्सली उपेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली के पास से पुलिस ने एक रेगुलर राइफल तथा 10 गोलियां भी बरामद की है। गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र यादव मनिका के पसांगन गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना क्षेत्र के पसांगन गांव में नक्सली उपेंद्र यादव नया संगठन बनाकर लेवी वसूलने के लिए किसी घटना को अंजाम देने वाला है। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम बनाई गई और नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। पुलिस की टीम जैसे ही गांव में पहुंची उन्हें देखकर उपेंद्र यादव भागने लगा, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। बाद में उपेंद्र यादव के निशानदेही पर पुलिस ने एक रेगुलर राइफल और 10 गोलियां भी बरामद की। एसडीपीओ वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र यादव पूर्व में माओवादी और टीएसपीसी नक्सली संगठन से जुड़कर विभिन्न नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया था। इसके खिलाफ लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में 5 से अधिक हिंसक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र यादव नया संगठन बनाकर रंगदारी वसूलने की योजना बना रहा था। परंतु पुलिस ने उसकी योजना को विफल कर दिया। इस अभियान में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार,मनोज कुमार दुबे समेत अन्य पुलिस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## केसी त्यागी ने जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से दिया इस्तीफा



**एजेंसी**

**पटना** : जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता का पद छोड़ने के बाद केसी त्यागी ने इंडिया टीवी से बातचीत की। उन्होंने इंडिया टीवी को बताया कि वह अभी भी जनता दल यूनाइटेड पार्टी में हैं। उन्होंने कहा कि जदयू का राजनीतिक सलाहकार रहूंगा और नीतीश कुमार से मेरा कमिटमेंट हमेशा रहेगा। बीजेपी और जनसंघ को लेकर उन्होंने कहा कि मैं जनसंघ के साथ रहा हूं, अटल और आडवाणी के साथ रह चुका हूं। मैं दोगला नहीं हूं कि मुझे बीजेपी से दिक्कत है। अब भी मेरा कोई बीजेपी विरोध नहीं है।राष्ट्रीय प्रवक्ता का पद छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पदमुक्त के आवेदन के बाद नीतीश जी का फोन आया था और उन्होंने कहा आप राजनीतिक सलाहकार के रूप में कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार से बेहतर राजनेता वर्तमान में नहीं है। ना मैं हताश हूं, ना मैं निराश हूं, मैं चियरफुल हूं। आगे उन्होंने बताया कि चार दिन पहले नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें मुझे सलाहकार और प्रवक्ता बनाया गया था। जब नीतीश कुमार ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था तब भी मैंने कहा था कि मुझे पदमुक्त किया जाए। एक साल पहले भी मैंने पदमुक्त करने के लिए निवेदन किया था।केसी त्यागी ने कहा कि चार महीने से मैं किसी डिबेट में नहीं जा रहा हूं।

## राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर प्रतीक चिन्ह का किया अनावरण, कहा

# सुनिश्चित हो त्वरित न्याय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नए ध्वज और प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया। राष्ट्रपित द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए न्यायालयों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के लिए प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।मुर्मू ने भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट का झंडा और प्रतीक चिन्ह भी जारी किया। जिला



न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालयों में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में स्थगन की संस्कृति को बदलने के लिए सभी संभव प्रयास किए जाने चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है कि वे न्याय की रक्षा करें।उन्होंने कहा कि न्यायालयों में आम लोगों का तनाव स्तर बढ़ जाता है। उन्होंने ब्लैक कोर्ट सिंड्रोम का जिक्र किया और सुझाव दिया कि इसका अध्ययन किया जाना चाहिए।उन्होंने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में वृद्धि पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। इस कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए।

# असम में 3.6 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी**

**गुवाहाटी :** असम के मोरीगांव जिले में रविवार शाम को भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई। भूकंप के चलते राज्य में कहीं से किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

भारतीय सिस्मोलॉजी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार असम के मोरीगांव जिले में 06 बजकर 51 मिनट 52 सेकेंड पर भूकंप का झटका महसूस किया गया।भूकंप का केंद्र असम के मोरीगांव जिला में 23 किलोमीटर जमीन के नीचे स्थित था। भूकंप का एपीक सेंटर 26.25 उत्तरी अक्षांश तथा 92.39 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था। भूकंप के झटके महसूस होते ही सनसनी फैल गयी और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। असम समेत पूरा पूर्वोत्तर भूकंपीय जोन 5 के अंतर्गत आता है, जिसके चलते आए दिन भूकंप के झटके महसूस किये जाते हैं।




# आलोक चौरसिया नो एंट्री का बोर्ड कई गांव में लगेगा : राजकुमार चौरसिया





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज विधानसभा के मेदिनीनगर प्रखंड के ग्राम झाबर, सिन्दुरिया, कुन्डेलवा, तारटोला आदि ग्रामों मे राजकुमार चौरसिया ने जनसम्पर्क किया। जनसम्पर्क अभियान में बडी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं महिलाएँ उपस्थित थी। जनसम्पर्क के क्रम में तारटोली शिव स्थान पर एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अमरेश सिंह ने की एवं संचालन बचन सिंह ने किया बैठक में मुख्य रूप से शंकर सिंह, प्रदीप सिंह, रवि प्रजापति, करमदेव सिंह, अजय सिंह, सत्यम सिंह आदि उपस्थित थे। मेरे साथ क्षेत्र-भ्रमण अभियान में जावेद खाँ, आसिफ हुसैन उर्फ़ गुड्डु एवं मुस्तक़ीम जी, हीरा जी, संजय जी एवं गजेन्द्र जी सामिल थे। क्षेत्र-भ्रमण के क्रम में वर्तमान विधायक के प्रति काफी आक्रोश देखा गया मैंने जितना भी गांव दौरा किया हर जगह विधायक को लेकर भयंकर नाराजगी लोगों में है द्य कई गांव में तो इतना ज्यादा आक्रोश विधायक के लिए है कि लोगों ने तय कर रखा है विधायक को अगर तीसरी बार टिकट मिला तो भाजपा का विरोध के साथ-साथ गांव आने से चुनाव में रोका जाएगा और ÷विधायक नो एंट्री का बैनर लगाकर विधायक का बहिष्कार किया जाएगा। तारटोला में सड़क की स्थिति इतनी देंनिया है जहां चलना नामुमकिन। गांव की महिलाओं ने सड़क पर धान रोप कर विधायक के प्रति विरोध जताया। राजकुमार चौरसिया ने कहा इन समस्याओ से जिला-प्रशासन को अवगत कराने एवं निजात दिलाने का कार्य करुगाँ। श्री चौरसिया ने कहा विधायक अपने आप को गरीब गुरुवा का नेता कहते लेकिन 55 लाख की गाड़ी में चलते और डेढ़ लाख का मोबाइल रखते द्य श्री राजकुमार चौरसिया ने कहा विधायक जी जैसा क्षेत्र में घूमते वक्त समस्या नहीं देखते अपना मोबाइल देखते-देखते निकल जाते अगर भाजपा गलती से भी इन्हें टिकट दे दी तो पब्लिक भी इस बार इन्हें वोट नहीं मोबाइल देखते देखते निकल जाएगा।

## आहर में नहाने के क्रम में दो सगी बहनें डूबीं, एक की मौत, दूसरी गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तलैया बभंडी पंचायत के बंजारी गांव निवासी पिता अजीम अंसारी की दो पुत्री नाजनी प्रवीण व नाजमी प्रवीण का राम गुलेली अहरा में नहाने के दौरान एक की डूबने से मौत हो गई।वहीं दूसरी तरफ नाजमी प्रवीण की स्थिति गंभीर बताई जा रही है और दोनों बहनों की उम्र लगभग 12 वर्ष बताई जा रहीं हैं। जब इसकी सूचना परिजनो को मिला तो आनन फानन में मुखिया पति अजमल अंसारी व परिजन के द्वारा निर्मला स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में तलैया बभंडी पंचायत के मुखिया पति अजमल अंसारी ने बताया कि आहर में नहाने के दौरान दो सगी बहनों की डूबने से एक की मौत हो गयी दूसरी की स्थिति गंभीर है दोनों तैरना नहीं जानती थी जिसके कारण दोनों बहनों के साथ हादसा हो गया। एक बहन की मौत से घर से लेकर गांव में कोहराम मच गया। आहर के आसपास रहे लोगों व ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों के अथक प्रयास से दोनों का शव निकाला गया। घटना को लेकर पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं चिकित्सकों के द्वारा नाजमी प्रवीण खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## राजनीतिक बदलाव के लिए युवा शक्ति को जागृत होना होगा : विकाश दुबे



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर के डाक बंगला मैदान में रविवार को झारखंड विकास पार्टी द्वारा मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दर्जनों युवक और महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सभी को केंद्रीय अध्यक्ष विकाश दुबे ने माला पहनाकर और पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। विकाश दुबे ने कहा कि क्षेत्र के विकास हेतु राजनीतिक बदलाव की जरूरत है। राजनीतिक बदलाव के लिए युवा शक्ति को जागृत होना होगा। क्षेत्र के युवा एक मंच पर संगठित होकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने की तैयारी करें। साधन-संसाधन हम देंगे। मौके पर विनय दुबे, धर्मेंद्र चौबे डबलू, विवेक शुक्ला ढुल्लू, प्रदीप पांडेय, विपुल दुबे, अली राजा, नजीम खान, गोलू गुप्ता, नवनीत पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने विश्रामपुर थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने रविवार को विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्री पांडेय ने कहा कि थाना प्रभारी सौरभ चौबे लोगों से सामंजस्य स्थापित कर बेहतर कार्य कर रहे हैं। पुलिसिंग के अलावा वे सामाजिक सरोकार के कार्यों में भी अपना भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने नदी की बीच धारा में फंसे चरवाहे की जान बचाई, इसके अलावा रेस्क्यू के दौरान पुलिस की मदद करने वाले ग्रामीण को पुरष्कृत भी किया हैं। ऐसे कर्मठ अधिकारी को सम्मान मिलना ही चाहिए। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि यह सम्मान उन्हे और भी बेहतर करते रहने की प्रेरणा देगा। मौके पर संजय कुमार ठाकुर, विनय कुमार चंद्रवंशी, दीपक कुमार साहू, जयंत चौहान, दिनेश चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

# शिक्षक दिवस के दिन से टेट पास सहायक अध्यापक लगाएंगे काला बिल्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा :** झारखंड सरकार टेट पास सहायक अध्यापकों को छलने का कार्य कर रही है जबकि टेट पास सहायक अध्यापक सारी अहर्ता पूर्ण करते हैं। उक्त बातें टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने कही वे रविवार को पीएम श्री मध्य विद्यालय कुम्हार टोली मेदिनीनगर में टेट सफल सहायक अध्यापक संघ द्वारा आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कहा कि झारखंड में तेरह हजार टेट पास सहायक अध्यापक है सरकार सभी टेट पास सहायक अध्यापक को सहायक आचार्य के बहाली में समायोजित करें। कहा कि सहायक अध्यापकों को सहायक आचार्य से सहयोगी शिक्षक बनने में10 साल की बाध्यता समाप्त करें। कहा की सरकार के इस सौतेले व्यवहार से क्षुब्ध होकर टेट पास सहायक अध्यापक 5 सितंबर को काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे तथा 7 सितंबर को शिक्षा मंत्री का आवास घेराव करेंगे। कहा कि यदि सरकार टेट पास सहायक अध्यापकों की मांग नहीं मानी तो सहायक अध्यापक अनिश्चितकालीन घेराव करेंगे। मौके पर बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अविनाश रंजन जबकि संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य पप्पू पटेल ने किया। इस मौके पर ब्रजभूषण मेहता ,कौशल वर्मा, प्रेम चौधरी, राजीव तिवारी, देवेश कुमार पाण्डेय, हंसराज ठाकुर, संतोष प्रजापति, अरविंद विश्वकर्मा,चंद्र मौलेश्वर ठाकुर, एबरार अहमद, हसीबुल अंसारी, निरंजन मेहता, संदीप चौधरी, सत्येंद्र मेहता, कश्मीर चौधरी सहित दर्जनों टेट सफल सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक का बैंक मैनेजर के साथ बैठक में समस्याओं का हुआ निदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** आज सभी पुर्व सैनिक एवं अन्य दुसरे विभागों के पेंशनरों का सैनिक कार्यालय में बैठक हुई जिसकी संचालन जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद एवं अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह ने की। सबसे पहले स्टेट बैंक ब्रांच मैनेजर रविशंकर नायक को लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद के द्वारा अंग वस्त्र दे कर स्वागत किया गया। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि इस संगठन के साथ जो भी पेंशनर जुड़े हुए हैं और आगे भी जो जुड़ेंगे। कैप्टन दुखन सिंह ने बैंक मैनेजर को कार्यालय द्वारा किए गए पेंशन कार्यो की जानकारी दी एवं जो पेंशनर को बैंक से कठिनाइयां होती है उसके समाधान के लिए प्रस्ताव रखा। सभी पेंशनरों ने भी अपनी अपनी समस्यायों से ब्रांच मैनेजर को अवगत कराया। सबसे पहले वृद्ध महिला पेंशनर जो की पति के दो साल पहले मृत्यु हुई थी उनकी पेंशन अभी तक नहीं मिल रही थी। उनकी ब्रांच मैनेजर ने खुद जिवन प्रमाण पत्र घर जा कर भरवाएंगे और उन्होंने अस्वत कराई की बहुत जल्द ही पेंशन चालु हो जाएगी। उन्होंने सभी पेंशन धारीयों को फ्रोड मोबाइल काल से बचने की नसिहत दि एवं बैंक द्वारा मिलने वाले योजनाओं की भी जानकारी दी और जिन पेंशनर के एकाउंट में पत्नी का नाम नहीं है कुछ का निदान भी की एवं बाकी को भी जल्द नोमिनेसन करने की सलाह दी। उन्होंने कार्यालय द्वारा किए गए कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि यह हम बैंक कर्मीयों का ही सहयोग है हम सब मिलकर समस्यायों का आगे भी निदान करते रहेंगे। बैंक के तरफ से उन्होंने सभी मौजूद पेंशनरों को बैग एवं छाता भी भेंट किया।इस मौके पर मौजूद पुर्व सैनिक में सुबेदार महराज सिंह, उदय प्रताप सिंह, रामटहल मेहता, दिलीप मेहता, उदित सिंह, सुमेर सिंह, सतेन्द्र ठाकुर, प्रसाद सिंह, असर्फी पाल, अक्षय सिंह, विजय सिंह, गोरी शंकर ठाकुर, अवध माली, केशों महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बैंक अधिकारी के घर लाखो की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह में बैंक अधिकारी वीरेंद्र पांडे के घर से शनिवार रात 10 लाख रुपये नकदी और 10 लाख रुपये के आभूषणों की चोरी हो गई। इसकी जानकारी रविवार सुबह को हुई। वारदात के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था।बताया जाता है कि घर के मालिक वीरेंद्र पांडे बैंक अधिकारी पुत्र राजीव रंजन पांडे के पास गए थे। राजीव रंजन छत्तीसगढ़ के कोरबा में एसबीआई बैंक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। चोरों ने इसी मौके का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मेन गेट को तोड़ने के बाद एक-एक करके अलग-अलग कमरों के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। सभी कमरों में अलमारी थी, जिनको तोड़कर कीमती सामान और नकदी राशि निकाली गई। दीवान-पलंग को भी नुकसान पहुंचाया गया। पूरे कमरे में समान जहां-तहां बिखरे पड़े थे। पूजा घर को भी नहीं बख्शा गया।सूचना मिलने के बाद सदर थाना से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि 15 दिन से घर बंद था। जिन्हें जिम्मेदारी दी गई थी देख रेख की वह भी इस घर में नहीं रह रहे थे। चोरी में जो नुकसान दर्शाया गया है उसके लिए जांच की जा रही है।

## लोक अदालत में नौ मामला हुआ निष्पादित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड उच्च न्यायालय झालसा रांची के आदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष राजेश शरण सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी के निर्देशानुसार दिन शनिवार को नगर उंटारी व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। नगर ऊंटारी व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम सह जिला विधिक सेवा समिति प्रभारी सचिव अरविन्द कच्छप और समिति के मेंबर हंसेश्वर पांडेय के प्रथम बेंच पर 9 मामलो का निष्पादन किया गया। जिसमें वन विभाग से 2, परिवाद पत्र 1 तथा जीआर के 6 केसो का निपटारा किया गया। नगर ऊंटरी व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम सह जिला विधिक सेवा समिति प्रभारी सचिव अरविन्द कच्छप ने बताया कि जिसमें 9 केसो का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि नगर ऊंटारी व्यवहार न्यायालय के लोक अदालत में अब बिजली विभाग से संबंधित केसों का भी निष्पादन किया जाएगा। इसके पहले नगर ऊंटारी क्षेत्र के लोगों को गढ़वा व्यवहार न्यायालय में जाना पड़ता था। अब उन्हें बिजली विभाग से संबंधित केसों के निष्पादन के लिए गढ़वा नहीं जाना पड़ेगा। नगर उंटारी व्यवहार न्यायालय में ही बिजली विभाग के केसों का निपटारा किया जाएगा।अब गढ़वा आने-जाने का समय जो लगता था वह नहीं लगेगा।

## प्रत्येक बूथ पर जाकर ओबीसी एकता अधिकार मंच की बातों को रखें : ब्रह्मदेव प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** ओबीसी एकता अधिकार मंच के द्वारा विश्रामपुर कार्यालय में कमेटी विस्तार हेतु एक बैठक हुई.बैठक में प्रखंड पंचायत व बूथ कमिटी को विस्तारित करने पर चर्चा हुई। इसके अलावा संगठन को और मजबूती कैसे मिले इस पर भी मंथन किया गया। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा की प्रत्येक बूथ पर जाकर ओबीसी एकता अधिकार मंच के बातों को रखें। पूरे पलामू प्रमंडल के सभी सीटों पर ओबीसी एकता अधिकार मंच निर्णायक स्थिति में है। ओबीसी की आवाज बुलंद करने हेतु एकजुट होकर राजनीतिक ताकत दिखानी होगी। मंच इसके लिया पूरे पलामू प्रमंडल के विधानसभा सीटों पर ओबीसी परिवार के समर्पित लोगों को बतौर प्रत्यासी उतरेगी। नामों की घोषणा भी जल्द कर दिया जाय। बैठक में महेंद्र प्रसाद, गोरखनाथ चौधरी, राजनारायण पटेल,सतेंद्र प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, जम्बू जैन, ओमप्रकाश पाल, रामपरीखा मेहता, सहित विश्रामपुर, पांडू, उंटारी व नावा बाजार प्रखंड के कई लोग मौजूद थे।

# ग्रामीण क्षेत्र आज भी विकास से कोसो दूर : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने ग्राम, लहलहे, पोलपोल, भोगू सरजा बड़की नेभी, आदि गांव में जनसंपर्क अभियान कर लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुए जनसंपर्क अभियान के दरमियान पाया कि ग्रामीण क्षेत्र में आज भी स्थिति दयनीय बनी हुई है कहीं-कहीं सड़क तो बन गया है लेकिन बरसात के महीना में मिट्टी का घर गिर रहा है धरातल पर गरीबों के मिलने वाला प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना नजर नहीं आ रहा है भाजपा के विधायक एवं पूर्व मंत्री की संपत्ति बढ़ गई लेकिन गरीबों की स्थिति वही का वही बना हुआ है वही देश के प्रधानमंत्री मोदी जी और भाजपा के सांसद विधायक ने पलामू क्षेत्र को शौचालय मुक्त घोषित कर दिया फिर भी आज भी गरीब दलित आदिवासियों के घर में शौचालय नहीं बना है वह खुले में शौच जाने को विवस है यही हाल बड़की नेभी, एवं सरजा पोलपोल का है। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों में भाजपा के नेता और विधायक के प्रति काफी आक्रोश था। जनसंपर्क अभियान में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरों, करीमन पासवान, रितेश आर्यन आदि लोग थे।

## सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामुहिक रूप से नाम जप ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। संगीतांजली कार्यक्रम में गीता देवी, रामा देवी, चंचला गुप्ता, सत्यवंती देवी तथा विजय नंदन सिन्हा ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया।इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि मानव जीवन को धर्म दान करना चाहिये। श्री श्री ठाकुर जी की दीक्षा ग्रहण कर यदि मानव अनवरत सतनाम का जप करता है तो वह व्यक्ति उन्नति के मार्ग पर चलते हुये अपने जीवन का कल्याण कर लेता है।उन्होंने कहा कि इष्टभृति एक महायज्ञ है, इसे प्रतिदिन करने से ईश्वर प्रसन्न होते है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय मे प्रत्येक नारी को अपनी मां के समान होना चाहिये। प्रत्येक नारी की भेष भूषा व रहन चलन ऐसा होना चाहिये जिसे देखकर पुरुष वर्ग उसमे अपनी मां को देखा करे। सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि सत्संग के माध्यम से व्यक्ति संत बन जाता है।जिस प्रकार पारस मनी पत्थर के सम्पर्क से लोहा सोना बन जाता है।ठीक उसी प्रकार सत्संग के माध्यम से व्यक्ति में सज्जनता का गुण आ जाता है और वह व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक कर लेता है। उन्होंने कहा कि आज के समय मे गुरु के बतलाये मार्ग पर चलना चाहिये।सत्संगी संजय दा ने आगमनी दिवस पर चर्चा करते हुये दो सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी वर्तमान पुरुषोत्तम है, उन्ही की दया से व्यक्ति अच्छा कार्य करता है। सत्संग में मधु कुमारी, दीप माला, विंदीया, नीलम देवी, रीना जायसवाल, प्रभा देवी, रिशु कुमार, सुजय, विजय, श्रीकांत, रिशु कुमार, भोला प्रसाद, धृतिदीप्त, प्रमोद चौबे, ब्रजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

# बिहार के भोजपुर से लापता हुई लड़की नगर ऊंटारी में 78 दिन बाद बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बिहार के भोजपुर जिला से लापता एक लड़की को नगर ऊंटारी थाना के महिला पुलिस ने मुख्य बाजार से बरामद कर शुक्रवार को बिहार पुलिस व उसके परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार भोजपुर जिला अंतर्गत ईमादपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी इंद्रजीत राम ने विगत 13 जून 2024 को स्थानीय थाने में आवेदन देकर अपनी पुत्री रेखा कुमारी उम्र 21 वर्ष की लापता होने का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद ईमादपुर थाना कांड संख्या 72/24 दिनांक 13 .7.2024 धारा 137 (2)/140 (3) bns 2023 के तहत प्राथमिक की दर्ज कर अनुसंधान में जुट गया। इसी बीच नगर ऊंटारी महिला पुलिस ने लापता लड़की को नगर उंटारी से बरामद कर संबंधित थाना व उसके परिजनों को सूचना दिया.महिला पुलिस के पूछताछ के दौरान लापता हुई लड़की रेखा कुमारी ने बताया कि नगर उंटारी थाना क्षेत्र के कोइंदी गांव निवासी रैहमत अंसारी के पुत्र सलीम अंसारी उर्फ राजू बॉस से पिछले 6 माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था.रेखा ने बताया कि उसका प्रेमी भोजपुर जिला में ही ठेकेदारी का काम करता था।जिससे मार्च माह में फोन के माध्यम से उससे संपर्क हुआ। इसी बीच सलीम अंसारी ने लड़की को शादी का झांसा देकर 3 जून को उसके गांव से भगाकर उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में अपनी बहन के घर ले गया। वहां लड़की को दो माह तक रखा। लड़की ने बताया कि अपनी बहन के घर से 16 अगस्त को अपने घर नगर ऊंटारी लाया। यहां लाने के बाद सलीम किराए के मकान लेकर लड़की के साथ रहता था। लड़की ने बताया कि यहां आने के बाद लड़का शादी करने से इनकार करने लगा और दोनों के बीच तीखी नोकझोंक भी होने लगी। इसी बीच लड़का ने लड़की को चकमा देकर यहां से फरार हो गया। लड़की ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं अता-पता नहीं चला। 2 दिन पूर्व लड़की नगर ऊंटारी मुख्य बाजार में जाकर प्रेमी सलीम अंसारी को खोजने निकली थी। इसी बीच नगर ऊंटारी महिला थाना पुलिस ने लड़की को गिरफ्तार कर थाना ले गई। पूछताछ के दौरान लड़की ने घटनाक्रम की पूरी जानकारी साझा की।

## संक्षिप्त खबरें

### सुधा अरमान मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रियंका बनी चैंपियन

**रांची:** सुधा और अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से महिला पत्रकार बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को आयोजित किया गया। गांधीनगर रीक्रिएशन हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में 16 महिला पत्रकारों ने भाग लिया। डबल्स कैटेगरी में प्रियंका सिसोदिया और वैशाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और वही प्रियंका मिश्रा और प्रतिमा की जोड़ी रनर अप बनी। सिंगल्स कैटेगरी में प्रियंका सिसोदिया ने विजेता और श्रुति सिंह ने उपविजेता ट्रॉफी प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएल के कार्मिक निदेशक हर्षनाथ मिश्रा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का कर्तव्य निभाते हुए इस तरह के आयोजन में हिस्सा लेना सुखद है। यह खुद को मोटिवेट करने के लिए फायदेमंद साबित होगा। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शुभ नारायण दत्त, बैडमिंटन कोच गोविंद झा, शीतल कुमारी, रेखा पाठक मीडिया जगत की कई महिला पत्रकार और अन्य लोग भी शामिल हुए।

### राज्यपाल से लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष सहित अन्य ने की मुलाकात

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ने राजभवन में मुलाकात की। यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी। दूसरी ओर, लघु उद्योग भारती के पूर्व अखिल भारतीय अध्यक्ष एवं वर्तमान में पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत के प्रभारी ओमप्रकाश मित्तल के नेतृत्व में लघु उद्योग भारती का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से रांची स्थित राजभवन में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार छापरिया, उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, सचिव सत्य प्रकाश पांडे, मधुसूदन अग्रवाल एवं आदित्य अग्रवाल शामिल थे।

# नशा मुक्त जागरुकता अभियान को सफल बनाने वाले पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित करना जरुरी : मुजीब कुरैशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** किसी भी अपराध के पीछे नशा ही कारण माना जाता है। जो भी अपराधिक घटनाएं होती हैं , उसमें ज्यादातर नशा के सेवन करने के बाद ही की जाती है। नशा एक ऐसा मादक पदार्थ है जो आपकी एकाग्रता नष्ट करती है। नशा निर्णय, स्पष्ट रूप से सोचने की क्षमता और व्यवहार को प्रभावित करता है।

**नशा मुक्त जागरुकता अभियान में सहयोग देने वाले को करें सम्मानित:** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी 20 दिसंबर 20 19 से लगातार नशा मुक्त जागरूकता अभियान रांची ,गुमला लोहरदगा, हजारीबाग, जमशेदपुर, चाईबासा, धनबाद, बोकारो आदि जिले में चला चुके हैं, यह अभियान अब भी जारी है। झारखंड हाई कोर्ट ने भी इस पर संज्ञान लिया है और सरकार को भी निर्देश दिया है। ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश 1924- 2024 के सौ साल पूरे होने पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने 18 फरवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजित कर नशा मुक्त जागरुकता अभियान को सफल बनाने वाले शख्सियतों को मोमेंटो देकर सम्मानित किये , ताकि नशा के खिलाफ ये मुहिम आगे भी जारी रहे।

**इनके लिए किया गया अनुशंसा:** नशा मुक्त जागरुकता अभियान को कानूनी स्तर से भी काफी सहयोग मिला है, इसके लिए तत्कालीन ग्रामीण एसपी रांची रहे तभी से जुड़े पुलिस उप- महानिरीक्षक (कार्मिक)-सह-बजट मो नौशाद आलम , पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लोअर बाजार दयानंद कुमार, खादगढ़ा टीओपी के सअनि भीम सिंह ( रांची में है ) , झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री मो महताब आलम (अपराध अनुसंधान विभाग में है ), आरक्षी 65 टिंकू राम (रामगढ़) जिला अभी मुख्यालय में हैं ,इन्होंने नशा मुक्त अभियान को सफल बनाने में अपना सराहनीय योगदान दिये हैं। इसके लिए झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और निदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता से ऐसे शख्सियतों को सम्मानित करने की अनुशंसा किये हैं।

**झारखंड में तेजी से नष्ट हो रहा है नशा का धंधा :** नशा से सबसे ज्यादा कम उम्र के युवक, युतियां प्रभावित हो रहें हैं। घर , परिवार तबाह हो रहा है , कई परिवार में नशा के कारण उसकी जानें भी गई है , कई युवक अस्पताल में रिहैबिलिटेशन केंद्र में भी पड़े मिल जायेगा। नशा जो सामाजिक बुराई है , समाज के लोगों की मदद से इसे खत्म किया जा सकता है। इसी नशा की बुराई को खत्म करने के लिए झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व में करीब 20 दिसंबर 20 19 से रांची जिला सहित झारखंड के करीब सभी जिलों के मुहल्लों में नशा मुक्त जागरूकता अभियान की शुरुआत कर कीर्तिमान स्थापित किये हैं। जिसका परिणाम सकारात्मक रहा लोग जुड़ते चले गये और अपने परिवार, बस्ती,स्कूल,कॉलेज आदि में नशा मुक्त जागरुकता अभियान चला रहे हैं। इस बीच कोविड भी आया, लेकिन मुहिम जारी रहा। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने पुनः19 अगस्त 2022 को तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र झा के साथ इस मुहिम को आगे बढ़ाये जो आज भी जारी है।

## वक्फ जायदाद की हिफाजत पर आयोजित सेमिनार विवादों के घेरे में

**रांची।** सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन होने के बाद झारखंड में वक्फ बोर्ड और वक्फ की संपत्ति को लेकर सभी लोग जागरुक हो रहे हैं। यह स्थिति देश के संसद में पेश हुए वक्फ संपत्ति संशोधन 2024 को लेकर जो हंगामा बरपा था। इसको लेकर रांची में भी असार देखने को मिल रहा है। वक्फ की संपत्ति की स्थिति झारखंड में क्या है? इसको लेकर एक सितंबर को जमीअतुल मोमीनीन चौरासी झारखंड के जेरे निगरानी वक्फ जायदाद की हिफाजत एक अधिनियम और हमारी जिम्मेवारी पर एक सेमिनार प्रस्तावित था , जिसे स्थागित कर दिया गया। यह सेमिनार का आयोजन रांची के अंजुमन प्लाजा स्थित अंजुमन इस्लामिया के सभागार में आयोजित किया गया था , लेकिन किसी कारणवश या कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।

## बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर शहजाद आलम को लोगों ने दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आजसू के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से शहजाद आलम को बुद्धिजीवी मंच रांची जिला का अध्यक्ष चुना गया। शहजाद आलम को बुद्धिजीवी मंच रांची जिला का अध्यक्ष चुने जाने पर आयशा वेलफेयर सोसाइटी के सदर मो सलीम, सामाजिक कार्यकर्ता औरंगजेब खान, लहु बोलेगा के संयोजक नदीम खान, फिरोज खान, हाजी बुलन्द और सुहैल अखूतर ने उन्हें बधाई दी।शहजाद आलम ने कहा जो जिम्मेदारी मिली है उसे ईमानदारी के साथ पूरा करुंगा। मुझे जो जिम्मेदारी मिली है इसके लिए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का आभार व्यक्त्त करते हैं।

# श्री कृष्णा जी का छट्ठी मोहत्सव मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के द्वारा श्री कृष्णा जी के छट्ठी मोहत्सव 2024 का आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्री राजीव रंजन मिश्रा , श्री राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह एवं समाजसेवी सुनील गुप्ता , उपेन्द्र रजक उपस्थित थे ।कार्यक्रम की शुरुआत मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर की जिसके पश्चात बाल गोपाल की पूजा अर्चना कर आरती की गई ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पीयूष आनंद ने की एवं संचालन राकेश सिंह ने किया । कार्यक्रम के धन्यवाद ज्ञापन ज्योति शंकर साहू के द्वारा किया गया । पूजा अर्चना के पश्चात बाल गोपाल को महाभोज लगाया गया उसके बाद भक्तगणों के बीच प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में नवनीत पांडेय , श्रवण कुमार , दीपू गाड़ी , शाहिल कुमार , अनिल गुप्ता , प्रकाश पाल , सोनू पटवा , मनीष सिन्हा , बीरू पासवान , राजीव सिंह , सूरज पांडेय सहित सैकड़ों कृष्णा भक्त उपस्थित थे।



## सुन्नी वक्फ बोर्ड को विवादास्पद न बनाएं : जुनैद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड अंजुमन के कनवीनर जुनैद अनवर ने कहा की मुसलमानों से संबंधित वाली बोर्ड, अयोग का समय पर गठन ही नहीं होता है, इसे लटकाए रखा जाता है। सरकार का कार्यकाल जब आखरी पड़ाव पर पहुंचा तो चुनाव में अल्पसंख्यक समुदाय से सामना होने के भय से सरकार ने सुन्नी वक्फ बोर्ड जैसे कमिटियों का गठन किया, लेकिन अफसोस कि चंद लोग इस पर भी उँगलियाँ उठाने लगे हैं।उन्हे लगता है मैं स्वय कमिटी में रहूँगा तभी कमिटी अच्छी, नहीं तो नियम के खिलाफ है। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है की आखिर सरकारें अल्पसंख्यकों से जुड़े आयोग बोर्ड का गठन क्यों नहीं करना चाहती? पिछले दिनों झारखंड में गठन हुए सुन्नी वक्फ बोर्ड में झारखंड के जिन जिन लोगों को सदस्य नियुक्त किया है, सभी अपने समाज में कौम के खिदमत गुजार रहे हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ शिकायत करना समाज का नुक़सान है। झारखंड में वक्फ के प्रॉपर्टी का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है जिसे कराना जरूरी है। उसके बाद वक्फ की प्रॉपर्टी का डिजिटलीकरण भी किया जाना है । वक्फ बोर्ड के गठन के बाद ही केन्द्रीय वक्फ परिषद से अनुदान मिलता है।ब्याज रहित लोन भी मिलता है, जिस से वक्फ की प्रॉपर्टी को सुरक्षित, संरक्षित और विकसित किया जा सके।

## रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का चुनाव संपन्न, चंचल चटर्जी अध्यक्ष बने

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का चुनाव बिहार क्लब के सभागार में रविवार को संपन्न हुआ। इस संबंध में कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू और महामंत्री रविंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि रांची महानगर पूजा समिति के सभी सदस्यों ने अपने विचार रखें। इसके बाद महानगर समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सहाय के द्वारा कमेटी को भंग किया गया । फिर वर्ष 2024-25 के लिए नई कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। इसमें आजीवन मुख्य संयोजक डॉ. अजीत कुमार सहाय, अध्यक्ष चंचल चटर्जी, सह संयोजक कामाख्या सिंह, हेमेंद्र सिंह,जैनेन्द्र प्रसाद,रामा ठाकुर,रवि रस्तोगी, राजेश कुमार लाल, राजीव रंजन प्रसाद, संजय मिनोचा,संजय सहाय, प्रो.अरूण सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू ,वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा ,उपाध्यक्ष राणा रणधीर,अमर नाथ साहु, राणा रणधीर,जितेंद्र वर्मा, अशोक यादव, कमलेश यादव,प्रो.उमेश सिंह, बच्चु चौधरी,राजु राम, संतोष अग्रवाल, गौतम घोष, पार्थो घोष एवं महामंत्री रविंद्र वर्मा ,सह मंत्री कुलदीप राज महेंद्रु, कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा तथा कार्यालय सचिव समीर सिंह को बनाया गया है। आगामी पांच सितंबर को को पुनः कमिटी का विस्तारीकरण किया जाएगा। बैठक में शैलेश्वर दयाल सिंह,रमेश सिंह, सेतांक सेन, सुरज देव शर्मा, सुनील शर्मा, त्रिलोकी सिंह, अमित वर्मा, नवेंदु उपाध्याय, गांगुली, विश्वनाथ गांगुली, बिंदु सिंह, अमित घोष, चिन्मय दत्ता ,कमलेश यादव, विनोद सिंह, उज्जवल तिवारी, राकेश सिंह बादल, अमित सोनी, ,अशोक यादव, लखपति साहू, जितेंद्र वर्मा, अमित कुमार, अजय गुप्ता, सनी लाल, जयप्रकाश यादव, मंतोष मुखर्जी सहित लगभग 90 पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।




## आखिर बाबूलाल मरांडी महिलाओं से क्यों बेचवाना चाहते हैं शराब : बैद्यनाथ राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के उत्पाद मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि बाबूलाल मरांडी आखिर महिलाओं से शराब क्यों बिकवाना चाहते हैं? वर्तमान में सिर्फ सुझाव मांगे गए हैं और नई शराब नीति पर अभी तक कोई चर्चा भी नहीं हुई है। यह समय सुझाव देने का नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर काम करने का है। दरअसल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर नई शराब नीति के लिए सुझाव दिया है। इसपर राज्य के उत्पाद मंत्री बैजनाथ राम ने जवाब देते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी ने मख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा है कि झारखंड सरकार नई शराब नीति लागू करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी राज्य में दो बार शराब नीति लागू की जा चुकी है लेकिन इन नीतियों का राज्य के हित में कोई विशेष लाभ नहीं हुआ है। राज्य सरकार को नई शराब नीति बनाने से पहले संबंधित विभागों और ग्राम सभाओं से मंतव्य प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण आदिवासी महिलाओं के हितों का ध्यान रखने की बात कही और सुझाव दिया कि उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन यापन करने में मदद मिलनी चाहिए।

## कोल्हान विश्वविद्यालय के नव नियुक्त प्राध्यापकों ने बाबूलाल मरांडी से मिलकर जताया आभार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विगत दिनों कोल्हान विश्वविद्यालय केलिए जेपीएससी परीक्षा द्वारा चयनित 17 इतिहास विषय के शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर महामहिम राज्यपाल से मुलाकात की थी। जिसपर महामहिम राज्यपाल ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया था।कल इतिहास विभाग के सभी चयनित प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त हो गया। जिससे प्राध्यापकों में खुशी है। नव नियुक्त प्राध्यापकों में विनोद कुमार लोहरा,हेमा लकड़ा, मैरी नीला हांसदा,कविता कुमारी,अरविंद कुमार साहू,साकेत बिहारी, प्रदीप झा, पंकज श्रीवास्तव, स्वीकृति, अमृता जायसवाल, नूपुर,नितिन नीरज, शामिल हैं। कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए वर्ष 2018 में विज्ञापन द्वारा इतिहास विषय के 17 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई थी। 31 अक्टूबर 2023 को जेपीएससी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की।

## सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी ने कहा- अकीदत के साथ निकलेगा जुलूस ए मोहम्मदी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रविवार को सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वावधान में हिन्दपीढ़ी स्थित इस्लामी मरकज में हजरत मौलाना अलकमा शिबली की सरपरस्ती व सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के अध्यक्ष डा. ताजुद्दीन रिजवी की अधयक्षता में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई । यहां रांची के तमाम उलेमा के साथ साथ अनेक तंजीम, एदारे, खानकाह, पंचायत, मदरसे के प्रमख प्रतिनिधि के साथ साथ विभिन्न मस्जिदों के इमाम व पदाधिकारीगण बठक में मुख्य रूप से शामिल हुए ।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चांद नजर आने के बाद इसी माह के चांद की 12 तारीख को याने 16 या 17 सितम्बर को ईद मीलादुन्नबी के अवसर पर पूरे अकीदत व एहतराम के साथ रांची में जुलूसे मोहम्मदी निकाला जाएगा । बैठक में आपसी एकता व भाईचारे पर बल देते हुए वक्ताओं ने पूरे राज्य एवं देश में अमन का पैगाम देते ए पूरे जोशो खरोश व अकीदत तथा आपसी सौहार्द के साथ जुलूसे मोहम्मदी निकाले जाने का फैसला लिया। जुलूस की सफलता के लिए जन सम्पर्क अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया । डा. ताजुद्दीन रिजवी, मौलाना मसूद फरीदी, कारी अय्यूब,मौलाना शादाब मंजर, मौलाना आबिद हुसैन,मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, महबूब आलम, अकीलुर्रहमान,मो. सलाउद्दीन, जमील गद्दी, अख्तर हुसैन गद्दी हाजी सऊद आलम के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान ने किया। मौलाना मो. आबिद, मौलाना मसूद फरीदी, मौलाना शेर मोहम्मद कादरी, कारी अय्यूब, मौलाना अब्दुल सलाम,सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान,प्रवक्ता मो. इसलाम, मौलाना नेजामुद्दीन, हाफिज जावेद, हाफिज आकिब रजा , मौलाना नूरुल हसन फैजी, मौलाना मो. फारूक, मौलाना इरफान सादिक, मौलाना शादाब मंजर, मो. शोएब, महबूब आलम, जमील गद्दी, मो. शफीक, रिजवान मोजीबी,सऊद आलम, मो. इश्तेयाक, मो. सलीम, मोईन अख्तर, मो. समीउल्लाह, मो. कय्यूम, शमीम खान, मो. नईम , एजाज अहमद, इरफान रजा, मो. फहीम, मो.नईम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो. इसलाम ने संयुक्त रूप से दी।



# बड़ी संख्या में युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का थामा दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रविवार स्थान वाल्मीकि नगर हरमू रोड़ में झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी मैडम ने आज वाल्मीकि नगर के युवाओं को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कराई। युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन और झारखंड के मुख्यमंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को आदर्श मानकर झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में सम्मिलित हो रहें हैं।

इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी ने कहा कि वीर शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के आदर्शों पर चलते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार को आगे की ओर बढ़ाना है साथ ही सभी लोगों के हर सुख दुख में साथ खड़ा रहना है आम लोगों के लिए हमेशा खड़ा होकर उनके आवाज को बुलंद करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नन्द किशोर सिंह चंदेल,सोमू बनर्जी,अमन ठाकुर,साकिर ने अपना योगदान दिया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रवेश कुमार के नेतृत्व में प्रवीण कुमार, हेमंत वाल्मीकि, सूरज वाल्मीकि, प्रियांशु पवार, शुभम कुमार, अमन कुमार, अमित कुमार, अनिकेत कुमार, अभिषेक कुमार, बाबूलाल जेडिया, ओमकार कुमार, कुणाल कुमार, चंदू कुमार, अंतू कुमार, राहुल जेड़यिा, हर्ष कुमार, मनीष कुमार, यशपाल कुमार, मोनू कुमार, नितिन चावरिया, राहुल जेडिया, राजवीर राम, राहुल पवार, राजू राम, रवि कुमार, रोहित राम, सचिन राम, सागर राम, शिवा राम, सन्नी, राजू जेड़यिा, अंशु कुमार, बादल कुमार, सागर कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग ने सदस्यता ग्रहण की।




## शौंडिक सुंडी वैश्य समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिले विस की सीटें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड प्रदेश शौंडिक संघ के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु एवम प्रदेश कार्यक्रम संयोजक उदय साहु ने संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखण्ड प्रदेश के 2024 विधानसभा चुनाव में शौंडिक सुंडी वैश्य समाज के जमीनी स्तर के सक्रीय कार्यकर्ताओं को उनकी राजनितिक भागीदारी सुनिश्चित कर विभिन्न राजनीतिक दलों से टिकट देने की मांग की है। बीरेंद्र साहु ने बताया कि पूरे पांच साल समाजसेवा में प्राथमिकता देते हुए लोगों के बीच सक्रिय भूमिका में रहते हुए अंतिम व्यक्ति तक उनके सुख दुख में उनके बीच जाकर निष्ठा से सेवा करते हैं। जब चुनाव आता है तो वैसे कार्यकर्ताओ के साथ उन्हें नजर अंदाज कर सक्रिय कार्यकर्ताओ के साथ बैमानी हो जाति है,और कार्यकर्ता अपने राजनितिक दल से निराश हो कर सक्रियता छोड़ घरों में बैठ जाते हैं। पुरे प्रदेश में कई ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं जहां शौंडिक,सुंडी वैश्य बाहुल्य एवं पिछड़ी जातियों की घनी आबादी है उसमें रांची, सिल्ली,ईचागढ़,पलामू, रामगड, मांडू, हजारीबाग,बड़कागांव, बगोदर , गिरिडीह, गांडेय,बरकट्ठा, सिंदरी, निरसा, टुंडी, गोड्डा एवं पोरैयाहार्ट विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं जहां सुंडी शौंडिक वैश्य पिछड़ी जातियों को टिकट देने में प्राथमिकता देने से राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## विधायक अंबा प्रसाद को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर दी बधाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस अंसारी और चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद की मेहनत और उनके बेहतर कार्य को देखते हुए पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय सचिव एंव पश्चिम बंगाल का चुनाव प्रभारी मनोनीत किया है,जो पुरे बड़कागांव के अलावा कोयलांचल क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।विधायक अंबा प्रसाद को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर पार्टी औए मजबूत होगा,साथ ही कार्यकर्ताओं का भी मनोबल बढ़ेगा।विधानसभा चुनाव से पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को बड़ी जिम्मेदारी देने पर पूरे विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी जा रही है।अब्दुल कुदूस अंसारी एंव कासिम उर्फ मुन्ना विधायक अंबा प्रसाद को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी है,साथ ही कांग्रेस के वरीय एवं केंद्रीय नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया है।




## जनता को मुख्य विकास योजनाओं से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता : विनोदित तिग्गा

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे पंचायत के ग्राम हातमा मे 15 वें वित्त आयोग निधि से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य विनोदित तिग्गा के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य नेकहा कि ग्रामीण जनता को मुख्य विकास योजनाओं से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। पथ निर्माण हो जाने से ग्रामीणों क़ो और स्कूल के छात्र-छात्राओं को आने जाने मे जो भी परेशानी होती थी, इस पथ के बन जाने से ग्रामीणों क़ो परेशानियो से राहत मिलेगी। आज हमने इस सड़क योजना का आधारशिला हमने रखा है जिसकी मांग लंबे समय से लोगों के द्वारा की जा रही थी। वही ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य का आभार प्रकट भी किया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अन्सारी, मुखिया प्रतिनिधि चमरा उरांव, उप मुखिया, गफार अन्सारी, पवन गोप, उमेश गोप, पंचायत समिति सदस्य यूनुस अन्सारी,ग्राम प्रधान, पहान, गौतम सिंह,अलोक कुमार, रामअवतार, समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।



## जनजागरण पदयात्रा बायोडटा संग्रह से जुड़े बेरोजगार युवा-युवतियां

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी जनजागरण कार्यक्रम आजाद बस्ती टाटीसिलवे की अध्यक्षता विनोद मुण्डा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड राज्य में आजसू पार्टी की 24 अगस्त से चल रहे भावी कार्यक्रमों के संदर्भ में राष्ट्रीय खेल दिवस,जनजागरण पदयात्रा,राज्य के बेरोजगार युवक एवं युवतियों की बायोडटा संग्रह आदि गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी 2024 के चुनाव में हेमंत सोरेन सरकार को सिक्स्थ देने को तैयार हैं। गूँगी बहरी,और झूठ एवं लूट की नींव पर बनीं सरकार को 2024 के चुनाव में उखाड़ फेंकने की जरूरत है। मौके पर केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,केन्द्रीय सदस्य उमेश कुमार महतो,रामदास महतो,कजरू मुण्डा,विनोद मुण्डा,अशिष मुण्डा आदि सैकड़ो चूल्हा प्रमुख उपस्थित थे।



# कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता : बंधु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** चामा पंचायत के चामा मैदान में कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष अनिल उरांव ने की। सम्मेलन में मुख्य रूप से पार्टी के बूथ स्तरीय इकाइयों को मजबूत करने पर चर्चा किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने अपने सम्बोधन में कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पूरे देश में मजबूत हुई है। झारखंड में कांग्रेस का जनाधार बढ़ा है। कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। इसी कार्यकर्ता के मेहनत के बदौलत विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री बनते हैं। बंधु ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव का समय बहुत कम रह गया है। कभी भी चुनाव की घोषणा हो सकती है, इसलिए सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। कहा कि घर-घर जाकर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धान्तो को बताने का काम करें। बंधु ने कहा कि भाजपा सिर्फ जात पात, हिन्दू मुस्लिम की राजनीतिक कर जनता को आपस में लड़वाने का काम करती है। जबकि कांग्रेस सिर्फ विकास की बात करती है। पिछले पांच साल में झारखंड में चहुमुखी विकास हुआ है। मंइयां योजना से लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। बेघर परिवारों को अबुआ आवास के तहत घर दिया जा रहा है। सम्मेलन में अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, माना उरांव, राजेन्द्र उरांव, अली हसन, रंथू उरांव, सुनीता उरांव, परमेश्वर लोहरा, प्रेम साहू, अजीत कच्छप, देवपाल उरांव, दीपक उरांव, रामदेव भगत, कार्तिक उरांव, बंधु उरांव, रेशमी उरांव, शुशीला मिंज, दीपक मुंडा, देवमनिया उरांव, नीलमणि उरांव, अभय समाड, हना मिंज सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।



## श्री कृष्ण जन्मोत्सव के छठी कार्यक्रम में शामिल हुए रोशन लाल चौधरी

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बिशुझापा कॉलोनी में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसु पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सह पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी शामिल हुए।आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया,साथ ही शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में धार्मिक भावना बढ़ती है।आज भी समाज के युवा वर्ग इस तरह के आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।उन्होंने इस तरह का आयोजन आगे भी जारी रखने की अपील की।इस अवसर पर आजसु पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह, भीम सिंह यादव,कमल सिंह, अनिल यादव,नागेश्वर राम, सुनील साव,कृष्ण प्रसाद, उमेश मेहता,शंभू गुप्ता, बिगन नोनिया,सागर कुमार, चरित्र राम,शिव राम,नागेंद्र कुमार,दयानंद कुमार, आलोक कुमार सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे ।

## बयाहुत कलवार जयसवाल समाज के चुनाव में सुरेश प्रसाद को निर्विरोध चुना गया



**खूंटी :** बयाहुत कलवार जायसवाल समाज का चुनाव प्रभारी सुबोध कुमार और कृष्णा भगत की देखरेख में 60 परिवारों के बीच में किया गया। अध्यच्छ सुरेश प्रसाद और उपाध्याच सूरजमल प्रसाद कोषाध्यक्ष प्रेम साहू सह कोषाध्या अजय भगत को निर्विरोध चुन लिया गया महामंत्री में दो सदस्यों ने नामांकन किया 1 बलराम कुमार 2श्रवण कुमार साहू जिनको आज हुए मतदान में 27 ,27 मत मिला टाई होने के कारण महामंत्री का चुनाव अगले रबिवर को सम्पन्न कराया जायेगा इस अवसर पर सुरेंद्र साहू , ओमप्रकाश , अशोक कुमार सुदेश भगत ,सुधीर भगत,पंकज साव,श्याम नारायण,भोला साव,नीतेश कुमार ,दिनेश कुमार,पंकज भगत,खुदेश्वर भगत सहित समाज के 54 सदस्य उपस्थित थे।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से श्रद्धालुओं का जत्था धार्मिक यात्रा पर हुआ रवाना

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा इलाके से श्रद्धालु भक्तो का जत्था धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुआ।जानकारी के अनुसार बचरा से श्रद्धालु भक्तों का जत्था बाब बैजनाथ धाम,बाबा बासुकीनाथ और जय मां तारा रानी बंगाल के दर्शन की यात्रा पर रवाना हुआ। धार्मिक यात्रा पर जाने से पूर्व सभी श्रद्धालु भक्तों ने बचरा चार नंबर चौक स्थित शिव मंदिर एवं बचरा एक नंबर स्थित काली मंदिर जाकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की और जयकारे के साथ यात्रा के लिए रवाना हुए।यात्रा मे शामिल श्रमिक प्रतिनिधि विद्यापति सिंह और विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि धार्मिक यात्रा के दौरान उक्त तीनो स्थलों मे विधिवत रूप से पूजा अर्चना की जाएगी एवं कोयलांचल क्षेत्र की सुख शांति व खुशहाली की कामना के लिए प्रार्थना की जाएगी।यात्रा मे जाने वालो मे राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के पिपरवार क्षेत्रिय सचिव विद्यापति सिंह, पिपरवार के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,नकुल प्रसाद,संजीव चौरसिया, संतोष यादव,उमेश यादव, विकास कुमार,बसंत गुप्ता, टिकेश्वर साव,राजेश सिंह, सुभाष साव,गुड्डू गंझु,रत्न कुमार,चंदन गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालु भक्तों का नाम शामिल है।

# डॉ. परमेश्वर भगत ने की विभिन्न महिला समूहों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड के मुडमा और सुरसा पंचायत के विभिन्न महिला समूहों के साथ समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किए। इन बैठकों में उन्होंने महिलाओं के समग्र विकास, शिक्षा, और स्वास्थ्य पर जोर दिया। डॉ. भगत ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदमों की समीक्षा की और उन्हें अधिक स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार के लिए सुझाव दिए गए। महिलाएं अपनी समस्याओं और सुझावों को खुलकर साझा करने में सक्षम रहीं।बैठकों का उद्देश्य गांवों में महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके जीवन स्तर को सुधारना है। मौके पर उज्जवल सखी मंडल फूलमानी कुजुर, अमन सखी मंडल लक्ष्मी टोप्पो, खुशी सखी मंडल उपेन उरांव, ज्योति सखी मंडल बसंती उरांव, फूल सखी मंडल सहित 30 महिला समूहों के सदस्य उपस्थित थे।



## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुल्हा प्रमुख की बैठक सम्पन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सिंगपुर स्कूल के समीप वार्ड सदस्य रिंकु देवी कि अध्यक्षता में चुल्हा प्रमुख कि एक आवश्यक बैठक रखी गई।इस बैठक में गांव के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।एवं आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया इस बैठक में गीता श्री देवी, क्रांति बाला देवी, पुष्पा देवी, सरिता देवी, राजेश प्रजापति, गोपाल लोहरा, सहदेव महतो,रसिदा खातुन,हुस्न बानो, अनिता कुमारी महतो, गीता देवी, पशुपति मुंडा,रीता देवी, समेत काफी संख्या में चूल्हा प्रमुख मौजूद थे।

## हिंडालको में जन्माष्टमी पूजा धूमधाम से मनाया गया



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडाल्को के दुर्गा पुजा पंडाल परिसर में जन्माष्टमी पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया।पूजा को लेकर कई दिनों तक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।एक से बढ़कर एक प्रतियोगिता आयोजित किया गया।खीर बनाना, रंगोली बनाना, नृत्य संगीत एवं और भी कई प्रकार के प्रतियोगिता प्रस्तुत किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। शनिवार को भगवान कृष्ण जी का छठ्यारी किया गया जिसमें सभी भक्तों के बीच खीर पुड़ी सब्जी का वितरण किया गया। साथ ही पंडाल परिसर में हवन कर भक्तों के बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया गया।एवं बड़े ही धुमधाम के साथ विसर्जन किया गया।इस मौके पर हिंडालको के कमिटी के लोग मौजूद थे।

## बड़ी जिम्मेवारी का ईमानदारी से निर्वाहन करें अंबा : रमेश

**गुमला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद को राष्ट्रीय सचिव बनाया है। इसे लेकर गुमला के कांग्रेसियों में खुशी है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने खड़गे का आभार जताते हुए बड़ी जिम्मेवारी के लिए अंबा को बधाई दी है। कहा है कि अंबा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के भरोसे पर खरा उतरते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की है। अंबा महिला है, शिक्षित है। वो क्षेत्र में लोकप्रिय भी है। चुंकि उनका परिवार माटी से जुड़ा हुआ है। ऐसे में अंबा के नेतृत्व को देखते हुए पार्टी ने उनपर विश्वास किया है। निश्चित इसका लाभ मिलेगा। साथ ही आमजनों की आवाज राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष अंबा बेबाकी से रख सकेगी।

## बचरा क्षेत्रिय अस्पताल मे टीकाकरण शिविर आज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रिय अस्पताल में सोमवार दो सितम्बर को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड सरकार के द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिसमे व्यस्क बीसीजी प्रतिरक्षा अभियान व राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीका लगाया जाएगा।यह जानकारी बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने दी है।उन्होंने बताया कि शिविर मे तीन वर्ष पूर्व तक के टीबी रोगी के सम्पर्क मे रहने वाले व्यक्ति,पांच वर्ष पूर्व तक के टीबी रोग का इलाज ले चुके हुए व्यक्ति, धुम्रपान करने वाले व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति,मधुमेह से ग्रसित व्यक्ति एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी लोगो को टीका दिया जाएगा।उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से शिविर में शामिल होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## टाटा एआईए द्वारा संपूर्ण रक्षा वादा पेश किया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हममें से ज़्यादातर लोगों के लिए परिवार सबसे पहले आता है। जब हम उनके बीच होते हैं, तो उन्हें खुश रखने के लिए हम हर संभव कोशिश करते हैं। इतना ही नहीं, हम ऐसी संपत्ति बनाने की दिशा में काम करते हैं जो हमारी अनुपस्थिति में उन्हें सम्मान के साथ जीने में मदद कर सके। एक समाधान के रूप में टर्न इंश्योरेंस यहाँ प्रासंगिक हो जाता है, क्योंकि यह कमाने वाले की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में प्रियजनों को वित्तीय रूप से सुरक्षित करने की इस बुनियादी मानवीय ज़रूरत को पूरा करता है। हालाँकि, टर्म इंश्योरेंस सिर्फ़ वित्तीय सुरक्षा समाधान से कहीं ज़्यादा हो सकता है।

# राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय में जस्टिस एसबी सिन्हा स्मृति व्याख्यान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (ह्स्रू) ने जस्टिस एसबी सिन्हा की स्मृति में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय ÷केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य÷ था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय ने जस्टिस एसबी सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ औपचारिक शुरुआत की गई। कुलपति डॉ. अशोक आर पाटिल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और जस्टिस एसबी सिन्हा के योगदान को याद करने का अवसर बताया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने अपने व्याख्यान में जस्टिस एसबी सिन्हा के न्यायिक योगदान को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जस्टिस सिन्हा ने कानून के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके फैसले 2000 से 2009 तक के लॉ जर्नल्स में प्रमुख स्थान पर थे। न्यायमूर्ति गवई ने जस्टिस सिन्हा की कार्यशैली की तारीफ की, उन्हें अत्यंत मेहनती और समर्पित बताते हुए कहा कि वे कई स्टेनोग्राफरों से काम लेते हुए कई महत्वपूर्ण फैसले लिखवाते थे और सेवानिवृत्ति के बाद भी सक्रिय रहे।



# आजसू पार्टी का बैठक संपन्न



**गुमला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को आजसू पार्टी गुमला विधानसभा का बैठक किया गया बैठक का स्थान सर्किट हाउस गुमला में हुआ बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष श्री दिलीप नाथ साहू ने किया बैठक में आगामी दिनांक 4, 9, 2024 दिन बुधवार को गुमला विधानसभा का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन का आयोजन होना है स्थान स्वर्णरेखा बेंकेट हॉल बाईपास रोड गुमला में होगा उसके विषय में मुख्य रूप से चर्चा की गई बैठक में पूरे विधानसभा से 5 000 चूल्हा प्रमुखों की उपस्थित होने पर सहमति जताई गई गुमला विधानसभा के सभी प्रखंड एवं नगर से सभी चूल्हा प्रमुख उपस्थित होंगे चूल्हा प्रमुखों को संबोधन करने एवं शपथ दिलाने के लिए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सरकार श्री सुदेश कुमार महतो जी उपस्थित होंगे साथ ही पार्टी के अन्य केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित होकर सभा को संबोधित करेंगे आज की बैठक में सभी को प्रोग्राम सफल बनाने के लिए कार्य का बंटवारा किया गया और सभी को आग्रह किया गया की समय पर सभी अपना-अपना दायित्व का निर्वाह निस्वार्थ एवं ईमानदारी से कर प्रोग्राम को सफल बनाएंगे प्रोग्राम में सभी कोई जितने भी चूल्हा प्रमुख हैं उन्हें युक्त स्थान पर लाकर प्रोग्राम को सफल बनाने में सहमति जताई गई है साथ ही आग्रह की है कि जिले के तमाम पदाधिकारी सभी प्रखंड के पदाधिकारी को आना अति आवश्यक है ।

# ट्रस्ट करेगा सरकारी स्कूलों के शिक्षको को सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को हयुमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता देवेंद्र राम और संचालन जाहिद अली ने किया।बैठक में ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।साथ ही बेरोजगारी व नशाखोरी जैसी गंभीर समस्या को दूर करने के लिए ट्रस्ट के द्वारा सकारात्मक पहल करने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से वंचित लोगों की मदद कर योजना का लाभ दिलाने,बीमार एवं लाचार लोगों की मदद करने सहित अन्य बातों पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली ने कहा कि पिछले कई वर्षो से ट्रस्ट के द्वारा कई सामाजिक एवं जन कल्याणकारी कार्य के लिए लोगो को सहयोग किया जा रहे हैं,जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है।ट्रस्ट के द्वारा पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित गांव का दौरा कर सर्वे भी किया गया,जिसमें गंभीर रूप से बीमार लोगों को इलाज में मदद करने के लिए सहयोग व सरकारी सहायाता प्रदान की गई।बैठक में सर्वसम्मति से आगामी पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर ट्रस्ट के द्वारा क्षेत्र के सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।बैठक मे ट्रस्ट को मजबूत बनाने सहित अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से देवेंद्र राम, जाहिद अली,मोहम्मद वसीम, अजीत राम,दिनेश राम,अब्दुल मजीद,शिव शंकर गंझु,अमित राम सहित ट्रस्ट से जुड़े सभी लोग एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।



# खलारी पियारटांड के रामजीत के लिए हाथियों ने लाई तबाही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड के चूरी दक्षिणी पंचायत अंतर्गत पियारटांड़ निवासी रामजीत मुंडा के लिए शुक्रवार रात हाथियों का झुंड तबाही लेकर आया। शुक्रवार शाम को ही हाथियों का झुंड पियारटांड़ गांव में घुस आया था। हाथियों की संख्या 24 बताई जा रही है। गांव वाले एकजुट होकर हाथियों को भगाने का प्रयास कर रहे, परंतु हाथी पूरी रात अपनी मनमानी कर सुबह गांव से आगे बढ़ गए। हाथियों ने ग्रामीण रामजीत मुंडा के घर पर धावा बोल दिया। घर के चार कमरों सहित घर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों ने उन्हीं कमरों को निशाना बनाया जहां चावल, धान रखे थे। एक कमरे में रखे 15 बोरा चावल में से 10 बोरा चावल खा गए। परिवार के लोग ग्रामीणों की सहायता से किसी तरह पांच बोरा चावल बचा सके। एक कमरे में रखा धान खा गए और आसपास बिखेर भी दिया। इसके अलावा दाल, आटा भी खा गए। घर में रखे अल्युमिनियम के बर्तनों को रौंद दिया। घर के निकट खेत में लगी मकई, मडुआ, भिंडी व बदाम का फसल को पूरी तरह रौंद डाला। गांव के ही बासुदेव महतो के मकई का फसल को भी नष्ट कर दिया। रामजीत ने दस बकरी पाल रखा है। हाथियों से बचाने के लिए बकरियों की रस्सी खोल कर उन्हें जंगल की ओर भगा दिया। शनिवार दोपहर में बकरियां वापस मिली। इधर बगल के ही चामा पंचायत के जोबरो गांव में हाथियों ने पांच लोगों का घर तोड़ दिया।

### पीड़ित परिवार से मिली जिप सदस्य व मजदूर नेता अब्दुल्ला



खलारी पूर्वी की जिप सदस्य शाल्या परवीन व मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी पियारटांड़ के पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने परिवार को पांच हजार रूपए नगद दिए और आगे भी हर संभव सहायता का भरोसा दिया। दोनो ने खलारी बीडीओ से पीड़ित परिवार को तत्काल राशन देने कहा है।

### चोरी हो गई बेटे की कमायी

अचानक आई इस आपदा ने रामजीत मुंडा को कहीं का नहीं छोड़ा. मकान, अनाज, फसल बर्बाद हुआ ही बेटे के मेहनत की कमाया 80 हजार रूपया भी चोरी हो गया। रामजीत मुंडा का बेटा राजेन्द्र मुंडा हैदराबाद से कमाकर लौटा था। पैसा उसके बैग में रखा हुआ था। रात में काफी संख्या में ग्रामीण वहां जुटे थे। हाथियों के जाने के बाद बैग मिला परंतु उसमें रखे 80 हजार रूपए गायब थे। रामजीत ने लोगों से गुहार लगाया है कि यदि किन्हीं को पैसे मिले हों तो वे दे दें। वहीं उसने सरकार से क्षतिपूर्ति मुआवजा की मांग की है।

### तत्काल मुआवजा के लिए पहल

भाजपा नेता कमलेश राम शनिवार को पियारटांड़ में हुए ग्रामीणों के क्षति का जायजा लेने पहुंचे। हाथियों का उत्पात देखने के बाद उपायुक्त, वन अधिकारी, अंचल अधिकारी खलारी से बात किए और सरकारी प्राविधान के तहत तत्काल मुआवजा देने का आग्रह किया। कहा कि भाजपा जनता के साथ खड़ी है। पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस मौके पर राजू गुप्ता, वीरेंद्र मुंडा, सुनील मुंडा, मुखिया मलका मुंडा, दीपक दास, पंचम उरांव, बालकिशुन मुंडा, प्रदीप मुंडा, परमेश्वर मुंडा, लालू महतो, दिलीप मुंडा, राजेंद्र मुंडा, अजय मुंडा आदि उपस्थित थे।

# तुमांग पंचायत में लगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल एनके एरिया सीएसआर के तहत सेंट्रल अस्पताल डकरा के द्वारा तुमांग पंचायत सचिवालय भवन में शुक्रवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ.सत्यदीप कुमार द्वारा ग्रामीणों की जांच की गई। साथ ही सभी मरीजों को फ्री दवा दी गई। डॉ ने ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव को लेकर आवश्यक परामर्श दिए। शिविर में सर्दी, खांसी, वाइरल बुखार सहित मौसम जनित बीमारियों के मरीज आए थे। शिविर को सफल बनाने में मुखिया संतोष कुमार महली, संजय राम, मनोज साहू, फार्मासिस्ट गोपीनाथ एवं प्रेम कुमार प्रजापति का सराहनीय योगदान रहा।



## सविमं करकट्टा के सेवानिवृत्ति शिक्षक को दी गई विदाई



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्ति शिक्षक आचार्य सियाराम सिंह को विदाई दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सियाराम सिंह ने सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन कर किया। मौके पर बताया गया कि सियाराम सिंह विद्यालय में 1990 से संगीत शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। साथ ही कार्यालय के प्रमुख लिपिकों का कार्य भी किया करते थे। वे नाल (ढोलक) और तबला का अच्छा वादक थे। वे पूरे खलारी क्षेत्र में आयोजित होने वाले समाज के सभी धार्मिक कार्य में सदैव उपस्थित रहते थे। मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपना-अपना विचार व्यक्त कर उन्हें मदुभाषी व सरल बताया। पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि इनके बिना विद्यालय का वंदन और विद्यालय का मुख्य त्योहार स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस का सांस्कृतिक कार्यक्रम अधूरा रहेगा। आचार्या पूनम पाठक ने कहा कि विद्यालय से सियाराम सिंह के जाने से विद्यालय को अपूरणीय क्षति होगा लेकिन प्रकृति के नियमों को तोड़ना भी संभव नहीं है। कार्यक्रम में चंद्रभूषण सिंह, अजय कुमार पाठक सम्मान पत्र वचन प्रस्तुत किए। उपाध्यक्ष महेंद्र यादव व सचिव संजीव रंजन सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए। शिवानी, देविका, राधा, श्वेता, रेखा, निशांत द्वारा उपहार प्रदान किया गया। सियाराम सिंह ने सहयोगियों के आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी की नियुक्ति होती है तो उसका सेवानिवृत्त भी होगी। अंत में प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने धन्यवाद देते हुए सियाराम सिंह के आगे के सुखमय व स्वस्थ जीवन की कामना किए। इस मौके पर संजीव कुमार सिंह, वसंती कुमारी, नूतन सिंह, प्रिया कुमारी, रीमा कुमारी, सूरज कुमार, दिलीप शर्मा कुमार, विनीत कुमार, गोटी शंकर कामिला, गोविंद कुमार चौहान, राघवेंद्रजी, विनोद कुमार, उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विधायक ने किया खुंटपानी के परलोंग में किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खुंटपानी प्रखंड क्षेत्र के परलोंग गांव में रविवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने 63 केवी के नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों की सूचना पर विधायक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग से संपर्क कर 63 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली रहने से बच्चों के पठन-पाठन के अलावे किसी प्रकार के भयभीत होने का चिंता नहीं रहती है। इस दौरान मुख्य रूप से डींबु तियु, सकारी दोंगो, अशोक मुडरी, दिनेश हाईबुरु, दुंबी हाईबुरु व विजय लियांगी आदि उपस्थित थे।

## जुगसलाई दादी मंदिर में भादी मावस उत्सव आज

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में भादी मावस उत्सव धार्मिक कार्यक्रम सोमवार को आयोजित होगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सोमवार को प्रातः 5.30 बजे मंदिर का पट खुलेगा और प्रातः 6.30 बजे आरती होने के बाद दिन भर पूजा एवं जात का कार्यक्रम चलता रहेगा। संध्या आरती 6.20 पर होगी। रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का आयोजन होगा।

## आज मनोहरपुर की सभी दुकानें रहेगी बंद

**चक्रधरपुर/ मनोहरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मनोहरपुर के संत नरसिंह आश्रम में मनोहरपुर के स्थानीय दुकानदारों व ग्रामीणों ने एक बैठक करते हुए बांग्लादेश में मंदिरों व हिंदुओं पर हो रही अत्याचार की घोर निंदा की गई। बांग्लादेश की घटना को लेकर आगामी 2 सितंबर, सोमवार को स्थानीय दुकानदारों ने प्रतीकात्मक बंद करने का आह्वान किया है। इस दौरान बैठक में विहिप अध्यक्ष आशीष राय, किशोर डागा, स्वरूप पति, महेश महांती, उमेश रवानी, सुनिल गोराई, हेमंत सांडिल व प्रदीप मिश्रा आदि मौजूद थे।

## कुचाई के मुंडा मानकी भवन में बैठक कल, अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई के मुंडा-मानकी भवन में 3 सितंबर को एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक की जानकारी देते हुए निदेशक मानसिंह मुंडा ने कहा कि माननीय झारखंड उच्च न्यायालय, रांची में 29 जुलाई 2024 को संसदीय अधिनियम पंचायतों के उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम,1996 के प्रावधानों को अनुसूचित क्षेत्रों में दो महीने में नियमावली बनाकर लागू करने हेतु, झारखंड सरकार को आदेश दिया है कि संवैधानिक सुझाव लेने के लिए बैठक बुलाया गया है। बैठक में कोल्हान के अन्य जिला के सामाजिक प्रतिनिधि भी इस विचार-विमर्श कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही उक्त बैठक में मुंडा मानकी, सामाजिक प्रतिनिधिगण और बुद्धिजीवीगण का उपस्थित होना अनिवार्य है।

## गुआ शहीद दिवस को लेकर झामुमो की बैठक संपन्न



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 8 सितंबर गुआ शहीद दिवस को लेकर गुआ डीबी गेस्ट हॉउस में जिलाध्यक्ष सह विधायक सुखराम उरांव की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव ने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि शहीद दिवस में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्रीगण, सांसद व विधायकगणों के आलावा हजारों झामुमो कार्यकर्ता शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बैठक में शहीद दिवस को सफल बनाने के लिए विधानसभा स्तरीय संचालन समिति और जिला स्तरीय संचालन समिति का भी गठन किया गया। बैठक में झामुमो जिला सचिव सोनाराम देवगम, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, जिला उपाध्यक्ष राहुल आदित्य, प्रेम गुप्ता, इज़हार राही, नोवामुंडी प्रखंड अध्यक्ष चूमन लाल लागुरी, सचिव मनोज लागुरी, रिमू बहादुर, अलोक अजय टोप्पो, बृंदाबन गोप, बामिया माझी व मो. तबारक सहित काफी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## कूडूख विकास परिषद की प्रखंड कमेटी गठित



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ प्रखंड के डुमटांड़ हाट मैदान में रविवार को कूडूख विकास परिषद का चांडिल अनुमंडल अध्यक्ष अभिराम उरांव की अध्यक्षता में ईचागढ़ प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से प्रखंड इकाई में गुरू प्रसाद उरांव को अध्यक्ष, राम प्रसाद उरांव को उपाध्यक्ष, दिनेश उरांव को सचिव, नकुल चन्द्र उरांव को कोषाध्यक्ष, कनिल उरांव को सह कोषाध्यक्ष, मिशिर लाल उरांव को संगठन सचिव, प्रबोध चन्द्र उरांव को संरक्षक व बंदी नाथ उरांव को प्रवक्ता बनाया गया। नव चयनित प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व शिक्षक गुरू प्रसाद उरांव ने कहा कि कूडूख विकास परिषद द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई, उसे कर्तव्य निष्ठा के साथ समाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर अनुमंडल सचिव धरम सिंह उरांव, कोषाध्यक्ष राजन उरांव, लाल मोहन उरांव, दिनेश उरांव, कमला कांत, राम प्रसाद, कालीपद उरांव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सुखराम हेम्ब्रम के कार्यों से प्रभावित कई लोगों ने स्वच्छ चांडिल स्वस्थ्य चांडिल में हुए शामिल



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चांडिल स्थित एक सभागार में रविवार को स्वच्छ चांडिल, स्वस्थ्य चांडिल के बैनर तले सामाजिक संस्था के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। संस्था के संस्थापक सुखराम हेम्ब्रम के सामाजिक कार्य से प्रभावित होकर भाजपा व आजसू पार्टी एवं अन्य दलों के लोगों ने सामाजिक संस्था स्वच्छ चांडिल व स्वच्छ चांडिल का दामन थामकर सामाजिक कार्य अभियान को जारी रखने का संकल्प लिया।

## सरायकेला में झामुमो के संगठन को सशक्त बनाने का जिम्मा दशरथ गागराई ने उठाया



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी के नेता डैमेज कंट्रोल में जुट गये है। सरायकेला में संगठन को सशक्त बनाने का जिम्मा विधायक दशरथ गगराई ने उठाया है। लगातार कार्यकर्ताओं में जोश भर कर विधानसभा चुनाव में फिर एक बार अपने दल को जिताने की कवायद में जुट गए है। इसी कड़ी में रविवार को सरायकेला विस क्षेत्र से करीब सौ की संख्या में जमीनी स्तर के कार्यकर्ता खरसावां विधायक के कार्यालय में जुटे। विधायक के साथ बंद कमरे में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्य रुप से पार्टी के वरीय नेता कृष्णा बास्के, राजेश भगत, माधो टुडू, करमु टुडू, बरगा हांसदा, गौतम महतो, पातको टुडू, दुर्गा सिंह सरदार, अशोक महतो, इंद्रो मुर्मू, कृपाल हांसदा, पूर्व मुखिया विरेंद्र केराय, संजय होनहागा, अक्षय मंडल, बुधराम कुरली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बालिगुमा में मंत्री रामदास सोरेन का हुआ भव्य स्वागत, बोले

# समय काफ़ी कम है, विभागों के कार्यों में लाएंगे तेज़ी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंत्री रामदास सोरेन ने रविवार को कहा कि उनके पास समय काफ़ी कम है और जिम्मेवारी ज्यादा है, जिस कारण वे अपने विभागों के कार्यो मे तेज़ी लाएंगे। साथ ही कहा कि जो योजनाएं पूर्व से चल रही हैं उनपर भी वे विशेष ध्यान देंगे। सोरेन ने कहा कि कल राजधानी रांची में उनके विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे ताकि जो भी योजना रुकी हुई हैं उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। इससे पूर्व घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह राज्य के मंत्री रामदास सोरेन का स्वागत जिला परिषद सदस्य प्रभावती दत्ता व पूर्व जिला परिषद सदस्य पिंटू दत्ता ने स्वागत किया। बालीगुमा में यह स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जहां आस पास के तमाम ग्रामीण एवं उनके जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने अपने मंत्री का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य सह झामुमो के जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता ने कहा कि चंपाई सोरेन के जाने से झामुमो को कोई फर्क नहीं पड़ेगा, झामुमो एक बार फिर विधानसभा चुनाव में अपना परचम लहराएगी। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, राजू गिरी, कालीपद गोराई, अर्जुन सोरेन, मगंल मुर्मू, काजल दत्ता, हरिपद सिंह, चिका सिंह, नगेन सोरेन, इंद्रजीत किस्कू, गालूराम, बुद्धेश्वर मुर्मू, हाराधन मुर्मू, बुद्धेश्वर कुंडू, गंगाराम सोरेन, राजीव, शंभू, रवि दत्ता, संदीप लाहा, विपिन मुर्मू समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से प्रेरित होकर सैकड़ो महिलाएं जेएमएम में हुईं शामिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा संपर्क कार्यालय में रविवार को सैकड़ों महिलाओं ने सपना सोने के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव मोहन कर्मकार, शेख बदरुद्दीन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रावती महतो के अलावा पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। जहां सभी ने नए मेहमानों का स्वागत फूलों से किया। पत्रकारों से बात करते हुए मोहन कर्मकार एवं चंद्रावती महतो ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ पूरे राज्य में लाखों महिलाओं को मिल रहा है जहां महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही हैं। इसी से प्रेरित होकर पूरे राज्य में महिलाएं झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो रही हैं। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होने वाली सपना सोने का कहना है कि वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार में महिलाओं को सम्मान मिल रहा है जो हम लोगों के लिए फक्र की बात है। आने वाले दिनों में हजारों महिलाओं को पार्टी में शामिल करवाएंगे।

## टैलेंट सर्च एकाडेमी का मेधा खोज परीक्षा आयोजित, टॉप टेन विद्यार्थी किए गए पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** रविवार को बोड़ाम प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर में टैलेंट सर्च एकेडमी द्वारा पीएमश्री नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, नेतारहाट और इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु मेधा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस खोज परीक्षा में पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न मध्य विद्यालय और प्राथमिक विद्यालयों से कक्षा 5वीं के कुल 105 बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा में टॉप 10 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनेवाले 5 व्यक्तियों को टैलेंट सर्च एकेडमी की ओर से सम्मानित किया गया। एकेडमी की ओर से सभी बच्चों को अगले रविवार से सप्ताह में एक दिन निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इसमें मुख्य रूप में एकेडमी के अध्यक्ष हराधन महतो, सचिव विनोद स्वांसी, समाजसेवी डॉ. तरुण कुमार महतो, विनय महतो, प्रो. बुद्धेश्वर महतो, कल्याण कुमार गोराई, रोहिन कर्मकार, प्रबोध महतो, बहादुर सहिस, अजीत महतो, कोचिंग सेंटर के शिक्षक उदय गोप, उमेश मार्डी, उत्तम गोप और सभी बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## झामुमो का चांडिल प्रखंड में बूथ व कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के बिरीगोड़ा स्थित एक रिसोर्ट में रविवार को झामुमो का प्रखंड स्तरीय बूथ व कार्यकर्ता सम्मेलन प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बतौर मुख्य अतिथि ईचागढ की विधायक सविता महतो व विशिष्ट अतिथि के रुप में झामुमो के जिलाध्यक्ष डॉ. शुभेन्दु महतो व झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कू उपस्थित थे। मौके पर विधायक सविता महतो ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और प्रचार-प्रसार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्ष हेमंत सोरेन सरकार की विकास कि गति को देखकर घबरा गई है और उन्हें झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजने का काम किया जो राज्य की जनता देख रही है और इसका जवाब आने वाले चुनाव में देगी। मौके पर झामुमो नेता पप्पू वर्मा, काबलु महतो, ओमप्रकाश लायेक, बेटी स्नेहा महतो, सुधीर किस्कू, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुइयां, सचिव पशुपति महतो, राजु टुडू, धरमु गोप, सुदामा हेम्ब्रम, मो. नौशाद, मो. अरशद, जमशेद आलम, मोहन कर्मकार, बुद्धेश्वर महतो, अरूण टुडू, राजू किस्कू, दीनबंधु महतो, राहुल वर्मा, मेहताब आलम, सोमाय टुडू, सुमित टुडू, पशुपति बागची आदि मौजूद थे।

## कुड़मी सेना ने करम महोत्सव में प्रधानमंत्री मोदी को किया आमंत्रित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित शहर आगमन को देखते हुए सामाजिक संगठन कुड़मी सेना के चेयरमैन शैलेन्द्र महतो ने उसी दिन संगठन द्वारा बिस्टुपुर गोपाल मैदान में ही आयोजित होनेवाले करम महोत्सव में बतौर अतिथि शामिल होने का अनुरोध किया है। इस संबंध में शैलेंद्र ने जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, भारतीय जनता पार्टी के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा को उनके कार्यालय में पत्र सौंपा। साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय को ई मेल भेजा। पत्र में उन्होंने आग्रह किया है कि करम महोत्सव कुड़मी समाज का सांस्कृतिक धरोहर है। उक्त आयोजन गोपाल मैदान में प्रस्तावित है, जिसमें कई सांस्कृतिक आयोजन होंगे। अगर प्रधानमंत्री जी इस आयोजन में शामिल होंगे, समाज का भी मान बढ़ेगा। उक्त पत्र की प्रतिलिपि सांसद विद्युत वरण महतो सहित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व झारखंड प्रभारी को भी भेज दी गयी है। भाजपा महानगर कार्यालय में पत्र सौंपने के दौरान शैलेन्द्र महतो के साथ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बिशाल महतो, संजय महतो, बिरेन महतो, गौरंगो महतो, विष्णु देव महतो, प्रबीर महतो, जगत्पति महतो, अनित महतो, बिजय महतो, पीडी महतो, प्रशांत महतो, अजय महतो, किशोर महतो व सुनील महतो आदि मौजूद थे।

## जेसीआई जमशेदपुर पहचान के शिविर में 177 जरुरतमंद विकलांग हुए लाभान्वित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था 'जेसीआई जमशेदपुर पहचान' की ओर से बिष्टुपुर तुलसी भवन में तीन दिनों तक आयोजित हुए निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 'नवजीवन' में कुल 177 जरुरतमंद विकलांग लाभान्वित हुए। जिसमें 89 कैलिपर्स, 40 कान की मशीन, 25 व्हील चेयर व 23 बैशाखी प्रदान किये गये। स्व. मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित हुए इस निःशुल्क शिविर में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और तुलसी भवन प्रबंधन का भी पूरा सहयोग जेसीआई संस्था को मिला। मौके पर अतिथियों के रुप में नवीन सेठ, गया प्रसाद चौधरी, शंकर सिंघल, डा. डीपी शुक्ला, गोपाल चौधरी, एके श्रीवास्तव, अरुण तिवारी, देवेश नागोरी आदि शामिल थे। शिविर को सफल बनाने में प्रमुख रूप से संस्था की अध्यक्ष बीणा देबुका, सचिव मोनिका बाकरेवाल, संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत, किरण अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, सुजिता अग्रवाल, कृतिका गोयल, प्रीति बुधिया, संगीता गुप्ता, स्वाति अग्रवाल, पूजा मोदी, रिंकू अग्रवाल, चांदनी अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, रिया अग्रवाल, अनीशा केवलका आदि का योगदान रहा।

## जीवन ने मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए रचनात्मक प्रतियोगिताओं का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जीवन आत्महत्या रोकथाम केंद्र ने रविवार को खुटाडीह के आरएमएस हाई स्कूल ऑडिटोरियम में इंटर-स्कूल और इंटर-कॉलेज प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला का आयोजन किया। इस आयोजन में 17 स्कूलों और 4 कॉलेजों के 200 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, और टी-शर्ट पेंटिंग की तीन श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का विषय आत्महत्या पर नई सोच ङ्क बातचीत की शुरुआत करें था, जिसका उद्देश्य युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित करना और इससे जुड़े कलंक को दूर करना था। इसमें 15 टीमों ने भाग लिया और गीता दुबे, निजाम व गौतम गोपे ने इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया। टी-शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का मुख्य विषय मानसिक स्वास्थ्य का महत्व था। इस प्रतियोगिता में 51 छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के जज जैस्मिन अदेशरा, हरप्रीत मारवाह, और मोक्षिता थे। वाद-विवाद प्रतियोगिता, जो हिंदी और अंग्रेजी दोनों में आयोजित की गई थी, ने 48 छात्रों को शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा की प्रभावशीलता विषय पर अपने विचार व्यक्त करने का एक मंच प्रदान किया। जज शमिता आहूजा, वंदना जैन और अनुराधा बनर्जी थे। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं को विशेष पुरस्कार 10 सितंबर को जीवन द्वारा आयोजित एक शाम के कार्यक्रम के दौरान वितरित किए जाएंगे।

## राज्यपाल का ग्रामीणों से जनसंवाद कार्यक्रम ईचागढ़ में आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के रूगड़ी गांव में ग्रामीणों से जनसंवाद को लेकर झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का सोमवार को पदार्पण होगा। रूगड़ी हाट मैदान में तैयारी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो व थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे द्वारा स्थल का जायजा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के राज्यपाल सड़क रास्ते पर ईचागढ़ के रूगड़ी हाट तोला पहुंचेंगे। सुबह करीब 10.30 बजे रूगड़ी पहुंचने की सूचना है। बताया जा रहा है कि राज्यपाल ग्रामीणों से संवाद करेंगे और ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू होंगे। वहीं राज्यपाल रूगड़ी से जमशेदपुर के हुरलुंग और चाईबासा के पुइतिदा के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल का एक दिवसीय दौरा को लेकर प्रशासन भी तैयारी में जुट गया है। बताया जा रहा है कि राज्यपाल के आगमन पर चप्पे चप्पे पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रहेंगे।

## बुद्धिजीवी मंच के निदेशक ने दी जरूरतमंदों की मदद का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बुद्धिजीवी मंच पटमदा ट्रस्ट की एक आकस्मिक बैठक रविवार को बेलटांड़ स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान मंच के निदेशक जितेंद्र नाथ महतो ने कहा कि हमें अपने व्यक्तिगत कामों के साथ- साथ समाज के वैसे लोगों के लिए भी काम करना चाहिए जो जरूरतमंद हैं। खासकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज भी इस क्षेत्र के लोग जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं इसलिए शिक्षा के साथ -साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लोगों की मदद करने के लिए सक्रियता दिखाने की जरूरत है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंच के अध्यक्ष गोपाल कुमार ने कहा कि बहुत जल्द एक निशुल्क परामर्श केंद्र खोला जाएगा जिससे लोगों की मदद की जा सके। बैठक में मुख्य रूप से मंच के उपाध्यक्ष मदन महतो, सचिव कल्याण कुमार गोराई, हिमांशु कुंभकार, देवनाथ दास व सुजीत महतो आदि मौजूद थे।

## सोनारी में दही हंडी फोड़ कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा नेता राजकुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

जमशेदपुर : जन्माष्टमी मेला के उपलक्ष्य में रविवार को सोनारी के नेहरू मैदान में नेहरू संघ विकास समिति सोनारी द्वारा आयोजित दही हंडी फोड़ कार्यक्रम में भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान राजकुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार मित्रता सबसे बड़ा रिश्ता है, जिसे पूरे मन से निभाना चाहिए। मित्र, सखा चाहे वह गरीब हो, पुरुष हो या स्त्री, उनका हमेशा सम्मान करना चाहिए और समय पर मदद भी करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने यह भी कहा है कि गलत का साथ देने वाला भी गलत होता है इसलिए हमें कभी भी किसी गलत का साथ नहीं देना चाहिए। इस दौरान कमेटी के युवाओं ने शाम 7 बजे दही हंडी फोड़कर उत्सव मनाया। इससे पूर्व दोपहर को बच्चों के बीच आयोजित चित्रांकन, म्यूजिकल चेयर व बम ब्लास्ट के सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि राजकुमार सिंह ने पुरस्कृत किया। मौके पर कमेटी के योगेश कुमार, गौरव वर्मा, राज पटेल, जितेंद्र कुमार, रूपेश कुमार, सूरज वर्मा, विशाल दास, सन्नी ठाकुर, अमन साहू, प्रकाश कुमार, अविनाश साहू, मोहित रजक, आकाश निषाद व महावीर साहू आदि मौजूद थे।

## लुआबासा में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, भाजपा नेता विमल बैठा हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बस्ती विकास समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। अंतिम दिन रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता विमल बैठा व विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय सोय शामिल हुए। टूर्नामेंट में विभिन्न क्षेत्रों से 16 टीमों ने हिस्सा लिया। भाजपा नेता विमल बैठा ने कहा कि जुगसलाई विधानसभा जैसे ग्रामीण क्षेत्र से निकल कर अपनी मेहनत और लगन से खिलाड़ी समीर मुर्मू टीएफए जैसे बड़ी टीम का हिस्सा बनकर अपना भविष्य का निर्माण कर रहें हैं। इस दौरान विजेता टीम नामांल टाइगर मनफीटा को 30 हजार व उप विजेता लवर बॉय लुआबासा को 20 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर भाजपा नेता गुणाधर गोप, बुधु कर्मकार, कांग्रेस महतो, रंगलाल महतो, युगांतर महतो, वार्ड सदस्य निश्चित महतो, चिंटू महतो, संजय महतो, बापी महतो आदि मौजूद थे।

संपादकीय

## आरक्षण पर 'भारत बंद'

**आरक्षण** पर 'भारत बंद' का आह्वान... ! सफल रहा या बेअसर साबित हुआ, यह अलग मुद्दा है, लेकिन दलित-आदिवासी संगठनों ने 'भारत बंद' का आह्वान क्यों किया? यह आश्चर्यजनक लगा। क्या ऐसी नकारात्मक और विध्वंसक राजनीति भी बाबा अंबेडकर की देन है? क्या सर्वोच्च अदालत की 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का भी सामूहिक, सड़किया विरोध करना अंबेडकर की सीख है? क्या बाबा के संविधान के अनुच्छेद 16 (4) में यह उल्लेख नहीं है कि आरक्षण का उप वर्गीकरण किया जा सकता है? क्या संविधान पीठ ने विभिन्न अनुच्छेदों का हवाला देते हुए यह स्पष्ट नहीं किया है कि कोटे के भीतर कोटे की व्यवस्था भी संवैधानिक है? क्या प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के परिसर में सांसदों के एक समूह को सार्वजनिक तौर पर आश्वस्त नहीं किया था कि आरक्षण में उप वर्गीकरण के न्यायिक फैसले को स्वीकार नहीं किया जाएगा? संविधान पीठ के फैसले का किसी सरकार द्वारा ऐसा विरोध भी आश्चर्यजनक है। अलबत्ता संसद के पास ऐसी संवैधानिक शक्तियां हैं कि वह संविधान पीठ के फैसले को खारिज कर सकती है। दलित और आदिवासी संगठनों को क्या आशंका थी कि उन्होंने 'भारत बंद' का आह्वान किया और देश के कुछ हिस्सों में अराजकता फैलाई। उनका आरक्षण सुनिश्चित है। संविधान पीठ ने जिस क्रीमीलेयर की बात कही थी, प्रधानमंत्री ने फिलहाल उसे भी अस्वीकार कर दिया है। दलित और आदिवासियों को सुनिश्चित कौन कर सकता है? क्या कांग्रेस, सपा, राजद, बसपा सरीखी राजनीतिक पार्टियां दलितों और आदिवासियों को बुनियादी तौर पर विश्वास दिला सकती हैं? बहरहाल नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की सुविधाएं मिल रही हैं। यह उनका मौलिक अधिकार-सा बन गया है। यह दीगर है कि भारत सरकार के कुछ शीर्ष और उच्च पदों पर उनकी भागीदारी 4 फीसदी और 4.5 फीसदी है। यह परंपरागत विसंगतियों का ही नतीजा है। 2014 में भारतीय सत्ता में बड़ा परिवर्तन हुआ था और प्रधानमंत्री मोदी की सरकार शासन में आई थी। सत्ता के 10 सालों में आरक्षण-विरोधी अथवा दलित, आदिवासी-विरोधी एक भी निर्णय सरकार ने नहीं लिया। पहली बार देश के राष्ट्रपति पद पर आदिवासी महिला को आसीन कराया गया। अभी 45 उच्च पदों पर जो सीधी नियुक्तियां की जानी थी, उस फैसले को भी वापस ले लिया गया। विपक्ष कुछ भी व्याख्या करता रहे। बेशक भाजपा की तुलना 'विषैले सांप' से करता रहे। सवाल है कि दलित, आदिवासी संगठनों को कोई ठोस शिकायत है अथवा वे राजनीतिक नेरेटिव से संचालित किए जा रहे हैं? जो इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं, जिन्हें लगता है कि वे आरक्षण, संविधान बचाने के मुद्दे पर मोदी और भाजपा का राजनीतिक विस्तार रोक सकते हैं, वे 'भारत बंद' के दौरान कहां थे? सडक पर मायावती, अखिलेश यादव, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सरीखे नेता दिखाई नहीं दिए, जो आजकल दलित, आदिवासियों और पिछड़ों के पैरोकार बने हैं। यदि संगठनों को संविधान पीठ के फैसले पर आपत्ति थी, तो वे सर्वोच्च अदालत में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर सकते थे। संविधान पीठ कोई राजनीतिक संगठन नहीं है, जिसके खिलाफ 'भारत बंद' के जरिए विरोध-प्रदर्शन किया जाए। वह न्याय का सर्वोच्च और अंतिम मंच है। मोदी सरकार ने ऐसा कुछ किया नहीं है कि 'भारत बंद' का आह्वान किया जाता। पंजाब और हरियाणा में कुछ दलित जातियां ऐसी हैं, जिन्होंने 'भारत बंद' का समर्थन नहीं किया। वाल्मीकि और मजहबी सिख आदि आरक्षण के उप वर्गीकरण के पक्षधर हैं।

दलित-आदिवासी संगठनों ने 'भारत बंद' का आह्वान क्यों किया? यह आश्चर्यजनक लगा। क्या ऐसी नकारात्मक और विध्वंसक राजनीति भी बाबा अंबेडकर की देन है? क्या सर्वोच्च अदालत की 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का भी सामूहिक, सड़किया विरोध करना अंबेडकर की सीख है? क्या बाबा के संविधान के अनुच्छेद 16 (4) में यह उल्लेख नहीं है कि आरक्षण का उप वर्गीकरण किया जा सकता है? क्या संविधान पीठ ने विभिन्न अनुच्छेदों का हवाला देते हुए यह स्पष्ट नहीं किया है कि कोटे के भीतर कोटे की व्यवस्था भी संवैधानिक है? क्या प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के परिसर में सांसदों के एक समूह को सार्वजनिक तौर पर आश्वस्त नहीं किया था कि आरक्षण में उप वर्गीकरण के न्यायिक फैसले को स्वीकार नहीं किया जाएगा? संविधान पीठ के फैसले का किसी सरकार द्वारा ऐसा विरोध भी आश्चर्यजनक है। अलबत्ता संसद के पास ऐसी संवैधानिक शक्तियां हैं कि वह संविधान पीठ के फैसले को खारिज कर सकती है। दलित और आदिवासी संगठनों को क्या आशंका थी कि उन्होंने 'भारत बंद' का आह्वान किया और देश के कुछ हिस्सों में अराजकता फैलाई। उनका आरक्षण सुनिश्चित है।

### एमडी एवं एमएस छात्रों के मामलों में यह संख्या 31 प्रतिशत दर्ज की गई

# मेडिकल छात्रों में बढ़ रही है मानसिक दुर्बलता

**प्रमोद भार्गव**

सर्वेक्षण में 25,590 स्नातक छात्र, 5,337 स्नातकोत्तर छात्र और 7,035 संकाय सदस्यों ने भागीदारी की। इस परिणाम के बाद सलाह दी गई है कि रेजिडेंट डॉक्टर प्रति सप्ताह 74 घंटे से अधिक काम न करें। सप्ताह में एक दिन की छुट्टी लें और प्रतिदिन सात से आठ घंटे नींद लें। मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर आई राष्ट्रीय कार्यबल की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 12 महीनों में 16 .2 फीसदी एमबीबीएस छात्रों ने मन में स्वयं को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या करने के विचार आने की बात मानी है।

**यह** कितनी विडंबनापूर्ण बात है कि जो विद्यार्थी मेडिकल शिक्षा हासिल कर रहे हैं, वही तनावग्रस्त होकर मानसिक दुर्बलता के शिकार हो रहे हैं। जबकि चिकित्सा शिक्षा के छात्रों को मानसिक रूप से पूर्ण परिपक्व होना चाहिए ? राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के एक कार्यबल ने ऑनलाइन सर्वेक्षण करके बताया है कि मेडिकल के लगभग 28 प्रतिषत स्नातक और 15.3 प्रतिशत स्नातकोत्तर छात्रों ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझने की बात स्वीकारी है। सर्वेक्षण में 25,590 स्नातक छात्र, 5,337 स्नातकोत्तर छात्र और 7,035 संकाय सदस्यों ने भागीदारी की। इस परिणाम के बाद सलाह दी गई है कि रेजिडेंट डॉक्टर प्रति सप्ताह 74 घंटे से अधिक काम न करें। सप्ताह में एक दिन की छुट्टी लें और प्रतिदिन सात से आठ घंटे नींद लें। मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर आई राष्ट्रीय कार्यबल की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 12 महीनों में 16.2 फीसदी एमबीबीएस छात्रों ने मन में स्वयं को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या करने के विचार आने की बात मानी है। जबकि एमडी एवं एमएस छात्रों के मामलों में यह संख्या 31 प्रतिशत दर्ज की गई है। रपट के मुताबिक छात्रों में अकेलेपन या सामाजिक अलगाव की भावना तेजी से पनप रही है। 35 फीसदी छात्र इसका अकसर अनुभव करते है और 39.1 फीसदी छात्रों ने कभी-कभी इस विकृत भावना का अनुभव किया है। साफ है, सर्वे का यह पहलू चिंताजनक है। इस समस्या का समाधान होना चाहिए। चिकित्सक और चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों में जानलेवा तनाव का उभरना वाकई चिंता का विशय है। चिकित्सा षिक्षा एक तो लंबे समय तक चलने वाली सबसे कठिन और उबाऊ पढ़ाई है, दूसरे पेषे में आने के बाद सबसे ज्यादा गंभीर दायित्व का निर्वहन करना भी है। ऐसे में कोलकाता की प्रषिक्षु महिला चिकित्सक के साथ घटित दुश्कर्म एवं हत्या के मामले छात्रों में अतिरिक्त भय और तनाव बढ़ाने का काम करते हैं। चिकित्सकों के साथ मरीजों और उनके परिजनों द्वारा दुव्र्यवहार



और मारपीट सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी चिकित्सालयों तक आम बात हो गई है। कई मामलों में उपचार के दौरान रोगी की मौत को परिजन चिकित्सक की लापरवाही ठहराने लगे हैं। ऐसे मामलों में अस्पतालों में मारपीट और तोड़फोड़ के मामले तो बढ़ ही रहे हैं, जातिगत और संप्रदाय विषेश के लोग अस्पताल में समूह की ताकत दिखाकर पुलिस और प्रषासन को पंगु बना देने का काम भी कर रहे हैं। ऐसे मामलों में निर्दोश चिकित्सक के विरुद्ध दबाव में झूठी एफआईआर दर्ज कर दी जाती है। राजनीति भी अकसर जाति और संप्रदाय के समूह के साथ खड़ी दिखाई देती है। ऐसे में कानून की संहिताएं बौनी दिखाई देती हैं। जब दबाव में ही काम करना है तो कठोर कानून का भी कोई अर्थ नहीं रह जाता है। 18.2 प्रतिशत चिकित्सा छात्रों को शंकाएं और परामर्श दाताओं से भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिलता है। क्योंकि वे खुद डर की दहशत में आ चुके होते हैं। ऐसे माहौल में तनाव से निपटने के लिए ज्ञान और कौशल की कमी की पूर्ति के लिए प्रशिक्षण मात्र झुनझुना है। सर्वेक्षण में 56.6 प्रतिशत छात्रों ने अपने शैक्षणिक भार को संभालने योग्य परंतु अत्याधिक बताया। 20.7 फीसदी छात्रों ने शैक्षणिक भार बहुत ज्यादा बताया। केवल 1.5 फीसदी छात्रों ने इसे हल्का बताया। सर्वेक्षण में पाया गया कि 'असफलता का डर' स्नातकोत्तर छात्रों में एक अहम्मुद्दा है। जिसमें 51.6 फीसदी सहमत हैं, कि यह उनके प्रदर्शन पर नकारात्मक असर डालता है। असफलता का यह डर देष के कोचिंग संस्थानों में एमबीबीएस में प्रवेष लेने की प्रतिस्पर्धा में लगे छात्रों को सता रहा है। इसलिए लगातार देखने में आ रहा है कि कोचिंग संस्थाओं के बड़े केंद्र कोटा में छात्र निरंतर आत्महत्या कर रहे हैं। देष के 322 सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों से प्रत्येक वर्श 48,012 छात्रों को नीट के माध्यम से प्रवेष दिया जाता है। इसके अलावा इन्हीं कॉलेजों से 27,868 दंत चिकित्सक, 52,720 आयुश और 603 पषु चिकित्सक छात्रों को प्रवेष की सुविधा मिलती है। यदि निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले छात्रों को भी जोड़ लिया जाए तो देष के करीब 707 मेडिकल कॉलेजों में 1,09048 छात्र प्रवेष लेते हैं। इनके अलावा दूसरे देषों से भी छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई करके भारत में आकर चिकित्सा का पेषा अपना लेते हैं। वैष्विक स्तर पर भारतीय चिकित्सकों की उम्दा साख है। दुनिया की सबसे बड़ी चिकित्सा षिक्षा प्रणाली भी भारत में है। इसलिए अब उम्मीद की जा सकती है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का जो 1000 की आबादी पर एक डॉक्टर की मौजदूगी अनिवार्य है, वह लक्ष्य आने वाले कुछ समय में पूरा हो जाएगा। फिलहाल हमारे यहां यह अनुपात 0.62.1000 है। अब तक सरकारी चिकित्सा संस्थानों की षैक्षिक गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन ध्यान रहे कि लगभग 60 प्रतिषत मेडिकल कॉलेज निजी क्षेत्र में हैं। ये संस्थान छात्रों से भारी-भरकम षुल्क तो वसूलते ही हैं, कैपीटेषन फीस लेकर प्रबंधन के कोटे में छात्रों की सीधी भर्ती भी करते हैं। यह दर 1 करोड़ से लेकर 20 करोड़ तक बताई जाती है। इस सुविधा में आरक्षण और योग्यता के दावे ढकोसला हैं। विष्वबैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक 33 प्रतिषत भारतीय चिकित्सक डिग्री हासिल करने के बाद विदेष चले जाते हैं। इनमें से डेढ़ हजार डॉक्टर अमेरिका का रुख करते हैं। एलोपैथी चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि आज के विद्यार्थी उन पाठ्यक्रमों में अध्ययन करना नहीं चाहते, जिसमें विशेषज्ञता प्राप्त करने में लंबा समय लगता है।

दृष्टि कोण

# भारतीय समाज की पहचान का प्रश्न

**हिंदू** की पहचान को लेकर बहस कभी बंद नहीं होती। इस बहस की शुरुआत भारत में अरबों, तुर्कों, मुगलों, पुर्तगालियों व अंग्रेजों के आने के बाद ही शुरू हुई। उससे पहले इस प्रश्न पर बहस नहीं होती थी। ये सभी विदेशी हमलावर या तो इस्लाम पंथ को मानने वाले थे या फिर ईसाई मत को मानने वाले थे। इन लोगों का सामाजिक-सांस्कृतिक व राजनीतिक जीवन इन दोनों में से किसी एक रिलीजन से समग्र रूप में संचालित होता था। उनकी पहचान के आधार भी निश्चित थे/हैं। जो व्यक्ति न्यू टैस्टामैंट में विश्वास करता है, ईसा मसीह को परमात्मा का पुत्र मानता है और चर्च में जाकर पूजा करता है, वह ईसाई है। इसी प्रकार इस्लाम पंथ को मानने वालों की पहचान भी निश्चित थी। जो व्यक्ति हजरत मोहम्मद को अल्लाह का रसूल मानता है, कुरान शरीफ को स्वीकारता है, मस्जिद में जाकर ईश्वर की इबादत करता है, वह इस्लाम पंथ को मानने वाला यानी मुसलमान है। जाहिर है जब एक निश्चित स्थान पर जाकर पूजा करता है तो वहां पूजा का कर्मकांड करवाने वाला भी चाहिए। इस्लाम पंथ में यह पूजा पाठ करवाने वाला मुल्ला मौलवी था। हर मस्जिद का एक मौलवी निश्चित था। उसे वायज, मीरवायज या इमाम कहा जाता था। इसी प्रकार ईसाई पंथ में पूजा का स्थान चर्च कहलाने लगा और वहां पूजा पाठ करवाने वाला व्यक्ति पादरी कहलाने लगा। लेकिन धीरे ईसाई पंथ में पूजा करवाने वाले लोगों की एक पूरी संगठित जमात खड़ी हो गई जिसका मुखिया पोप कहलाता है। जब ये हमलावर हिंदुस्तान में आए तो सबसे पहले तो इन्होंने ईसाई पंथ व इस्लाम पंथ की तर्ज पर हिंदू को भी एक पंथ या रिलीजन ही मान लिया। उसके बाद ये लोग इस रिलीजन की पहचान करने का प्रयास करने लगे। हिंदू, जिसे इन्होंने रिलीजन समझ लिया था, उसकी पहचान समझने के लिए इन्होंने अपने अपने रिलीजन के पैमाने ही प्रयोग करने शुरू किए। लेकिन मामला पकड़ में नहीं आ रहा था क्योंकि भारतीय/हिंदू समाज को समझने के लिए जिन कारकों का प्रयोग किया जा रहा था, वे कारक ही गलत थे। यह संकट प्रत्यक्ष रूप में 1881 में सामने आया जब ब्रिटिश सरकार ने भारतीयों की कुल जनसंख्या की गणना करने के लिए एक नया विभाग स्थापित किया। जनगणना करवाना तो आसान काम ही था। लेकिन सरकार ने लगे हाथ मजहब/रिलीजन के आधार पर भी संख्या जान लेना जरूरी समझा। इसलिए जनगणना फार्म में रिलीजन को लेकर तीन कॉलम बनाए गए। हिंदू/मुसलमान/ईसाई। जाहिर है इससे स्पष्ट पता चल गया कि हिंदुस्तान में 712 के बाद से देश में कितने लोग मुसलमान या ईसाई बन गए हैं। एटीएम (अरब-तुर्क-मुगल) मूल के मुसलमानों के सात-आठ सौ साल के शासन के दौरान कुछ करोड़ भारतीय/हिंदू भी मतांतरित हो गए थे। अंग्रेजों के शासनकाल में कुछ भारतीय ईसाई भी हो रहे थे। जाहिर है उनकी संख्या भारतीयों/हिंदुओं के मुकाबले बहुत कम ही थी। सबसे बड़ी बात यह थी कि 1885 में कांग्रेस की स्थापना और 1905 में मुस्लिम लीग की स्थापना के बाद अंग्रेज शासकों ने मजहब के आधार पर कुछ सीमित संख्या में भारतीयों को भी स्थानीय प्रशासन में हिस्सेदारी देना शुरू कर दिया था। तब एटीएम मूल के मुसलमानों को जिनका शासन समाप्त हो चुका था, इस बात की चिंता हुई कि संख्या के कारण अब उनको सत्ता मिलने की संभावना कम हो गई थी। इसलिए सबसे पहला काम तो उन्होंने भारतीय मुसलमानों को भी अपने खेमे में जोडने या हांकने के प्रयास शुरू किए। लेकिन इसके बावजूद उनकी संख्या भला कितनी हो सकती थी? इसलिए दूसरा प्रयास किसी तरह से हिंदुओं की संख्या कम करने के प्रयास किए। लेकिन यह काम अंग्रेज शासकों की मदद के बिना नहीं हो सकता था क्योंकि अब सत्ता तुर्कों-मुगलों के हाथ में नहीं थी, बल्कि इंग्लैंड के गोरों के हाथ में थी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए बकौल बाबा साहिब अंबेडकर, एटीएम मूल के आगा खान ने 1910 की जनगणना से पहले वायसराय को एक ज्ञापन दिया। उसके उपरांत ब्रिटिश सरकार ने जनगणना के प्रत्यक्ष और परोक्ष दो पैमाने निर्धारित किए। परोक्ष पैमाना तो यह था कि ब्रिटिश सरकार ने हिंदू समाज को सीमित करते हुए हिंदू केवल उसी को माना जो 'जाति व्यवस्था' से संचालित था, जबकि वस्तुस्थिति यह थी/है कि हिंदू समाज का बहुत बड़ा हिस्सा जाति व्यवस्था से बाहर है। एक नई अवधारणा स्थापित करने का प्रयास पहली बार हुआ कि सभी भारतीय/हिंदू जाति व्यवस्था से संचालित हैं। मूल रूप से यह अवधारणा ही गलत है। सभी भारतीय/हिंदू जाति व्यवस्था से संचालित नहीं हैं। हिंदू समाज का बहुत बड़ा हिस्सा जाति व्यवस्था से संचालित नहीं है। मध्य भारत, पूर्वोत्तर भारत में अधिकांश समुदाय मसलन मिजो, कुकी, खासी, गारो, निशी, शेरदुखपेन, संथाल, गोंड, पश्चिमोत्तर भारत में भोट, बलती जाति व्यवस्था से संचालित नहीं हैं। इस निराधार अवधारणा को आधार बना कर जनगणना अधिकारियों ने हिंदू को पहचानने के लिए नई कसौटियां बनाईं। जो उन कसौटियों पर पूरा नहीं उतरता था उसे हिंदू की श्रेणी से बाहर कर दिया गया। इनमें से एक कसौटी ब्राह्मण को लेकर थी।

कुछ अलग

## आजाद तोते की राम कहानी

**मैंने** ही क्या, उस तोते को मेरे पिताजी ने ही पाल रखा था। मेरे घर के पिंजरे में तोता चने की दाल चुगता और पानी पीकर वर्षों से मेरा प्रिय तोता हो गया था। तोता पालने का मुझे शौक भी था और उससे मिलने वाली सूचनाओं से मैं चौकस भी रहता था। तोता भी खुश था, उसे किसी प्रकार की परेशानी नहीं थी। एक दिन कुछ पर्यावरण प्रेमी मेरे घर के बाहर आए और नारेबाजी करने लगे। मैं और मेरी पत्नी घबराए से बाहर आए। देखा तो पंद्रह-बीस लोग हाथों में तख्ती थामे तोते की आजादी के लिए मुझसे मांग कर रहे थे। मैंने छद्म पर्यावरण प्रेमियों से कहा भी कि तोता मेरे पुरखों ने पाला है और वह मेरे यहां आराम में है। लेकिन उन्होंने तोते को नहीं छोडने पर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी। पत्नी और मैं दोनों भौंचक्के रह गए। मैंने पत्नी से पूछा - 'बोलो, क्या करें?' पत्नी ने मुझे आंख मारकर कहा -'जनमत का सम्मान करते हुए हम तोते को छोड़ देते हैं।' पर्यावरण प्रेमी खुश हो गए और बोले, 'हमारे सामने ही पिंजरे को खोलो और तोते को आजाद करो।' मैं पिंजरा बाहर ले आया और उसका दरवाजा खोल दिया। दरवाजा खोलने के बाद भी तोता पिंजरे से बाहर नहीं निकला और पिंजरे में ही शोर मचाने लगा। मैंने पर्यावरण प्रेमियों को विवशता से देखा तो उनमें से एक बोला -'हम आजाद करते हैं इसे।' उसने आगे बढक़र तोता हाथ में पकड़ा और हवा में उछाल दिया। वर्षों से पिंजरे में रहने के कारण तोता भली प्रकार से उड़ नहीं पा रहा था और वह पास के ही एक मकान की छत पर हांफ कर बैठ गया। हम और पर्यावरण प्रेमी उसकी अगली उड़ान की प्रतीक्षा करने लगे। दस-पंद्रह मिनट बाद में तोते ने पंख फैलाए और आसमान में गायब हो गया। पर्यावरण प्रेमी खुश होकर चले गए। लेकिन हमारा मन अवसाद से भर गया। रह-रह कर तोते की याद सता रही थी। उसकी उपयोगिता पर हम इतने निर्भर हो गए थे कि हमें लगा कि अब हमारा जीवन कैसे चलेगा। आखिर में पत्नी ने कहा -'चलो देखते हैं, आगे का जीवन कैसे चलता है। चिंता मत करो, कोई न कोई रास्ता अवश्य निकल आएगा।' इसी भावना से हम अपना रहा-सहा समय निकालने लगे। सौभाग्य से मैंने वह पिंजरा फेंका नहीं था और उसका दरवाजा खोल रखा था। अचानक एक दिन तोता उड़ता-उड़ता आया और पुनः पिंजरे में आ बैठा। मैं और मेरी पत्नी बहुत खुश हुए कि हमारा तोता हमारे पास वापस लौट आया है। मैंने भरे मन से तोते से कहा -'यार मिट्ठू तुम आ तो गए, लेकिन वे लोग फिर आ जाएंगे और मुझे व्यर्थ में बदनाम करेंगे।' तोता परेशान सा बोला -'नही, मैं नहीं जाऊंगा। वे लोग मुझे आजाद करने के बहाने अब अपने पिंजरे में कैद करना चाहते हैं। वे मेरे पीछे पिंजरा लेकर भागे फिर रहे हैं।' तोते की बात सुनकर हम घबरा गए। मैंने कहा -'भाई तुम आकाश में ऊंची उड़ान भरो और गायब हो जाओ। वरना वे लोग इधर आने वाले होंगे।' तोता पिंजरे से बाहर नहीं निकला तो मैंने उसे जीवन सूत्र दिया और कहा -'ऐसा करो मेरे प्यारे मिट्ठू, तुम कभी हमारे पिंजरे में तो कभी उनके पिंजरे में रह लो। इससे तुम्हारा जीवन आराम से निकलता रहेगा। वरना वे लोग मुझे और तुम्हें बदनाम कर देंगे।' तोते को मेरी बात समझ में आ गई और बोला -'यह ठीक है, पिंजरे का दरवाजा खुला रखो, उनका शोर सुनकर मैं उनके पिंजरे में जा बैठूंगा।' मुझे भी बात जंच गई कि तोते को आजादी देने का यह सूत्र सबसे सफल है। अभी तोता मेरे यहां ही है।

देश दुनीया से

## शिक्षा विभाग राज्य में खेलों को बढ़ावा देगा?

तीन वर्ष पहले अपने पूर्व में रहे खिलाड़ी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के लिए एक पत्र निकाला था। इस पत्र में शिक्षा निदेशालय ने शौकिया प्रशिक्षण करवाने वाले इच्छुक शिक्षकों व कर्मचारियों के नाम मांगे थे ताकि उन्हें प्रशिक्षण सुविधाओं वाली जगहों पर नियुक्त किया जा सके। मगर आज तक भेजे गए उन नामों का कुछ पता नहीं चला कि उनका क्या हुआ। अब शिक्षा निदेशालय एक बार फिर अपने पूर्व में रहे खिलाड़ी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों से स्कूल के बाद खेल प्रशिक्षण दिलाने के बारे में सोच रहा है। देखते हैं कब तक इस कार्य को अमलीजामा पहनाया जाता है। हिमाचल प्रदेश में सैकड़ों खिलाड़ी खेल आरक्षण के अंतर्गत विभिन्न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। दर्जन भर खिलाडियों को छोड़ कर न तो कोई खेल कर रहा है और न ही प्रशिक्षण व अन्य खेल प्रबंधन से जुड़ा है।

**हिमाचल** प्रदेश शिक्षा विभाग ने तीन वर्ष पहले अपने पूर्व में रहे खिलाड़ी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के लिए एक पत्र निकाला था। इस पत्र में शिक्षा निदेशालय ने शौकिया प्रशिक्षण करवाने वाले इच्छुक शिक्षकों व कर्मचारियों के नाम मांगे थे ताकि उन्हें प्रशिक्षण सुविधाओं वाली जगहों पर नियुक्त किया जा सके। मगर आज तक भेजे गए उन नामों का कुछ पता नहीं चला कि उनका क्या हुआ। अब शिक्षा निदेशालय एक बार फिर अपने पूर्व में रहे खिलाड़ी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों से स्कूल के बाद खेल प्रशिक्षण दिलाने के बारे में सोच रहा है। देखते हैं कब तक इस कार्य को अमलीजामा पहनाया जाता है। हिमाचल प्रदेश में सैकड़ों खिलाड़ी खेल आरक्षण के अंतर्गत विभिन्न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। दर्जन भर खिलाडियों को छोड़ कर न तो कोई खेल कर रहा है और न ही प्रशिक्षण व अन्य खेल प्रबंधन से जुड़ा है। खेलों से नियमित रोजी-रोटी मिलने वालों को चाहिए कि वे नमक का कुछ तो हक अदा करें। अगर खिलाड़ी के रूप में नहीं हो सकता है तो प्रशिक्षण व प्रबंधन तो आसानी से हो ही सकता है। हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य के विभिन्न विभागों में खेल आरक्षण के अंतर्गत तीन प्रतिशत पदों पर भर्ती करती है। शिक्षा विभाग में अब तक सैकड़ों प्रवक्ता, प्रशिक्षित स्नातक व अन्य पदों पर खेल आरक्षण से शिक्षक नियुक्त हैं। हिमाचल प्रदेश का हर बच्चा विद्यालय जा रहा है। वैसे तो विद्यालय में विद्यार्थियों की फिटनेस व खेलों के लिए शारीरिक शिक्षा का शिक्षक नियुक्त होता है, मगर वह हर खेल के लिए प्रशिक्षण नहीं दे सकता है। भविष्य के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार करने के लिए किशोरावस्था से ही सही तकनीक के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व बढ़ जाता है। अरबों की आबादी में किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का प्रारंभिक स्तर से होना बेहद अनिवार्य हो जाता है, जो सही उम्र में सही तकनीक सिखा कर भविष्य में खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। हिमाचल प्रदेश में खेल प्रशिक्षण के लिए शुरू से वह वातावरण ही नहीं बन पा रहा है, जिससे बाद में प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठतम परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतने लंबे खेल प्रशिक्षण को प्राप्त कर कुछ एक खिलाड़ी ही अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाते हैं। हिमाचल प्रदेश में विद्यालय स्तर पर शारीरिक शिक्षकों की कमी सबके सामने है। विद्यालय जीवन ही वह समय है जब खिलाड़ी तकनीक को सीख रहा होता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण के लिए विद्यालय खुलने से पहले व बंद होने के बाद हिमाचल प्रदेश में शारीरिक शिक्षकों को छोड़ कर अन्य विषयों के शिक्षक जो पूर्व में अच्छे खिलाड़ी रहे हैं, अपने पढ़ाई के कार्य के साथ-साथ विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चला कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व देश का नाम पूर्व में रोशन करते रहे हैं और वर्तमान में कर भी रहे हैं। हमीरपुर शहर के वरिष्ठ माध्यमिक कन्या राजकीय विद्यालय में चार दशक पूर्व नियुक्त प्रयोगशाला सहायक अमरनाथ शर्मा ने हमीरपुर से महिला हाकी के लिए निचले स्तर पर बहुत अच्छा काम किया था। इस तरह और कई नाम हैं जिन्होंने अपनी ड्यूटी के साथ खेल प्रशिक्षण में भी सराहनीय कार्य किया है। वर्तमान में बिलासपुर जिले के दूरदराज मोरसिंघी गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता व पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी स्नेहलता के प्रशिक्षण कार्यक्रम से राष्ट्रीय स्तर पर हर आयु वर्ग की महिला प्रतियोगिताओं में हिमाचल विजेता है। पिछले एशियाड में भारतीय महिला हैंडबाल टीम में चार खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश से थी। इस साल की राष्ट्रीय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता की विजेता हिमाचल प्रदेश की टीम में अधिकांश खिलाड़ी मोरसिंघी नर्सरी से हैं। स्नेहलता की पहली नियुक्ति शिक्षा विभाग में सोलन जिले के नवगांव वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई थी। उसी समय से स्नेह लता ने हैंडबाल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की थी। एक दशक पूर्व हमीरपुर जिले के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कक्डयार में नियुक्त प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक कुलवीर सिंह ने एथलेटिक्स में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया था। उसके अच्छे परिणाम रहे थे। मगर बाद में ऐसी जगह ट्रांसफर हो गई जहां प्ले फील्ड व समय की दिक्कत के कारण उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम बंद हो गया। हमीरपुर में आज अपने समय के स्टार धावक अनिल शर्मा व रजनीश शर्मा जो दोनों ही प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक के पद पर शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं, अपनी ड्यूटी के बाद शाम के समय अणु सिंथेटिक ट्रैक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए हुए हैं।



आप का नजरीया

## महिला सुरक्षा का प्रश्न

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की यौन हिंसा के बाद हुई हत्या ने एक बार फिर साबित किया है कि देश में कामकाजी महिलाओं के लिये कार्यस्थल पर परिस्थितियां कितनी असुरक्षित हैं। वह भी इतनी भयावह कि कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ यह सब वीभत्स घट जाता है। निश्चित रूप से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न मानव अधिकारों का सरासर उल्लंघन ही है। कार्यस्थल पर महिलाओं के लिये सुरक्षा अनुकूल वातावरण बनाने के मद्देनजर विशाखा दिशा-निर्देश जारी करने के सत्ताईस साल बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को डॉक्टरों की सुरक्षा को संस्थागत बनाने के लिये तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर देश की सर्वोच्च अदालत के निर्देश के अनुपालन हेतु गठित एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स को चिकित्सा पेशवरों की सुरक्षा, महिला चिकित्सकों के लिये अनुकूल कामकाजी परिस्थितियां बनाने तथा उनके हितों की रक्षा के लिये प्रभावी सिफारिशें तैयार करने का काम सौंपा गया है। विश्वास किया जाना चाहिए कि ये सिफारिशें यदि जमीनी स्तर पर भी प्रभावी साबित हुईं तो किसी भी पेशे में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिये असरकारी साबित होंगी। लेकिन यह तभी संभव है जब सभी हितधारक एक स्तर पर एकजुट होकर इस दिशा में काम करेंगे। निस्संदेह, किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना होने के वक्त तमाम तरह के उपक्रम होते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। यही वजह है कि नई कार्ययोजना बनाते समय इस बात का आकलन करने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है कि महिला सुरक्षा को लेकर मौजूदा कानून और दिशा-निर्देश जमीनी स्तर पर बदलाव लाने में कितने सफल रहे हैं। सही मायनों में कानून बनाने और दिशा-निर्देश जारी करने से ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका अनुपालन कितने पारदर्शी व संवेदनशील दृष्टि से किया जाता है। साथ ही विगत के अनुभवों से भी सबक लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि वर्ष 2012 के निर्भया कांड के बाद देश में कोलकाता कांड में भी उसी तरह की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसके बाद आवश्यकता महसूस की गई कि ऐसे क्रूर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा देने वाले कानून लाये जाएं। कालांतर देश में यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम अस्तित्व में आया। दरअसल, महिलाओं के लिये सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ही विशाखा दिशा-निर्देशों के विस्तार के रूप में इसे अधिनियमित किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले साल, देश की शीर्ष अदालत ने इस अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में गंभीर खामियों की ओर इशारा किया था। साथ ही इससे जुड़ी अनिश्चितताओं की ओर भी संकेत दिया था। इसके उदाहरण के रूप में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निर्भया फंड अक्सर नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में रहा है।

# जिले के विभिन्न पंचायतों में हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों में 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक आम जनों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन रोस्टर अनुसार किया जा रहा है। जिला के सभी पात्र लाभुकों से अनुरोध है कि अपने नजदीकी पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में पहुंच सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें। बताते चले की शुक्रवार 30 अगस्त को प्रतापपुर प्रखंड के घोड़दौर, कुंदा प्रखंड के कुंदा, लावालौंग प्रखण्ड के रिमी, हंटरगंज प्रखंड के जोलडीहा, कान्हाचट्टी के बेंगोकला, चतरा के मोकतमा, इटखोरी के कोनी, पथलगड़ा के नवाडीह, सिमरिया के जीरवाखुर्द, टंडवा के राहम में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं 31 अगस्त को प्रतापपुर के हमाजांग, हंटरगंज के नवाडीह पनारी, कान्हाचट्टी के कोलहैया, चतरा के डाढा, इटखोरी के धुना, सिमरिया के जबड़ा, टंडवा के सराढू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी प्रखंडों में वरीय पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए है। शिविर में आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जा रहे हैं। इसमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र व अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उसका निष्पादन करते हुए लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है।

**प्राप्त व ऑन द स्पॉट आवेदनों का निष्पादन**

30 एवं 31 अगस्त को विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में आयोजित शिविर में कुल 12932 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमे दोनो दिनों के आवेदनों में से 3411 लाभुकों के आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया है। 30 अगस्त को 1746 31 अगस्त को 1665 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन हुआ।

**2 सितंबर 2024 को इन प्रखंड के पंचायतों में लगेंगे शिविर**

प्रतापपुर प्रखंड के टंडवा पंचायत, लावालौंग के सिलदाग, हंटरगंज के लेंजना,औरु, गेरुआ पंचायत भवन, कांहचट्टी के तुलबुल, चतरा के सिकिद, इटखोरी के इटखोरी, मयूरहंड के कदगांवाकला, गिद्धौर के मंझगांवा, सिमरिया के कसारी, टंडवा के कोयद में शिविर लगाया जाएगा।

**3 सितंबर को यहां लगेंगे शिविर**

प्रतापपुर के चंद्रगोविंदपुर, कुंदा के सिकीदाग, हंटरगंज के बलूरी, गेंजना और पांडेयपुरा खुर्द, कान्हाचट्टी के राजपुर, चतरा के बरैनी, इटखोरी के टोनाटांड़, मयूरहंड के फुलांग, गिद्धौर के बारिसाखी, सिमरिया के सेरनदाग, टंडवा के किचटो में शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को किया जाएगा लाभान्वित।

**लोगों को किया जा रहा है जागरूक**

आमजन पंचायत सर पर आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले, इसके लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय चतरा द्वारा शिविरों व ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जारहा है। साथ ही एलईडी प्रचार वाहन के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।सभी आम जनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँच सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ ले सकते है।

## मंझगांवां पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत मंझगांवां पंचायत भवन में सोमवार को आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने दिया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम आपकी सरकार, आपके द्वार में कई स्टॉल लगाया जायेगा। स्टॉल में प्राप्त आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादन किया जाएगा। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणो को शामिल होने की अपील किया है।

## मनरेगा कर्मी हड़ताल पर, फिर किसके लॉगिन से छोड़ी जा रही योजनाएं : सुशीला



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड में मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में फिलहाल जमकर धांधली हो रही है यह बात प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने कहा है। उन्होंने मनरेगा योजनाओं में उगाही और उसके रोकथाम को लेकर जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह को पत्राचार किया है। जहां पत्र के माध्यम से बताया गया है कि विगत 22 जुलाई से ही मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। वहीं मनरेगा के हड़ताल में जाने के बाद योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु उपयुक्त कर्मियों को प्रभार देना था पर अब तक उनके लॉगिन आईडी नहीं मिल सका है जिससे विकास कार्य में बाधाएं उत्पन्न हो रही है। बताया गया कि कर्मियों के हड़ताल पर रहने के बावजूद मनरेगा की नई योजनाएं संचालित हुई हैं वह किसके लॉगिन पासवर्ड से हुई है जो संदेहास्पद और जांच का विषय है और इससे स्पष्ट होता है कि ऐसे में प्रखंड विकास पदाधिकारी की मिलीभगत है। इसके अलावा प्रमुख ने मनरेगा योजनाओं की सोशल ऑडिट पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि प्रखंड में मनरेगा योजनाओं की सोशल ऑडिट में खानापूर्ति कर बड़े पैमाने पर धांधली हुआ है।

# शहीद राजेश एवम् भाजपा नेता के पिता का हुआ आकस्मिक निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** शहीद राजेश दास एवम् भाजपा नेता सोपारम निवासी बिनय सिंह के पिता नरेश दास का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार यह बताया गया कि शनिवार की शाम अपने घर में बैठे हुए थे कि, अचानक से बेहोश हो गए। इसके बाद आनन फानन में उन्हें एनटीपीसी अधीनस्थ अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग आरोग्यं रेफर कर दिया। परंतु वहां भी डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया। रांची के राज अस्पताल में भर्ती कराया गया रात भर इलाज होने के उपरांत रविवार की सुबह उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहते हुए अंतिम सांसे ली। दिवंगत नरेश दास एक गंभीर स्वभाव के व्यक्ति थे एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका को निभाते थे, जिस कारण से समाज में उनकी बड़ी प्रतिष्ठा होती थी। इधर उनके आकस्मिक मृत्यु के होने के कारण परिजनों का रो-रो कर हर हाल बुरा हो गया है। दिवंगत नरेश दास के पैतृक गांव सोपारम के सतबहिनी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर सांसद कालीचरण सिंह, विधायक किसुन कुमार दास, भाजपा जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पाण्डे, भाजपा नेता शशि चौरसिया, बबलू गुप्ता, सुधीर साव, गणेश गुप्ता, शिव प्रसाद गुप्ता, विकास मलाकार, बैजनाथ पांडे, श्याम सिंह, मुकेश साव, रंजीत गुप्ता समेत कई अन्य ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# दूध के टैंकर में हो रहा था पानी मिलाने का खेल, एसडीपीओ ने तीन को धर दबोचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस संबंध में रविवार को लातेहार के एसडीपीओ अरविंद कुमार ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र के कुजरी मुषाढ़ नाला के पास टैंकर से दूध चोरी किया जा रहा है। साथ ही चोरी के दूध में पानी मिलाकर अन्यत्र स्थानों पर बेचने का कार्य चल रहा है। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर और इसके सत्यापन के लिए मेरे नेतृत्व में गश्ती दल एवं सशस्त्र बल के साथ छापामारी किया गया। छापामारी दल द्वारा घटनास्थल से एक दूध लदा टैंकर, पिकअप वाहन एवं सिंटेक्स में दूध लगभग 500 लीटर दूध एवं अन्य छोटे-छोटे केन में 70-80 लीटर दूध बरामद किया गया।साथ ही इस कारोबार में संलिप्त हरमनप्रीत सिंह जिला अमृतसर पंजाब, विशाल कुमार सिंह थाना चंदवा जिला लातेहार, एवं मिथलेश यादव थाना जिला लातेहार झारखंड को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ अरविन्द कुमार ने पत्रकारों को जानकारी दी की आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है।यह चियांकी स्थित मेधा डेयरी से टैंकर में दूध भरते और फिर चंदवा थाना क्षेत्र में कटिंग कर टैंकर से दूध निकाल लेते फिर टैंकर में भरे दूध में पानी मिला देते थे। इसके बाद वह दूध को होटलों में सस्ते दामों पर बेच देते थे।

## सहारा इंडिया के जमाकर्ताओ की हुई बैठक

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में रविवार को सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं की एक बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से चर्चा हुई की सहारा बैंक द्वारा जमाकर्ताओं पेमेंट नहीं किया जा रहा है एवं कई समस्याएं सामने आ रही है। जिसमे बहुत से जमाकर्ता डेली या मंथली का जो खाता खुलवाए हैं उनका मेच्योरिटी पूरा हो गया है ।लेकिन आज तक उनका पासबुक सहारा कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं दिया गया।सहारा द्वारा पासबुक मिला है। लेकिन जो पैसा जमा किया गया वह पासबुक में इंट्री नहीं है पासबुक सादा है। सुप्रीम कोर्ट और सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी सहारा के एजेंट द्वारा नहीं दिया जाता है। वही इसको लेकर इसकी अगली बैठक 8 सितंबर दिन रविवार को प्रातः 10:00 बजे से बुनियादी विद्यालय में रखी जाएगी। मौके पर लखन लाल, प्रयाग साव, संजू ओझा, रामनाथ सिंह,राहुल कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर मिशन ग्राम के समीप एक अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। घटना के संबंध में मे मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या जेएच 01 डीएफ 5895 रांची से समान लेकर बालूमाथ के अली हार्डवेयर में आ रहा था। इसी दौरान मिशन ग्राम के पास ट्रक हाइवा से चकमा खा गया और अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि इस दौरान चालक में ट्रक से कूद कर अपनी जान बचा लिया। घटना के बाद बालूमाथ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया।

## मईया सम्मान योजना की साइट बंद होने से महिला नाराज

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड में मईया सम्मान योजना से मिलने वाली 1000 रुपए की सम्मान राशि प्राप्त करने वाली महिलाओं में काफी खुश है, वहीं दूसरी ओर जिन महिलाओं को सम्मान राशि नहीं मिल पाई है उनमें काफी नाराजगी भी है। प्रखंड की महिलाओं का कहना है, की आवेदन करने के बाद भी कई महिलाओं को सम्मान राशि प्राप्त नहीं हुई, वहीं योजना से संबंधित साइट बंद कर दिए जाने के कारण बहुत सी महिलाएं योजना में रजिस्ट्रेशन कराने से भी वंचित है। जिससे उनमें नाराजगी के साथ मायूसी साफ नजर आ रही है। महिलाओं का कहना है कि हेमंत सरकार ने झारखंड की सभी 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह सम्मान राशि देने का वादा किया था। और कहा गया था की योजना हमेशा के लिए लागू रहेगा।लेकिन 1 महीने में ही इस योजना में महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करना बंद कर दिया गया है। वही स्पष्ट आदेश नहीं निकालने के कारण प्रतिदिन प्रखंड की सैकड़ो महिलाएं योजना में रजिस्ट्रेशन कराने की उम्मीद लेकर प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगाते नजर आ रही है। वही स्पष्ट आदेश नहीं होने एवं साइट में लॉगिन नहीं कर पाने के कारण प्रज्ञा केंद्र संचालक भी बिना स्पष्ट जानकारी दिए वापस भेज देते हैं।

## सहायक अध्यापकों का आगामी पांच सितंबर को भूख हड़ताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गढ़वाटाड मे रविवार को आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के राज्य कमेटी के निर्देश पर बैठक की गई। जिसमे राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत पांच सितंबर को रांची स्थित शिक्षा मंत्री आवास पर भूख हड़ताल में शामिल होने के लिए सभी सहायक अध्यापकों ने एक स्वर में चलने की बात कही। वहीं प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शकील खान ने सरकार के उदासीन रवैया के प्रति आक्रोश प्रकट की, साथ ही आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। हमारी जायज मांगो को सरकार अनदेखी कर रही है। इसलिए तमाम सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाओं से भारी संख्या में पांच सितंबर भूख हड़ताल को सफल करने हेतु रांची चलने का आग्रह किया है। बैठक मे प्रखंड कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिंहा, महबूब आलम, विनोद राम, नौशाद, जमादार सिंह, पंकज गुप्ता, आलोक कुमार, सुदेश्वर सिंह, मैनेजर सिंह, रीता कुमारी, शमसीदा बानो आदि सहायक अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित हुए।

## लातेहार में युवा प्रांतीय यादव महासभा प्रखण्ड कमेटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रांतीय यादव महासभा का लक्ष्मण यादव के करकट स्थित आवास में बैठक हुआ। प्रांतीय यादव महासभा के युवा प्रखण्ड कमेटी विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसका अध्यक्षता प्रांतीय यादव महासभा के युवा जिलाध्यक्ष बच्चन कुमार यादव ने किया। वहीं बैठक में प्रांतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एवं युवा प्रांतीय यादव महासभा लातेहार प्रखण्ड के लिए युवा कमेटी का विस्तार किया गया। सभी के सर्वसम्मति से युवा प्रांतीय यादव महासभा का युवा प्रखण्ड अध्यक्ष सतनारायण यादव, युवा उपाध्यक्ष शशि यादव, बालकेश यादव, युवा महासचिव मनोज यादव, राजहंस यादव, ठाकुरदयाल यादव, राजेश यादव, युवा मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र कुमार यादव, कार्यकारणी सदस्य कुलदीप यादव, संतोष यादव, तुलसी यादव को बनाया गया। इस बैठक में केदार यादव, अखिलेश यादव, रंजीत यादव, प्रदीप यादव समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर बहते नाले पर बनाया कठपुलिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत जुठाटांड टोला के वासियो ने श्रम दान करके पुल का निर्माण किया। ग्रामीण सुरेश गंझु, गोपाल गंझु, मुकेश गंझु, राजेन्द्र गंझू, फौजदार गंझु, गिरधारीलाल गंझु व वार्ड सदस्य तेजु गंझु सहित कई लोगो ने बताया कि जुठा टांड साल्वे ग्राम का टोला है जो टोटी पंचायत के सीमावर्ती क्षेत्र में है। जहाँ जाने के लिए कच्ची सड़क है, टोला वासियों को प्रखण्ड मुख्यालय में आवागमन के लिए साल्वे ग्राम होकर लंबी दुरी तय करना पड़ता है। बरसात के दिनों में आवागमन हेतु काफी मुस्कील का करना पड़ता हैं, सड़क किचड से भर जाता हैं। टोला वासी मुख्यालय आने के लिए दुसरी कच्ची रास्ता का सहारा लेते है, जिससे बहुत ही कम समय में अलखडिहा होकर मुख्यालय पहुंचते है। पर इस कच्ची रास्ता पर एक नाला है। बरसात मे नाले मे ज्यादा पानी आने से इस रास्ता पर भी जाना मुस्किल हो जाता है। इस नाले पर पुलिया निर्माण को लेकर स्थानीय मुखिया व कार्यकारिणी सदस्यों से कई बार बात किए। किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस बात से ईतर टोला वासियों ने श्रमदान करके खुद कठपुलिया बना दिए।

# विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल का 60 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ मुख्यालय अंतर्गत बिरसा मैदान में रविवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने अपना 60वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान संगठन से जुड़े कार्यकर्ता, महिला और पुरुष बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। कार्यक्रम में शुरुआत से लेकर अब तक संगठन के कार्यों पर चर्चा की गई और संगठन की प्रमुख उपलब्धियों को सभी के सामने रखा गया। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलित कर किया गया वही अपने संबोधन में जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता ने संगठन के उद्देश्यों और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गर्व और गौरव की बात है कि विश्व हिंदू परिषद ने 60 वर्षों की यात्रा पूरी कर ली है हिंदू समाज को अब और अधिक एकजुट और संगठित होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के विभिन्न जातियों में विभाजित होने का फायदा उठाकर धर्मांतरण की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद पिछले 60 वर्षों से हिंदू समाज को संगठित और एकजुट करने का कार्य कर रहा है। वही प्रखंड संरक्षक लालदेव गंझू ने बताया कि संगठन के 60 वर्षों की यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि देश में धर्म और संस्कृति की रक्षा, गौ माता की सुरक्षा, बहन-बेटियों की रक्षा, लव जिहाद जैसी समस्याओं के समाधान के लिए विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई थी। इस मौके पर जिला अखाड़ा प्रमुख उपेंद्र रंगीला, जिला सह सेवा प्रमुख विपिन सिंह प्रखंड अध्यक्ष निखिल सिंह, राजन कुमार उमेश साव, ईशा कुमारी, रितिका कुमारी, ईस्वर लाल, कुंदन कुमार, अनूप गुप्ता, विष्णु शंकर सिंह, रोहित विश्वकर्मा, समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तथा पत्रकारो के बीच किया गया कार्यशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के किसान भवन परिसर में सड़क सुरक्षा पर पत्रकारों संग एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन में पहुंचे सिमरिया अनुमंडल के तमाम पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, विशिष्ट अतिथि सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केशरी, अतिथि के रूप में सिमरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार व सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक के साथ जिला परिषद सदस्य सिमरिया पश्चिमी और पूर्वी क्रमशः देवनन्दन साहू व रोहणी देवी, सिमरिया प्रमुख रोहन साहू, मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद महतो, प्रखंड के कई पंचायत के मुखियागण एवं प्रेस क्लब चतरा के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को आगे बढाते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया जिसके बाद बारी बारी से सभी अतिथियों का स्वागत शॉल, छाता, पेन व डायरी देकर किया गया जिसपर प्रेस क्लब चतरा का लोगो भी अंकित था। सड़क सुरक्षा के एकदिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए अतिथियों ने वाहन मालिक, वाहन चालक एवं नशे पर बात करते हुए बतलाया कि अगर वाहन मालिक अपने चालक से ज्यादा काम ले रहा है तो ऐसी स्थिति में दुर्घटनाओं पर काबू पाना मुश्किल है चुकि पैसे कमाने के चक्कर मे ज्यादा काम करवाना और ज्यादा काम करना प्रचलन सा बनता जा रहा है। मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने चर्चा को विस्तृत करते हुए कहा कि हेलमेट का कम दूरी में इस्तेमाल ना करना साथ ही सड़क सुरक्षा पर स्थापित कानून की जानकारी ना होना एक बड़ी समस्या है जिसे हमसबको मिलकर दूर करना है इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और लीगल बिंदु पर कार्य करना हमारी जिम्मेवारी है किंतु स्वयं को बदलना आपकी भी जवाबदेही है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बतलाया कि अभी कुछ दिन पहले सड़क सुरक्षा में लगाये गए कॉनकेव मिरर का गायब होना समाज के प्रति स्वयं की जवाबदेही ना होने का प्रतीत है जिसके लिए हमसबको मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि सड़क पर चलने वाले, चलाने वाले और देखने वाले जिस दिन जागरूक हो जाएंगे सड़क सुरक्षा में भारी वृद्धि देखने को मिलेगी। ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करना उन्हें रेखांकित करना, समय समय पर हेलमेट चेकिंग, अंडर एज ड्राइवर का चालान एवं ड्रिंक एन्ड ड्राइव पर हम काम करते रहते है किंतु यह रोजमर्रा की दिनचर्या नही इसलिए सड़क सुरक्षा पर हम नियंत्रण तभी पा सकेंगे जब हर व्यक्ति अपनी जवाबदेही सड़क पर चलने के वक्त तय कर दे।

# हजारीबाग के चार विधानसभा सीट से 67 कांग्रेसियों ने टिकट के लिए दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस पार्टी में चार विधानसभा सीट के लिए 67 कांग्रेसियों ने बायोडाटा के साथ विधानसभा की टिकट की दावेदारी पेश की है। जिसमें सबसे अधिक सदर विधानसभा से 34 लोगो ने चुनाव लडने् की इच्छा जाहिर की है, जबकि बरही विधानसभा क्षेत्र से 13 और बड़कागांव एवं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से 10-10 कांग्रेसियों ने पार्टी उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर बायोडाटा के साथ आवेदन दिया है। झारखण्ड़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार हजारीबाग कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेता, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, सदर हज़ारीबाग़ क्षेत्र से आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव को आवेदन और बायोडाटा प्रारुप 31 अगस्त तक जमा करना था। इसी आलोक मे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से 10, बरही विधानसभा क्षेत्र से 13, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से 10, हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक 34 कांग्रेसियों ने चुनाव लडने के लिए आवेदन दिया है। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सभी का आवेदन और बायोडाटा प्रदेश कार्यालय को समर्पित कर दिया गया। इसी विषय पर एक सितंबर को प्रदेश कार्यालय मे स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी।झारखण्ड़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार हजारीबाग कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेता,बरकट्ठा,बरही,बड़कागांव, सदर हज़ारीबाग़ क्षेत्र आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव को विधानसभा चुनाव उमीदवार आवेदन,और बायोडाटा पारुप जमा किये है, जो निम्न है।

**बरकट्ठा - 20 से** डॉक्टर प्रकाश कुमार, दिगम्बर कुमार मेहता, अरुण चौधरी ,शकील अख्तर, सुरेंद्रप्रसाद ,मोइनुद्दीन , कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, संतोष कुमार देव, रोहण ठाकुर, नारायण बरनवाल।

**बरही -21 से** उमाशंकर अकेला, केदार पासवान, अरुण साहू, रवि शंकर यादव, डॉक्टर निजामुद्दीन,मनोज रजक,मनोहर कुमार यादव,दीपक कुमार गुप्ता ,यमुना यादव ,रघुनंदन गोप ,पूनम यादव, रोहन ठाकुर ,केदार प्रसाद यादव ।

**बड़कागांव-24 से** अम्बा प्रसाद,संजय कुमार तिवारी,अनिता सिंह,गुजन कुमारी,रामसेवक प्रसाद सोनी,महेश प्रसाद सोनी,कोलेश्वर साव,बसंत नारायन सिंह,सफर रजा,कजरु साव ।

**सदर -25 से** शैलेन्द्र कुमार यादव,डॉ आर सी मेहता,बिनोद कुशवाहा,मुन्ना सिंह,संजय तिवारी,रेणु कुमारी,सजिद हुसैन,उपेंद्र कुशवाहा, रजी अहमद,बिनोद सिंह,सजिद अली खां, संजय गुप्ता ,अरुण साहू, योगेंद्र साव ,अवधेश कुमार सिंह, मंजूर अंसारी, गुंजन सिंह,अजय कुमार गुप्ता, कैलाशपति देव, मकसूद आलम, नवीन कुमार ,देव कुमार राज, डॉक्टर भैया असीम, धीरज कुमार सिंह ,दिलीप कुमार रवि, रोहण ठाकुर, डॉक्टर प्रकाश कुमार ,विजय कुमार सिंह ,परवेज अहमद ,कजरु साव,अब्दुल कुदुर सुल्तान ,अनुप्रिया साव,उदय कुमार साव ,ओम प्रकाश गोप । इनलोग का आवेदन को प्रदेश कार्यालय समर्पित किया गया,जिसकी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रांची में होगी ।

# बेरोजगार युवकों को छलने का काम कर रही है सरकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में शामिल अभ्यर्थियों की मौत पर सवाल उठाते हुए भाजपा नेता डॉ.अमित सिन्हा ने वर्तमान सरकार पर तंज कसते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नौकरी बांट रहे हैं , या मौत यह समझ से परे है । उत्पाद सिपाही की बहाली में दौड़ के क्रम में जिन भी युवाओ की मौत हुई है, उसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। जो युवक नौकरी पा कर घर का चिराग जलाए रखना चाहते है, आज उसी घर का चिराग बुझ जा रहा है, सरकार नौकरी बाट रही हैं या मौत, डॉ0 अमित सिन्हा ने कहा की किसी भी स्थान पर छात्र के दौड़ के लिए उचित व्यवस्था नहीं है, वर्तमान सरकार इस बहाली को अविलंब रोके और इसमें सुधार कर पुनः दौड़ कराए। भाजपा नेता श्री सिन्हा ने कहा की वर्तमान सरकार 5 वर्ष में नौकरी देने का वादा पूरा नहीं कर सकी और जब युवाओं का आक्रोश सड़कों पर दिखा और विपक्ष का दबाव बढ़ा तो आनन-फानन में उत्पाद सिपाही की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस उम्मस भरी गर्मी में 1 घंटे में 10 किलोमीटर की दौड़ को पूरा करने में न जाने कितने छात्र गंभीर रूप से बीमार हो गए और कई की जानें भी चली गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा सरकारी नौकरी को पाने के लिए अपने जान दांव पर लगाने तक को मजबूर हैं। वहीं राज्य सरकार की संवेदना मर चुकी है। मृत छात्रों के परिजनों को डॉ0 अमित सिन्हा ने मुआवजा राज्य सरकार से मिले उसके लिए उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस दौड़ में जितने भी छात्रों की मौत हुई है, उनके परिजनों को अविलंब सरकार मुआवजा दें और एक मेडिकल टीम गठित कर इस दौड़ में सही मानकों की प्रक्रिया को पूरा करें। उसके बाद ही यह दौड़ कराएं।

## बाबा बालक नाथ परिसर में जेबीकेएसएस का बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर टाटीझरिया में सितंबर रविवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता मनोज महतो और संचाला बालेश्वर महतो ने किया । बैठक का उद्देश्य जेबीकेएसएस सुप्रीमो जयराम महतो के पक्ष में आगामी विधानसभा चुनाव में हाथो को मजबूत करना और कर्मा पूजा महोत्सव को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक के दौरान निरंजन पटेल ,महेश कुमार पटेल,बालेश्वर महतो, रोहित कुमार महतो, कमल दास, प्रदीप महतो, संतोष कु.दास, संतोष कु., मुकेश कुमार प्रजापति, बसंत महतो,रिंकी देवी, भोला महतो समेत अन्य कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### मेढ़कुरी पंचायत भवन के छत पर घास फूस और गंदगी का अंबार

## सरकार द्वारा चलाई गई आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का किया जा रहा है कोरम पुरा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू ।** दारू प्रखंड के मेढ़कुरी पंचायत में आपकी सरकार आपकी द्वारा चलाई गई योजना सरकार द्वारा कार्य का कोरम पुरा किया जा रहा है। जहाँ मेढ़कुरी पंचायत में दारू प्रखंड के अधिकारी और कर्मी के आलावा ग्रामीण जनता छत के नीचे अपने कार्य को संपादित करवा रहे है । विडंबना यह देखिए की छत के उपर गन्दगी झाड़ियां और घास फूस का अंबार है । छत से पानी सीपेज कर रहा है।जैसा की विदित है की कुछ दिन पहले पानी के सीपेज से कई बार घटना दुर्घटना हो चुकी है कुछ दिन पहले संजय कुमार दास अपने घर में गहरी नींद में सोया था । अचानक छत का एक मलवा टूटकर उसके छाती पर गिर गया और अचानक उसकी मौत हो गई । कारण छत सीपेज का था । इसके बाद भी क्षेत्र में कई जगह की पंचायत कार्यालय जर्जर स्थिति में चल रहा है ,और पंचायत सचिव और मुखिया अपनी जेब गर्म करने में लगे हुए हैं। इन सब घटना को देखते हुवे भी मेढ़कुरी पंचायत के मुखिया भोला तूरी पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा । उज्जवल दुनिया संवाददाता ने जब इनसे बात किया तो इन्होने बताया की जल्द ही इसका रंगरोगन करवाया जायेगा । छत सीपेज में रंगरोगन ये बात कुछ हास्यास्पद लगता है । वही पंचायत में विकास कार्यो की प्रगति शून्य है, और मनरेगा कार्य में लापरवाही होने के कारण लोकपाल द्वारा मनरेगा की राशि गबन करने पर जप्ती का भी सूची बनाई गई है। लेकिन फिर भी जप्ती की राशि आज तक जमा नहीं की गई है।

## भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों को फुटबॉल किट प्रदान किया

▶ खेलकूद युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं : हर्ष अजमेरा।

▶ हर्ष अजमेरा के इस सहयोग के लिए हम सभी बहुत आभारी हैं : खिलाड़ी।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के ढ़ौठवा पंचायत के कोनहर गांव के उभरते खिलाड़ियों को भाजपा नेता हर्ष अजमेरा के द्वारा रविवार को फुटबॉल किट प्रदान किया गया खेल के प्रति हमेशा से ही श्री अजमेर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए नजर आते हैं, इसी दृष्टिकोण से खिलाड़ियों को फुटबॉल किट के रूप में जर्सी,जूता सहित कई अन्य सामग्री प्रदान की गई है। इसका उद्देश्य गांव के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करना था। मौके पर भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने कहा की खेलकूद युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। फुटबॉल जैसे खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुण भी सिखाते हैं।उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव के खिलाड़ियों के लिए और भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें साथ ही सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

**खिलाड़ियों ने हर्ष अजमेरा के प्रति जताया आभार।**

खिलाड़ियों ने कहा हर्ष अजमेरा जी के इस सहयोग के लिए हम सभी बहुत आभारी हैं। यह फुटबॉल किट हमारे लिए सिर्फ एक उपहार नहीं है, बल्कि यह हमारे खेल के प्रति उनके विश्वास और समर्थन का प्रतीक है। इससे हमें और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी और हम अपने गांव का नाम रोशन करने के लिए समर्पित रहेंगे।

मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य विजय सिंह भोगता मुखिया जयप्रकाश केसरी , पंचायत समिती सदस्य सोहर राणा, मनोज राणा, कैलाश यादव, शिवकुमार यादव नागेश्वरी कुमारी पप्पू यादव उपेंद्र कुमार, हेमारज भोगता एवं रवि सिंह सहित कई लोग मौजूद रहें।

## गरी कलां में दुर्गा पूजा मानने को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुर्गा पूजा मानने को लेकर गरी कलां ग्रामीणों की बैठक रविवार को दुर्गा मंडप परिसर में हुई ! बैठक की अध्यक्षता मुखिया हितनारायण साव व संचालन शिक्षक मिथलेश राम ने किया ! बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि गरी कलां में मां दुर्गा की पूजा 1981 से लगातार होते आ रही है जो इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी ! पूजा को सफलता पूर्वक मानने को लेकर सर्व समिति से पूजा कमिटी का गठन किया गया ! जिसमे अध्यक्ष मुखिया हितनारायण साव सचिव कैलाश महतो उपमुखिया कोषाध्यक्ष प्रदीप राम उपाध्यक्ष रोहित राम उपसचिव शंकर महतो उप कोषाध्यक्ष कुलदीप कुमार महासचिव रामप्रकाश महतो पूर्व उपमुखिया संगठन नरेश महतो संयोजक मंडली में रामनाथ महतो सेवा निवृत शिक्षक कुलदीप राम सेवा निवृत पुलिस निरीक्षक केदार पासवान सेवा निवृत पुलिस निरीक्षक मोती महतो दिनेश विश्वकर्मा अशोक गुप्ता टिकेश्वर कुमार बद्रीनारायण कुशवाहा सलाहकार समिति में बालेश्वर राणा राजेंद्र महतो अवकाश प्राप्त शिक्षक राम इकबाल सिंह बैजनाथ राणा मनोहर पासवान नरेश राणा युगेश्वर पासवान इंद्रजीत कुमार गिरि विश्वनाथ कुमार बादल धर्मनाथ राणा समेत 28 लोगों का नाम शामिल हैं ! बैठक में मनोज महतो अरुण महतो कपिलदेव महतो शंभू कुमार कमलेश गिरि पवन गंझू राजू कुमार धनी राम महेंद्र राणा बीरबल चौधरी सुमित पासवान रवि कुमार समेत कई लोग मौजूद थे !

## कांग्रेस के निष्ठावान जमीनी कार्यकर्ताओं को विधानसभा का उम्मीदवार बनाया जाएगा : गिरीश चौड़ाकर



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के साथ रांची अतिथिशाला में जाकर कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चौड़ाकर, सदस्य प्रकाश जोशी ,पूनम पासवान से मिलकर सदर विधानसभा के लिए अपनी दावेदारी पेश की । मौके पर स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चौड़ाकर ने कहा की निष्पक्षता से 2024 के विधानसभा चुनाव में जमीनी नेताओं को विधानसभा का उम्मीदवार बनाया जाएगा। अब पैरवी से किसी को टिकट कांग्रेस पार्टी नहीं देगी। जो व्यक्ति कांग्रेस के सिद्धांतों पर चल रहा है उसे टिकट दिया जाएगा। जो रांची या दिल्ली में जाकर गणेश परिक्रमा करता है उससे कांग्रेस पार्टी सतर्क है जो नेता वरीय नेताओं का परिक्रमा कर रहे हैं उसे चिन्हित किया जा रहा है पोषक क्षेत्र के जनता का परिक्रमा करता है उसे भी चिन्हित कर प्रोत्साहित किया जाएगा। जो पार्टी के नियमों का उल्लंघन करेगा उसे निष्कासित और दंडित भी किया जाएगा। श्री चौड़ाकर ने सुझाव देते हुए कहा की कांग्रेसी क्षेत्र में जाकर कांग्रेस पार्टी के किए गए जनहित के कार्यो की जानकारी जनता को दें। जैसे इंदिरा आवास, हर महीना हर हडिया हर मुड़िया 5 किलो चावल , मनरेगा महात्मा गांधी ग्रामीण सड़क योजना, किसान विकास पत्र, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन इत्यादि कांग्रेस के जनहित कार्य योजनाएं हैं जो आज दी जा रही है झारखंड सरकार द्वारा सभी गरीबों को अबुवा आवास दिए जा रहा है 21 वर्ष से 51 वर्ष तक की महिलाओं को मैंइया योजना के तहत हर माह ?1000 दिया जा रहा है। जिससे लाखों महिलाएं लाभान्वित हो चुके हैं , 2 लाख रुपए तक किसान ऋण माफ किया गया है 200 मिनट तक बिजली बिल झारखंड सरकार द्वारा निशुल्क किया गया है इत्यादि दर्जनों जन हितकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं। स्क्रीनिंग कमेटी से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से व्याख्याता संघ के अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो तुलसीदास कुशवाहा विधि अध्यक्ष संजय रविदास एडवोकेट विष्णु दयाल कुशवाहा शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रो बीके मेहता मंडल उपाध्यक्ष मौलाना मुख्तार डॉ सतीश कुशवाहा प्रखंड उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह अजय पासवान ललन सिंन्हा वरिष्ठ नेता रामचंद्र भुइयां झंडा बिहारी मांझी रिजवान खान इत्यादी सम्मिलित रहे।

## पेलावल विकास मंच का 10वां रक्तदान शिविर संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन में पेलावल विकास मंच का 10वां रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में कुल 21 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर इंसानियत का परिचय दिया। शिविर का उद्घाटन मंच के सदस्य मो. आदिल ने रक्तदान कर किया तथा समापन मंच के उप सचिव इंजमामुल हक भारती ने रक्तदान कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर सीपी दांगी ने किया। इस अवसर पर डॉ. एके मेहता, डॉ. तनवीर अख्तर,रेखा रानी,राजू राठौड़, उदय मेहता,हकीम अंसारी, राहुल सिन्हा ने मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई। पेलावल विकास मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष एम.हक भारती एवं उपस्थित सभी अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के पश्चात उन्हें बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी। रक्तदाताओं में मासूम रजा, कुलदीप कुमार, विजय कुमार राणा, सहदेव पासवान, आदित्य कुमार, अमित विश्वकर्मा, राहुल कुमार सिन्हा,मो.आजाद,मो. साबिर, नवाज शरीफ,मो.हसनैन,सिद्धार्थ कुमार राणा, विक्की सोनी,मनीष कुमार सिन्हा, नसीम खान, मो.तस्लीम, संजय कुमार राणा, उपेंद्र कुमार,मो. शादाब अंसारी थे। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक के शमशाद हुसैन लैब टेक्नीशियन,अजीत कुमार,गोपाल कुमार एवं शुशील कुमार का इन सभों का भी सराहनीय सहयोग रहा। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर,सचिव अमित कुमार पासवान, उप सचिव इंजमामुल हक भारती,चंद्रशेखर शर्मा,मो.आरिफ, महेन्द्र राम,मो. आदिल का सहयोग रहा।

## मिथिलेश कुमार पाण्डेय बने समाजवादी लोक परिषद के उतरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखण्ड अन्तर्गत केमो गाँव निवासी मिथिलेश कुमार पाण्डेय पिता कामेश्वर पाण्डेय को समाजवादी लोक परिषद के राष्ट्रीय कार्य कारी अध्यक्ष डाक्टर रघुवंश कुमार मिश्रा ने उतरी छोटानागपुर प्रमंडल अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है ! नियुक्ति पत्र जारी करते हुए डाक्टर रघुवंश ने कहा कि झारखंड के सुप्रसिद्ध साहित्यकार व समाजसेवी मिथिलेश कुमार पाण्डेय के प्रमंडल अध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने से पार्टी झारखंड में मजबूत होगी ! मिथिलेश कुमार पाण्डेय समाजसेवा में अपना जीवन खपाया है ! लव? जिहाद धर्मातरण रोकने के लिए मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने मां बैदेही हिन्दू जागरण फाउंडेशन की स्थापना इसी वर्ष किया है और कई छोटे बड़े हिन्दू महासम्मेलन आयोजित किया है आगे भी करेगे ! अब झारखंड राज्य को विकसित राज्य बनाने हेतु समाजवादी लोक परिषद आम जनता से जुडकर जनहित के मुद्दे पर जनता को एकजुट करने के लिए मिथिलेश जी के नेतृत्व में काम करेगी ! परिषद के बरिष्ठ नेता और झारखंड के सुप्रसिद्ध साहित्यकार भागवत जी ने मिथिलेश कुमार को बधाई हेतु कहा कि मिथिलेश पांडे उर्जा वान समर्पित समाजसेवी के नेतृत्व से झारखंड में पाटी अपनी पहचान बनाऐगी ! झारखंड भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन गई है ! भ्रष्टाचार बेरोजगारी झारखंड राज्य के लिए अभिश्राप बन गया है ! इस बिषम समस्या से निपटने के लिए मिथिलेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जमीनी स्तर पर काम पार्टी करेगी ! मिथिलेश कुमार पाण्डेय के प्रमंडल अध्यक्ष बनने पर समाजसेवी सुरेश तिवारी निपु सिंह जगदीश्वर मिश्रा संतोष वर्णवाल सुभाष गुप्ता कर्ण बंजरंगी सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई देते हुए मिथिलेश कुमार पाण्डेय के मंगलमय भविष्य की कामना किया ! नियुक्त होने पर मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि भ्रष्टाचार ,बेरोजगारी ,पलायन, और विस्थापन जैसे ज्वलंत मुद्दे पर समाजवादी लोक परिषद के द्वारा झारखंड के अंचल कार्यलयों पर प्रर्दशन किया जाऐगा !

## आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों को भी मिले वेतन वृद्धि का लाभ : चंदन सिंह

● वित्त समिति और अभिषद की बैठक में लिए गए फ़ैसले का आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों को फ़ायदा नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वित्त समिति की 123वीं और अभिषद की 192वीं बैठक में लिए गए निर्णय को अभी तक धरातल में नहीं लाया गया है,झारखंड छात्र मोर्चा के चंदन सिंह ने कुलपति को पत्र लिख कर पूरे मामले की जानकारी उपलब्ध करवाई है। इस संबंध में चंदन सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय और अंगीभूत महाविद्यालय में कार्यरत कर्मियों का सरकार के निर्देश के अनुसार वेतन में वृद्धि करने हेतु प्रस्ताव को पारित किया गया था परंतु कर्मी जो आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से कार्यरत हैं उन्हें इस मामले में की गई वृद्धि का लाभ नहीं मिल रहा है।वहीं कर्मियों के पी.एफ़ हेतु काटी जा रही राशि भी अधिक काटी जा रही है। ज्ञात हो कि सरकार के द्वारा दिये गये निर्देशों के मार्फ़त आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से कार्यरत कर्मियों को भी वो सभी सुविधाएँ मिलेंगी जो नियमित कर्मियों को दी जाती हैं परंतु विश्वविद्यालय के द्वारा कर्मियों को छुट्टी के दिन का वेतन नहीं दिया जाता,वहीं महीने में केवल छब्बीस दिन का ही वेतन दिया जाता है।अतिरिक्त रविवार (पाँच) होने पर वेतन काट लिया जाता है और तीन होने पर भी पूरा वेतन नहीं दिया जाता।कर्मियों को ख़ास कर महिला कर्मियों के द्वारा ली जा रही छुट्टी का भी वेतन में कटौती कर दिया जाता है। इस पूरे मामले में चंदन सिंह ने कुलपति से आग्रह किया है कि वैसे कर्मी जो विश्वविद्यालय के हित में लगातार काम कर रहे हैं उनके हितों का ध्यान रखा जाए और उनको भी समुचित सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जाएँ।

## श्री श्याम मनुहार महोत्सव ऐतिहासिक रूप से हुआ संपन्न, देर रात्रि तक झूमते रहे श्याम भक्त, लगता रहा बाबा का जयकारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर में भक्ति भाव का माहौल हर तरफ देखने को मिल रहा है. भक्तों के द्वारा आस्था को लेकर विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी कार्यक्रम के बीच हजारीबाग शहर के मुनका बगीचा प्रांगण में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा एकदिवसीय तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत सर्वप्रथम बाबा श्याम की पूजा अर्चना के साथ हुई। बाबा श्याम की पूजा अर्चना श्री राणी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कराई गई। पूजा अर्चना के उपरांत बाबा की आरती के साथ भव्य कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्याम भक्तों को रिझाया। इसके बाद विभिन्न मंडल के सदस्यों ने बारंबार भजन प्रस्तुत किया। इसके बाद बाहर से आए कलाकारों में रोहित शर्मा एवं कृष्ण कुमार जिनकी उम्र महज 17 वर्ष है इन्होंने अपनी प्रस्तुति श्याम भक्तों के समक्ष रखा। इसके बाद राष्ट्रीय कलाकार सुप्रसिद्ध भजन गायक शुभम ङ्क रूपम ने अपनी प्रस्तुति से श्याम प्रेमियों को रिझाया। बताया जाता है कि इन्होंने हजारीबाग की पावन धरती पर पहली बार अपनी प्रस्तुति दी है, इनके कंठ में मां सरस्वती सदैव विराजमान रहती है, प्रस्तुति से पंडाल परिसर में बैठे हर एक श्याम भक्त झूम उठे, शुभम ङ्क रूपम ने सबसे पहले गणेश वंदना के साथ भजन की शुरुआत की जिसके बाद उन्होंने हनुमान जी, भोले बाबा सहित अन्य देवी देवताओं के भजन गाते हुए उन्होंने समस्त श्याम प्रेमियों को देर रात तक झुमाया। बाबा श्याम के भजनों में मेरी बात बन रही है..... तेरी बात करते-करते, खाटू में जो आया फसता ही जा रहा है.....बाबा के असीम प्रेम, हर कदम पर मे भला क्यों हार जाता हूं, ऐसे अनेकों भजन बाबा श्याम का उन्होंने प्रस्तुत किया। भव्य भजन संध्या के दौरान बाबा श्याम का अखंड ज्योत, इत्र की वर्षा, मनोहारी श्रृंगार, सवामणि, छप्पन भोग एवं महाभोग का आयोजन किया गया, बाबा श्याम के दरबार के समक्ष अलौकिक झांकी के रूप में स्वर्ग लोक की झांकी पर आधारित था दरबार,भव्य भजन संध्या का लाइव टेलीकास्ट 35 एम एम पर किया जा रहा था। भजन संध्या में बाहर के साउंड सिस्टम एवं म्यूजिशियन ने अपनी प्रस्तुति दे रहे थे, इस कार्यक्रम में श्री श्याम परिवार तुलसी धाम कोलकाता का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ,श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, वही कार्यक्रम में मौजूद हुए हजारीबाग शहर के सभी गणमान्य लोगों को आयोजन मंडली के द्वारा दुपट्टा उड़ा कर स्वागत किया गया। भजन संध्या की समाप्ति के उपरांत बाबा श्याम के भव्य आरती के बाद भव्य तृतीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव संपन्न हुआ। मौके पर आयोजक मंडली ने कहा कि कोलकाता रामगढ़ समेत झारखंड के विभिन्न जिलों से आए मंडल के सदस्य गण एवं हजारीबाग के श्याम प्रेमियों के आशीर्वाद से कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। हम विशेष धन्यवाद देते हैं, शुभमङ्करूपम एवं उनकी टीम का जिन्होंने हजारीबाग की धरती को श्याममय कर दिया।

## मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड मैदान परिसर स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। पुजारी अनुज पांडेय ने पाण्डेय ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवा कर अखंड हरि कीर्तन की शुरूआत कराया। जिसके बाद भजन मंडली के लोगों द्वारा हरे राम हरे कृष्ण के गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। इस अखंड हरि कीर्तन में बरही की महिलाओं की भी अच्छी खासी भागीदारी देखी गई। अखंड हरी कीर्तन की शुरुआत शनिवार को अपराहन 3 बजे से हुई, जो 24 घंटे चलने के बाद रविवार को अपराह्न 3 बजे संपन्न हो गया। इस अखंड हरी कीर्तन में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, राजू राणा, मुन्ना यादव समेत कई लोग शामिल हुए।

## ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन जिला कमिटी का हुआ विस्तार



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गिरिडीह स्थित न्यू परिसदन भवन मे आल इंडिया चंद्रवंशी युवा ऐसोसिएशन गिरिडीह जिला की बैठक की गई। बैठक में गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों से पदाधिकारी लोग शामिल हुए। बैठक मे मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष का चुनाव एवं वर्ष 2024 में जरासंध महोत्सव आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष चुनाव हेतु तीन उम्मीदवारों का नाम आया जिसमे सर्व सम्मति से तीन पदो के लिए चुनाव कराया गया जिसमें अध्यक्ष पद पर देवरी प्रखंड के अरविन्द चन्द्रवंशी , सचिव पद पर गिरिडीह के सतीश चंद्रवंशी एवं उपाध्यक्ष पद पर जमुआ प्रखंड के अनुप चन्द्रवंशी का चुनाव किया गया साथ ही जिला प्रयवेक्षक के पद पर अजीत कुमार पप्पू का चयन किया गया। मौके पर सभी चयनित पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। धूमधाम से मनाई जाएगी मगध सम्राट जरासंध की जयंती- साथ ही जरासंध महोत्सव 2024 पर भी चर्चा हुई जिसमे वर्ष 2023 के अपेक्षा और भी शानदार तरीके से मनाने पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश संयोजक भीम रवानी, भीखारी राम, दिनेश राम, चंदन चन्द्रवंशी, वार्ड पार्षद अशोक राम, चन्द्रशेखर राम पवन चन्द्रवंशी, मिथलेश चन्द्रवंशी, सुरेश चन्द्रवंशी,भोला राम, बलराम राम, नेमचंद्र राम, लक्ष्मी कांत राम, चन्द्रकान्ता चन्द्रवंशी, मंटु राम, नकुल राम, सागर कुमार, विक्रम कुमार, अधिवक्ता मुकेश कुमार, सुरेश राम, बजरंगी राम सहित सैकड़ों की संख्या मे चन्द्रवंशी समाज के लोग उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण बाल रूप-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संस्कार भारती, धनबाद द्वारा बाल चेतना को संस्कारिता एवं आत्मविकास की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से ÷श्री कृष्ण बाल रूप-सज्जा प्रतियोगिता÷ का आयोजन राजकमल सरस्वती शिशु मंदिर, अशोक नगर, धनबाद में किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के अनेक बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों का सजीव प्रदर्शन किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि हरेंद्र सिंह, सीईओ, असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद थे। जिन्होंने अपने विचारों से बच्चों को प्रेरित किया और उनके आत्मविकास में संस्कारों की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में संस्कार और संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रवीण कुमार, सहायक श्रमायुक्त, धनबाद ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने बच्चों के उत्साह की सराहना की और ऐसे आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। संस्कार भारती, धनबाद ने इस अवसर पर सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के संस्कारमूलक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

## संतुलन खोने से कोरियर कंपनी का ट्रक पलटा, ड्राइवर बाल-बाल बचा




**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत तेलमोच्चों गंगा होटल के सामने कोरियर कंपनी का एक ट्रक डीवाइजर में टकराकर पलट गया जिसमे एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गया। ग्राम रक्षा दल के सहयोग से ट्रक गाड़ी के ड्राइवर को सुरक्षित निकाल लिया गया। ड्राइवर को कही कोई भारी चोट नहीं लगी। बताया जाता है की उक्त गाड़ी बोकारो की ओर से तेज रफ्तार से धनबाद की ओर जा रही थी इसी दौरान ड्राइवर ने संतुलन खो दिया और डीवाईजर से टकराकर गाड़ी पलट गई। इसके कारण और कोई हादसा नही हुआ। सूचना मिलने पर महुदा पुलिस ने आकर गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया हैं।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक संपन्न




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक एल सी रोड हीरापुर में संपन्न हुआ। बैठक का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं संचालन जिला सचिव राणा चट्टराज ने किया। मुख्य अतिथि समिति के वरिष्ठ साथी एवं विनोद बिहारी महतो इंटर कॉलेज बलियापुर के पूर्व प्रिंसिपल सिद्धार्थ बंदोपाध्याय उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी प्रखंड कमेटी को विस्तार कर सम्मेलन किया जाएगा तथा राय साहब की जीवनी पर लिखा हुआ किताब को सभी विद्यालय में बांटा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कल्याण भट्टाचार्य, कल्याण घोषाल, चंदन सरकार, कल्याण राय, सुमंतो, कल्याण चक्रवर्ती, पिंटू आदि लोग शामिल थे।

## जेपी हॉस्पिटल ने पूर्वी टुंडी में लगाया निःशुल्क जांच शिविर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोला कुसमा, मेझिलाडीह बलियापुर रोड स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने सामाजिक के दायित्व के तहत पूर्वी टुंडी स्थित लटानी में रविवार को नि-शुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया। जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा अस्पताल प्रबंधन धनबाद वासियों की बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए निरंतर तत्पर है। ग्रामीणों की बेहतर स्वास्थ्य अभियान के तहत लटानी एवं आसपास के गांवों के सैकड़ो बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों की स्वास्थ्य जांच अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा नि-शुल्क की गई है व मर्ज के अनुसार मरीजों को दवाइयां प्रदान की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ जागरूकता के कमी रहने के कारण वे अपनी स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते हैं, इसके लिए अस्पताल द्वारा एक टीम गठित वैसे जरूरतमंदों को जेपी हॉस्पिटल के द्वारा बिल्कुल नि-शुल्क इलाज करने की व्यवस्था की गई है जिससे सैकड़ो ग्रामीण लाभान्वित हो चुके हैं।


# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार : रविवार को प्राप्त हुए 9622 आवेदन, 1657 का निष्पादन

### 1289 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे दिन 9622 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें 1657 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। फोकस स्कीम के 4915 आवेदनों में 227 तथा बेनिफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 2389 में 90 आवेदन निष्पादित किए गए। वहीं 1289 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविरों में 51 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया। सरकार की फोकस स्कीम में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 319, अबुआ आवास योजना के 3638, सर्वजन पेंशन 417, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 121, जाति 197, आवासीय 124 व आय प्रमाण पत्र के 99 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें अबुआ आवास योजना के 108, जाति प्रमाण पत्र के 63, आवासीय 25 व आय प्रमाण पत्र के 31 आवेदनों को निष्पादित किया गया। वहीं बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम में वृद्धा पेंशन के 243, विधवा पेंशन 19, दिव्यांगजन पेंशन 11, आयुष्यमान कार्ड 259, सामुदायिक वन पट्टा के 10 तथा 1847 अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इसमें आयुष्यमान कार्ड के 77 तथा 13 अन्य आवेदन निष्पादित किए गए। शिकायत निवारण में राजस्व अभिलेखों में संशोधन के 45, जन्म प्रमाण पत्र 11, मृत्यु प्रमाण पत्र में संशोधन 8, आधार कार्ड में संशोधन 111, राशन कार्ड में संशोधन के लिए 612 तथा बिजली सम्बन्धी समस्या के 32 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें राजस्व अभिलेख में सुधार के 11, मृत्यु प्रमाण पत्र एक, आधार कार्ड में संशोधन के 33, राशन कार्ड में संशोधन के 5 तथा बिजली संबंधी समस्या के एक आवेदन को निष्पादित किया गया। शिविरों के दौरान ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें 17 लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, 24 छात्र/छात्राओं के बीच साईकिल क्रय हेतु प्रतीकात्मक चेक तथा 1458 एसएचजी / कलस्टर सदस्यों की बीच आइडेंटी कार्ड का वितरण किया गया। वहीं उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा अंचल अधिकारियों को शेष आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री में गति लाकर शीघ्र आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया है।




## क्षेत्रीय अस्पताल निर्माण की गुणवत्ता पर समझौता नहीं करेंगे : सदानंद महतो



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तोपचांची में 3.47 करोड़ से 50 बेड का क्षेत्रीय अस्पताल का निर्माण हो रहा है। रविवार को तोपचांची के विभिन्न पंचायत के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता अस्पताल निर्माण का स्थल निरीक्षण करने आए। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि तोपचांची के लिए यह क्षत्रिय अस्पताल बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। हम अपने क्षेत्रीय अस्पताल निर्माण की गुणवत्ता एवं अस्पताल निर्माण में उपयोग होने वाले पदार्थ को देखने के लिए जुटे हैं। वहीं सदानंद महतो ने कहा कि शिलान्यास में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, सांसद प्रतिनिधि, राजग गठबंधन के कार्यकर्ता को सूचना नहीं देना प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। इसकी शिकायत सांसद से की जाएगी तथा विभागीय इंजीनियर, संवेदक पर कार्रवाई की मांग करेंगे। इस अवसर पर रमेश जायसवाल, सोमर साव, अमर धीवर, सजय कुमार, अमर जायसवाल आदि लोग मौजूद थे।

## विहिप ने मनाया 60 वां स्थापना दिवस, कार्यकर्ताओं को पट्टा देकर किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड के पलौंजिया स्थित रामचन्द्र मोदी मेमोरियल मैरेज हॉल में शनिवार को विहिप का 60 स्थापना दिवस प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में मनाया गया। मुख्य अतिथि के विभाग धर्माचार्य कृष्णदेव पांडेय विशिष्ट अतिथि आरएसएस के जिला कुटुंब प्रबोधन प्रमुख एवं विहिल जिला मंत्री निरंजन कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम से पूर्व माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि विभाग धर्माचार्य कृष्णदेव पांडेय ने बताया कि हिन्दू के हित में काम करने वाला विश्व हिंदू परिषद विश्व में सबसे बड़ा हिंदूवादी संगठन है। इसकी स्थापना स्वामी चिन्मयानंद जी के मुंबई स्थित सांदीपनि आश्रम में 29 अगस्त 1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हुई थी। इस वर्ष संगठन की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर विश्व भर में संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसे षष्ठीपूर्ति वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में आरएसएस के जिला कुटुंब प्रबोधन प्रमुख जयनारायण मोदी ने कहा भारत की संत शक्ति के आशीर्वाद के साथ विहिप की स्थापना हुई थी। विहिप का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना,हिंदू धर्म की रक्षा करना और समाज की सेवा करना है। वहीं विहिप जिला मंत्री निरंजन कुमार ने कहा जातिवाद देश के लिए जहर का काम कर रहा है। हिंदू जातियों में न बंटें। नहीं तो वह दिन दूर नहीं जो बांग्लादेश और दूसरे देशों में देखने और सुनने को मिल रहा है। धर्मांतरण को रोकने के लिए विहिप अभियान चलाएगी। वहीं जिला मिलन केंद्र प्रमुख ईश्वर पंडित ने कहा कलियुग में सगठन में ही शक्ति है अर्थात सभी हिन्दू को संगठित रहना चाहिए। इस कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रेम तर्वे ने किया।इस दौरान मंत्री बालेश्वर साव, सह संयोजक दिवास्कर राउत, टेकलाल वर्मा, गौ रक्षा प्रमुख रोहित बजरंगी, सम्पर्क प्रमुख मंगेतर राउत, संस्कार प्रमुख मनु कुमार, प्रवीण कुमार, रवि शर्मा, राजेश सिंह, आनन्द कुमार, पंकज कुमार,अनूप कुमार, जयकुमार वर्मा, राजू यादव, आंजय साव, पंकज हिंदुस्तानी, पिंटू विश्वकर्मा, राजेश साव, अनीश, अनूप, अभिषेक, संगीता देवी, सरिता देवी, अंजू देवी ,एवं दर्जनों महिला समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# गिरिडीह में सैकड़ों महिलाओं ने झामुमो का लिया सदस्यता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह झामुमो ज़िला कार्यालय में ज़िलाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सदर के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित हुए। वही इस समारोह में रूमा मराण्डी के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं ने झामुमो के नीति एव कार्यशैली से प्रभावित होकर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के हाथों से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता प्राप्त की। वही विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि आपसब मां-बहन आज से झामुमो का परिवार है आप सब का पार्टी में स्वागत है आप सब के लिये झारखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ख़ासकर मुख्यमंत्री मइयाँ सम्मान योजना लाये है ताकि झारखंड की हर एक महिला शषक्त हो।

उन्होंने कहा कि भाजपा वाले लोग इस योजना को बंद कराने के लिए हाई कोर्ट पहुँच गये लेकिन भाजपा की ये मंशा कभी कामयाब नहीं होने देगी झारखंड सरकार। आप सबो के लिए कार्य करती रहेगी आपकी सरकार। इन महिलाओं को संगठन के प्रति जागरूक और प्रेरित करने में महताब मिर्ज़ा उर्फ डब्लू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस कार्यक्रम में दिलीप मंडल, रॉकी सिंह, अभय सिंह, प्रमिला मेहरा, ज्योति सोरेन, माला देवी, राहुल कुमार मोनू, उमा चरण दास समेत सेकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

## गुरुद्वारा में आयोजित रक्तदान शिविर में हुआ 20 यूनिट रक्त संग्रह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद एवं शरबत दा भला सेवा सोसायटी द्वारा धनबाद गुरु सिंह सभा जोड़ा फाटक रोड धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन छोटा गुरुद्वारा के सभागार मे हुआ। शिविर मे 20 लोगों ने अपना रक्तदान किया। मौके पर मुख्य रूप से रणविजय सिंह, मुख्तार खान, सोहराब खान, मुकेश सिंह, मंटू महतो, इमरान अली, राधेश्याम गोश्वामी, राजेश गुप्ता, हाजी ज़मीर आरिफ, इरशाद आलम, दिलीप सिंह समेत अनेकों समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम के सफल आयोजन मे विशेष रूप से भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद के ब्लड डोनेशन प्रोग्राम की नोडल पदाधिकारी बेनज़ीर परवीन, संस्था के संयुक्त सचिव सह समाजिक कार्यकर्ता दिलीप सिंह, कौशलेंद्र सिंह, कुमार मधुरेंद्र सिंह, अनिल भगत, वीरेंद्र कुमार, आशीष अग्रवाल, रंजीत सिंह, सोनी सिंह सरदार, प्रितपाल सिंह, नितिन भट्ट, आशीष, बर्जेश, निर्भय, सोनू गिरी, कुंदन, जीराखन, अमरजीत, रिपु सिंह आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# बहुत जल्द पटरियों पर दौड़ती नजर आएगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** भारतीय रेल द्वारा बहुत जल्द वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाने वाला है। वंदे भारत ट्रेन की तरह वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का निर्माण भी स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है।वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में पैसेंजर सेफ्टी के साथ-साथ लोको पायलट और अटेंडेंट्स की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। लोको कैब को बेहतर बनाया गया है, साथ ही यह ट्रेन टक्कर रोधीकवच प्रणाली से लैस है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का डिजाइन और इसका इंटीरियर काफी आकर्षक और इसमें विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस ट्रेन में स्क्र चार्जिंग प्रावधान के साथएकीकृत रीडिंग लाइट, सार्वजनिक घोषणा और विजुअलइन्फॉर्मेशन प्रणाली, इनसाइड डिस्प्ले पैनल और सिक्योरिटी कैमरे वमॉड्यूलर पैंट्री की सुविधा है। इसके साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, फर्स्ट एसी डिब्बे में यात्रियों के लिए गर्म पानी के शॉवर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल जल्द शुरू होने वाला है और उसके पश्चात इस ट्रेन को देश के विभिन्न रेल मार्गों पर संचालित किया जाएगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लंबे रेल रूट्स पर संचालित किया जाएगा और इस ट्रेन से भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में क्रांति आने की उम्मीद है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आराम, सुरक्षा और दक्षता के मामले में नए मानक स्थापित करेगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बेंगलूरु में उत्पादन इकाई का दौरा किया और वहां वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट के उत्पादन का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना भी उनके साथ मौजूद रहे। रेल मंत्री ने वंदे भारत स्लीपर के उत्पादन में कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन भी किया।

**वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की मुख्य विशेषताएं :-**

* ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ट्रेनसेट
* यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेनसेट में दुर्घटना-रोधी विशेषताएं
* GFRP पैनलों के साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ इंटीरियर
* एरोडायनामिक बाहरी लुक
* मॉड्यूलर पेंट्री
* EN 45545 के अनुसार फायर सेफ्टीजोखिम स्तर- 03
* दिव्यांगों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय
* स्वचालित बाहरी यात्री दरवाजे
* सेंसर आधारित इंटर कम्युनिकेशन डोर
* अंतिम दीवार पर दूर से संचालित अग्नि अवरोधक दरवाजे
* एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई गंध रहित शौचालय प्रणाली
* लोको पायलट के लिए शौचालय
* प्रथम एसी कार में गर्म पानी से स्नान
* स्क्र चार्जिंग प्रावधान के साथ एकीकृत रीडिंग लाइट
* सार्वजनिक घोषणा और दृश्य सूचना प्रणाली।

## निःशुल्क दांत व मुंह जांच शिविर का हुआ आयोजन

## गुटखा का सेवन छोड़ सुबह के एलावा रात मे्ड भी ब्रश करें : डॉ. विकास कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नवजवान एकता फाउंडेशन एवं धनबाद डेंटल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में झरिया के शमशेर नगर स्थित नवजवान एकता फाउंडेशन के कार्यालय मे एकदिवसीय नि-शुल्क दांत एवं मुंह जांच शिविर का आयोजन हुआ जिसमे सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए। नया बाजार, सुभाष चौक, सिमना कॉम्प्लेक्स स्थित धनबाद डेंटल हॉस्पिटल के दंत चिकित्सक डॉ विकास कुमार एवं डॉ महताबी मल्लिक के द्वारा मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया। साथ ही एक्सरे की जांच भी मुफ्त मे हुआ और मरीजों को आवश्यक दवाएं भी बिल्कुल मुफ्त मे दिये गए। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी मुख्तार खान, हाजी ज़मीर आरिफ, इरफान आलम, संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव शाहनवाज खान, दंत चिकित्सक डॉ विकास कुमार एवं डॉ महताबी मल्लिक ने सामुहिक रूप से फीता काट कर शिविर का उद्घाटन किया। तत्पश्चात संस्था की पूरी टीम के द्वारा सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वहीं लोगों मे जागरुकता के उददेश्य से डॉ विकास कुमार ने बताया की गुटखा तंबाकू वगैरह का सेवन करना स्वास्थ्य के लिये विशेष कर दाँतों और मसुड़ो के लिये काफी हानिकारक है। लोगों को चाहिये की इन पदार्थों का सेवन ना करें और सुबह के साथ साथ रातों मे भी ब्रश करना अत्यंत आवश्यक है जिससे दाँत बिल्कुल स्वच्छ और रोग मुक्त रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे विशेष रूप से मो इमरान मल्लिक, मो आजाद, मो जाफर, मो इसराफिल, मो मुस्तकीम, मो जसीम, मो छोटे, मो नसीमुद्दीन, मो अकबर आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# अमरेश सिंह ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष रखी मनरेगा कर्मियों की समस्याएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला के भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिल कर मनरेगा कर्मियों की समस्या को रखा। बहुत जल्द अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ केंद्रीय केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की बैठक होगी। केंद्रीय मंत्री ने मनरेगा कर्मियों के समस्या का निदान का भरोसा दिया है। ज्ञात हो की अगस्त की प्रथम सप्ताह में धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर वादा निभाओ मनरेगा कर्मियों को स्थाई करो कार्यक्रम के तहत धनबाद इकाई के सभी मनरेगा कर्मियों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था जिसमें सभी मनरेगा कर्मी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा



सहायक कंप्यूटर, सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक सहित तमाम कर्मचारी उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन का भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह व निरसा के पूर्व विधायक ने समर्थन किया था।

# कैरो के सढ़ाबे में आपकी योजना, आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड के सढ़ाबे में 31 अगस्त शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विजय रंजन तिर्की प्रशिक्षु उप समाहर्ता लोहरदगा प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, बीडीओ छन्दा भटाचार्य,डा0 राकेश कुमार,बीईईओ अरविंदा कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षु उप समाहर्ता, प्रमुख, बीडीओ के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया गया। इसमें प्राप्त आवेदन, आवेदन की ऑनलाईन इंट्री की स्थिति, आवेदनों का निष्पादन की स्थिति का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों द्वारा आमजनों को अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति, आय, आवासीय, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, 15 वें वित्त, जनजातीय कल्याण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गयी। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहर्ताधारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया। आज के कार्यक्रम में जिला से प्रशिक्षु उप समाहर्ता विजय रंजन तिर्की, प्रमुख श्रीराम उरांव प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य, डा0 राकेश कुमार, बीईईओ अरविंदा कुमारी के अलावा विभिन्न विभागों के प्रमुख प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारीगण एवं कर्मी के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना झारखंड पीपुल्स पार्टी का पहला दायित्व होगा : विलियम कुजूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड पीपुल्स पार्टी के जिला कार्यालय में पेशरार प्रभारी संजू सिंह की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी श्री विलियम कुजूर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि उपस्थित हुए। बैठक में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई और पार्टी के नीति- सिद्धांतों को जानने का प्रयास किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विलियम कुजूर ने कहा कि झारखंड पीपुल्स पार्टी के भावी प्रत्याशी पूर्व लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल टाना भगत हैं और लोहरदगा की जनता को उनसे उम्मीद है कि निश्चित रूप से वे अपने बड़े भैया स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के अधूरे सपनों को पूरा करते हुए लोहरदगा एवं यहां की महिलाओं के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना झारखंड पीपुल्स पार्टी का पहला दायित्व है। विशिष्ट अतिथि रामचंद्र गिरि ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों ने अनिल टाना भगत में स्वर्गीय कमल किशोर भगत की छवि, क्षेत्र के प्रति समर्पण और जुझारूपन को देखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में लोहरदगा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है और निश्चित रूप से आप सबों के सहयोग से ये लोहरदगा का विधायक बनकर कमल किशोर भगत जी के सपनों को पूरा करेंगे और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम करेंगे।

## राज्य की जनता को गुमराह करने और लूटने में जुटी है हेमंत सरकार : सचिन कुमार साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में भारतीय जनता पार्टी नगर कार्यालय अटल भवन में नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें संगठन को मजबूती और विस्तार करने पर विचार विमर्श किया गया। आने वाले समय में विधानसभा चुनाव में भारी से भारी मतों से विजय होकर भारतीय जनता पार्टी के सरकार को बनाने का संकल्प लिया गया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह खूंटी विधानसभा प्रभारी श्री ओम प्रकाश सिंह ने कहां की इस बार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से आएगी।और भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में बनेगी। नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि जिस तरह से हेमंत सरकार लोगों को गुमराह कर अभी मंईया योजना ला कर लोगों को भ्रमित करने का कार्य जो किया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता उसे पूरे तरीके से नाकार देगी।और भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में बनेगी। इस दौरान नगर कार्यालय में नए कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के ओम प्रकाश सिंह, सचिन कुमार साहू, अशोक कसकर, विजय चंद्रशेखर, रामलाल उरांव, अजय कुमार साहा, सुधीर कुमार सोनी, गणेश शर्मा, मनोज कुमार, रोशन कुमार, हसमुख रंजन, चंदन गोप, आर्यन साहू, अनुभव कसकर, पीयूष कुमार, हिमांशु गुप्ता, पहलवान सिंह, रिंकू सिंह के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा : पवन तिग्गा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को जिला कमेटी के अगुवाई में असहयोग अनिश्चित कालीन आंदोलन सत्याग्रह जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का हुआ शुभारंभ। श्री सिंह ने कहा कि अनियमित जमा योजना पाबंदी 2019 कानून बन जाने के बाबजूद भी अब तक किसी भी निवेशक का भुगतान नहीं हुआ है। मौके पर उपस्थित जिला प्रवक्ता पवन तिग्गा ने कहा कि यदि मांगे जब तक पूरी नहीं होगी तब तक अनिश्चित कालीन तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर जिला कोषा अध्यक्ष सुकरू उरांव, जिला सचिव शशि नंदन भगतकिशोर कुमार, लच्छू उरांव, शंकर उरांव, बिजेंदर उरांव, समीना खातून, शांति उरांव, शामिल देवी, करमि देवी, सोनमतीया देवी, पुष्पा देवी, सीता मनी, देवबालमुनि मिज, तारा देवी, चेती देवी, चंद्रमनी देवी, बजरंग साहू, आदित्य साहू,अमर परदीप एक्का,जयराम उरांव, धर्मदेव उरांव,जमुना नगेसिया, सूरज नगेसिया, रामनाथ नगेसिया, देवचरण नगेसिया, तिवारी किसान, उसस्लिम अंसारी, तपेश्वर प्रजापति,कुसुम कुमारी, शकुंतला तिग्गा, सती उरांव, नजमा देवी, किरण कुमारी, अनिता उरांव, सुषमा देवी, सुमित्रा, प्यारी उरांव, प्रीति उरांव, कार्मिला लकड़ा, सुमित्रा उरांव, कुसुम कुमारी, रविंदर आदि सैकड़ो ठगे प्रीत कार्यकर्ता मौजूद थे।

**झारखंड मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के मांगों को पूरा करने के लिए करेंगे पहल : सुखदेव भगत**

# सांसद सुखदेव भगत ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांगों को पूरा करने के लिए शीघ्र यथोचित कार्रवाई करने का किया आग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा गुमला का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत से उनके आवास में मुलाकात कर उन्हें दो सूत्री मांग पत्र नियुक्ति तिथि से 2400 ग्रेड पे एवं सभी विभागों के लिपिकों का सेवाशर्त प्रोन्नति नियमावली एक समान हो को सौंपकर उसका निदान करने हेतु एक समर्थन पत्र देने की मांग किये ।सांसद ने प्रतिनिधिमंडल के मांगों को गंभीरता से सुना और कहा कि आपकी मांगों को पूरा करने के लिए वे पहल करेंगे। झारखंड एक संवेदनशील सरकार है। सभी वर्गो को न्याय देने का काम कर रही है। सांसद सुखदेव भगत ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा गुमला के दो सूत्री मांगों को पूरा करने के लिए शीघ्र यथोचित कार्रवाई करने का आग्रह किए। मौके पर अध्यक्ष सुजीत कुमार साहू, सचिव राहुल कुमार, समीर फ्रांसिस कुजूर, ललिता बेग, संजुला तिर्की, जयप्रकाश कुजूर, वर्षा देवी सहित अनेक लोग शामिल थे।

# टेम्पू चोरी मामला में दो अपराधी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** टेम्पू चोरी मामला में दो अपराधियो को पुलिस ने पकड़ मेडिकल जांचोपरांत भेजा लोहरदगा जेल। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा अस्पताल के समीप सरना मुहल्ला में शुक्रवार रात्रि लगभग 12¬30 बजे चोरी घटना को अंजाम देने का प्रयास दोनो अपराधियो द्वारा किया जा रहा था। इस दरमियान ग्रामीणों को भून भुनाने का आहट हुआ और ग्रामण सतर्क हो वाच करने लगा तभी दोनो अपराधियों द्वारा खड़ी टेम्पू चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था। चोरी घटना घटित हो इससे पूर्व ग्रामीणों ने गोलबंद हो दोनो अपराधियों को धरने के प्रयास किया परंतु अपराधी भागने लगा तभी ग्रामीणों ने सेन्हा पुलिस को सूचना देते हुए दोनो अपराधी को धर दबोचा चोरी घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस त्वरित कारवाई करते दोनो चोर को गिरफ्तार कर पुलिस कानूनी कारवाई आरम्भ कर दिया। अपराधियों का पहचान बुढ़मू थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कामुडू निवासी धनेश्वर सिंह के पुत्र कृष्णा सिंह वर्तमान पता लोहरदगा कुरैसी मुहल्ला इमली चौक तथा यूपी फैजाबाद निवासी मोहम्मद हुसैन अंसारी के पुत्र हैदर अंसारी वर्तमान पता सेन्हा के रूप में हुआ। हैदर अंसारी अपने ससुराल में रहता था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि टेम्पू चोरी मामला में दो अपराधियों को पकड़ा गया है। और जांच पड़ताल के उपरांत दोनों अपराधियों के विरुद्ध कांड संख्या 72/24 दर्ज कर चोरी मामला धारा के तहत लोहरदगा जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने बताया कि गलत रजिस्ट्रेशन नम्बर जे एच 0 एफ सी 7499 अंकित है। जिसका इंजिन नम्बर डब्लू ओ एच 3172508 अंकित है। जिसका सत्यापन कराते हुए चोरी मामला में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## झारखंड प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश मंत्री बने संदीप पोद्दार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन की 2024 /26 प्रदेश इकाई गठित, लोहरदगा से झारखंड प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश मंत्री बने संदीप पोद्दार इनके चयन पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन लोहरदगा के जिला अध्यक्ष श्री राजीव रंजन, संजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, चंदन अग्रवाल राम प्रकाश मोदी सुनील अग्रवाल, कुणाल अभिषेक विमल बंका, तम्मु शर्मा, उदय कुमार अग्रवाल, अजय मोदी, दीपक सराफ, साथ ही अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की जिला अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, अनिता पोद्दार, ममता बंका, नीतू पोद्दार, प्रीति केडिया, नेहा अग्रवाल, सहित अनिता अग्रवाल, हनुमान प्रसाद राजगड़िया, प्रमोद पोद्दार, अशोक पोद्दार, मनोज टिबलेवाल, पवन राजगढ़िया, रूपेश चौधरी, विवेक केडिया, अमित बंका, मनीष राजगढ़िया, जयप्रकाश शर्मा, आशीष पोद्दार सहित अन्य लोगो ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## स्कूटनी में एक उम्मीदवार की पर्ची रद मैदान में होंगे आठ उम्मीदवार : रमेश उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति जिला चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष समेत 9 उम्मीदवारों ने अपनी पर्ची भरी थी जिसमें अध्यक्ष पद में तीन उम्मीदवार महामंत्री पद में चार उम्मीदवार और कोषाध्यक्ष में दो उम्मीदवार ने अपनी दावेदारी पेश की थी पूर्व विधायक व मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता एवं ओम महतो ने स्कूटनी की प्रक्रिया को पूर्ण की। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने कहा स्कूटनी के दौरान अध्यक्ष पद के दावेदार दिग्गज सिंह का बायोडाटा पूर्ण रूप से जमा नहीं होने के कारण उसके पर्ची को रद्द किया गया है। इसके साथ ही अब 9 के जगह 8 उम्मीदवार मैदान में होंगे। अब अध्यक्ष पद के दो दावेदार सुनील अग्रवाल एवं अशोक साहू महामंत्री के दावेदार रामकुमार साहू, जीवन महतो, प्रदीप साहू, कपिल मिश्रा तथा कोषाध्यक्ष पद के दावेदार सिद्धार्थ कुमार उर्फ रिशु एवं विक्की कसेरा होंगे। आगे कहा कि 3 तारीख को सभी प्रत्याशियों को सिंबल दिया जाएगा। साथ ही वोटर लिस्ट जारी की जाएगी।

## जिला भाजपा कार्यालय में बैठक का हुआ आयोजन, दोनो विधानसभा में जीत दर्ज करनी है : रंजन कुमार पटेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों संग बैठक का आयोजन हुआ। विधानसभा संरक्षक रंजन कुमार पटेल, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल विधानसभा जॉन के प्रभारी गणेश मिश्रा, प्रदेश संगठन के चितरंजन मोहंती जी सिमडेगा पहुंचे। रंजन कुमार पटेल ने कहा बूथ को मजबूत बनाएं। वोटर लिस्ट का ग्राउंड जीरो वाईज सत्यापन कर लें। जो भी क्रियाकलाप हो, उसमे वँहा के सभी कार्यकर्ताओं की संलिप्तता हो। उन्होंने इसके अलावे महत्वपूर्ण बातें बताई। गणेश मिश्रा ने वर्तमान राजनीति वस्तु-स्थिति के बारे में बताया। कहा सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में भाजपा को जीत दिलाना है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रण के साथ विधानसभा चुनाव जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने चुनाव के निमित्त प्रदेश के बैठक से प्राप्त दिशा-निर्देशों को भी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच साझा किया। भाजपा कार्यालय की बैठक में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला महामंत्री दीपक पुरी, जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, सिमडेगा विस्तारक खगेश्वर साहू, कोलेबिरा विस्तारक नागेंद्र दीक्षित, प्रतिमा देवी, अनूप प्रसाद, अनुप केशरी, संजय ठाकुर, श्रीलाल साहु, अनिरुद्ध सिंह, विधा बड़ाईक, रामबिलास बड़ाईक, महाबीर बड़ाईक, बिरेंदर कुमार पांडा, रंजन शाह व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## सिमडेगा टाइगर ने जेडीसी कुआरमुंडा को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन-3 का मैच सिमडेगा टाइगर बनाम जेडीसी कुआरमुंडा के बीच खेला गया जिसमें सिमडेगा टाइगर ने जेडीसी कुआरमुंडा को 4-0 गोल से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गया। इस मैच के मुख्य अतिथि नगरपरिषद बीरमित्रपुर के अध्यक्ष संदीप कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि हाजी फहीम अख्तर जी रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर अच्छे से खेलने की शुभकामनाएं दी। सीजन का दूसरा सेमीफाइनल 02/09/2024 को सिमडेगा टाइगर बनाम आसिफ 11 सबडेगा के बीच 3:30 बजे से प्रखंड मैदान ठेठईटांगर में खेला जाएगा।

## साहू समाज के कैरो प्रखंड अध्यक्ष बने अमित कुमार साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन लोहरदगा युवा जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू की अध्यक्षता में एक सामाजिक बैठक कैरो प्रखंड में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी के सर्व समिति से कैरो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार साहू को बनाया गया। मौके पर उपस्थित महासंगठन के युवा जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू ने कहा कि जिस जाति समाज के लोग पहले जाति फिर पार्टी के तर्ज पर काम करते हैं, वह समाज शासन करने वालों की श्रेणी में होते हैं और शासकों का कभी शोषण नहीं होता। पूरे झारखण्ड प्रदेश में तेली समाज की संख्या अत्याधिक है। अब तेली समाज भी पहले जाति फिर पार्टी के तर्ज पर चलकर बंधुआगिरी नहीं बल्कि जागरुकता का परिचय देगा और शासन करने वालों की श्रेणी में शामिल होगा। मौके पर प्राखंड अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने कहा समाज को राजनीतिक में अवसर दे नहीं तो दलों को नुकसान हो सकता है। सर्वसम्मति से एक मंडली का भी गठन किया गया जो निम्नगत हैं। प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार साहू, महासचिव शैलेश साहू, उपाध्यक्ष ब्रजेश साहू, आदित्य साहू, संदीप साहू, कोषाध्यक्ष, सचिव भोला साहू, दीपक साहू, सचिन साहू, संगठन मंत्री शिवचरण साहू, मिडिया प्रभारी बजरंग साहू, सह मिडिया प्रभारी अंकित साहू, संरक्षक कमलेश साहू, गणेश साहू, सुरेंद्र साहू, कार्यकारिणी सदस्य रोहित साहू, शंभू साहू, मनीष साहू, कृष्णा साहू, पंकज साहू, रमेश साहू, दुर्गा साहू, अनिल साहू, शिवम साहू, ऋषभ आदि मौजूद थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 116 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व सह सचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए,आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 70 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देना चाहिए और जांच के अलावा स्वास्थ्य संबंधित अन्य सुविधा भी महिया कराई जाएगी, हमारा प्रयास रहेगा कि लोग स्वस्थ एवं खुशहाल रहे, और कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन का सबसे बड़ा पूंजी हैं।डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर कराते रहना चाहिए, अच्छे से हाथ धोकर ही खाना खाएं एवं बासी खाना ना खाएं, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपने स्वास्थ्य के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी सुबोध महतो, सत्यम सर्राफ, राजू यादव, अतुल सराफ, अनामिका भारती, अंजली सर्राफ, दया मनी देवी, रामू राम, सुरेंद्र गुप्ता, सत्येंद्र दुबे, रविंद्र नाथ कर्मकार, कृष्णा प्रसाद, देवनारायण प्रसाद, राजेश अग्रवाल, प्रभु दयाल साहू, शांति देवी, भीम तिवारी, जयश शर्मा, सच्चिदानंद अग्रवाल, ओमप्रकाश प्रसाद, कुणाल प्रसाद, राहुल राय, माँमूभी मंडल आदि थे।

## विश्व हिंदू परिषद जलडेगा द्वारा मनाया गया धूमधाम से स्थापना दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** विश्व हिंदू परिषद जिले का प्रखंड समिति की ओर से पंच देवालय मन्दिर में विहिप षष्टिपूर्ति स्थापना वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महाप्रसाद सिंह के द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा 1964 में जब देश मे भयावह स्थिति थी जात पात छुआछूत उच नीच का भ्रम फैला था तब से सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए विहिप की स्थापना की गई। जिसका उद्देश्य सभी को संगठित कर धर्म संस्कृति एवं पुरातन सभ्यता एवं पूर्वजों के विरासत को बचाये रखने लिए विश्व हिन्दू परिषद का गठन हुआ ।आज प्रत्येक गांव में रामराज्य स्थापित करना है इसके लिए एक गांव एव परिवार का सोच के साथ चलना है।आज वर्तमान समय में हिंदुओं को राजनेताओं के द्वारा सत्ता सुख के लिए महत्वकांक्षी बनाया जा रहा है।और धर्मांतरण भी भ्रम कर किया जा रहा है।आज जनजाति समाज को विभिन्न हिस्सों में बाटने का प्रयास किया जा रहा है। इसका एक कारण है कि हमारे समाज मे कुछ जगहों पर छुआछूत का भावना है ऐसे में विधर्मियों के द्वारा धर्मान्तरण करवाया जा रहा है। हमारा समाज हमेसा आदिकाल से प्रकृति पूजक रहे है। वन नदी पहाड़ पेड़ पौधे का पूजन किया जाता है। मौके पर विहिप झारखंड प्रान्त मार्गदर्शक मंडल के संयोजक स्वामी कृष्णा चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज के द्वारा विश्व हिंदू परिषद की स्थापना उद्देश्य एवं सनातन संस्कृति और उनके विचारधाराओं को मानने तथा समाज में फैली बुराइयों को दूर करने का आवाहन किया। हिन्दू हेल्पलाइन नम्बर किया गया जारी द्य इधर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा हिंदू हेल्पलाइन नंबर 9122535108 जारी किया ।जारी करते हुए उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के हिंदू समुदाय के लोगों को होने वाले समस्याओं पर वह अपनी बातों के यहां पर रख सकते हैं ।जिससे कि उनकी समस्याओं को सामाजिक स्तर से दूर करवाने का प्रयास किया जाएगा।इस मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष अघना खड़िया ,किरण चौधरी ,अभिषेक कुमार ,दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल ,बजरंगदल संगठन मंत्री अमित कुमार गोयल,प्रखंड मंत्री सन्तोष मिश्रा एव सुभाष साहु, भोला साहु, जंयति देवी, रामदेव साहु, दिलेश्वर साहु, बसंत साहू, रामावतार अग्रवाल, महेश्वर दास सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नगर परिषद क्षेत्र सहित विभिन्न पंचायत में आपके द्वारा कार्यक्रम आज

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के निदेश के आलोक में उपायुक्त, लोहरदगा के निदेश पर आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत शिविर का आयोजन आज दिनांक 02.09.2024 को सेन्हा प्रखण्ड के तोड़ार पंचायत स्थित सेरेंगहातू ईट भट्ठा के समीप मैदान, सदर प्रखण्ड लोहरदगा में हेसल पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसल, किस्को प्रखण्ड में बगड़ू पंचायत के खेल मैदान बगड़ू जामुनटोली, भण्डरा प्रखण्ड में भण्डरा पंचायत स्थित बाजारटांड़, पेशरार प्रखण्ड में तुईमु पंचायत के मन्हेपाट और कुडू प्रखण्ड के बड़कीचांपी पंचायत के कुंदगढ़ा विद्यालय मैदान में आयोजित किया जाएगा। नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड 07 एवं 08 के लिए शिविर मैना बगीचा में लगाया जाएगा।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, सोमवार, 02 सितंबर 2024 | पेज 12

चलते चलते एक नजर

## एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने मध्य वायु कमान के चीफ का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली :** मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को नियुक्त किया गया है। उन्होंने रविवार को कार्यभार ग्रहण किया। सराहनीय सेवाओं के लिए उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति के हाथों अति विशिष्ट सेवा पदक, वायु सेना पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। प्रयागराज में सेंट्रल एयर कमांड के एओसी-इन-सी के रूप में कार्यभार संभालने पर एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।प्रयागराज में परेड का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को 06 दिसंबर, 1986 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में शामिल किया गया था। एयर ऑफिसर एक प्रायोगिक परीक्षण पायलट और एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक हैं। उनके पास भारतीय वायु सेना के विभिन्न विमानों पर 3300 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। वे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (बांग्लादेश) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर और ऑपरेशन रक्षक जैसे कई ऑपरेशन और अभ्यासों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

## चुनाव में जीत की संभावना और दायित्वों का निर्वहन टिकट वितरण का प्रमुख आधार होगा : गिरीश

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चुनाव में जीत की संभावना, संगठन के प्रति निष्ठा और दायित्वों का निर्वहन टिकट वितरण का प्रमुख आधार होगा। यह बात विधानसभा चुनाव के लिए गठित कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोढानकर ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कही। गिरीश ने कहा कि दो दिनों के प्रवास के दौरान प्रारंभिक चरण में सभी जिलों के अध्यक्ष,उम्मीदवारों, वरीय नेताओं से मुलाकात हुई। हम यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि नेताओं कार्यकर्ताओं के मन में क्या है। चुनाव में हमें आगे कैसे बढ़ना है। इस पर मंथन जारी है। हमारा प्रयास रहेगा कि अगले दौर में हम दो-तीन जिलों के कार्यकर्ताओं नेताओं के साथ केंद्रित व्यवस्था कर मुलाकात करें और जिलावर विधानसभा की स्थिति की समीक्षा की जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों का दृष्टिकोण सामने आ सके। हमें पूरा विश्वास है कि यहां की स्थिति के अनुसार सरकार पुनः सत्ता में आएगी। गिरीश ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में आवेदन आए हैं। इससे संगठन की मजबूती स्पष्ट दिखती है।

भाजपा नेता अमर बावरी पहुंचे पलामू, पार्टी के संकल्प पत्र को लेकर जानी राय

# स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन बने पलामू : अरूणा शंकर

**अरूणा शंकर ने पलामू को उपराजधानी बनाने, कोयल नदी को बांधने सहित दिया कई सुझाव**


प्रभात मंत्र संवाददाता

**नयी दिल्ली :** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सह भाजपा नेता अमर बावरी रविवार को भाजपा जिला कार्यालय मेदिनीनगर पहुंचे। वे भाजपा का घोषणा पत्र तैयार करने के लिए समाज के सभी वर्ग, गरीब, युवा, महिला, किसान, शिक्षाविद, पत्रकार, बुद्धिजीवी, व्यवसायी एवं अन्य संगठनों से विचार-विमर्श किया और सुझाव मांगे। इन सुझावों को घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा। यहां पहुंचे लोगों ने अपनी राय दी। मेदिनीनगर की प्रथम महापौर और वरिष्ठ भाजपा नेत्री अरूणा शंकर ने अपनी राय रखते हुए मेदिनीनगर को झारखंड का उप राजधानी घोषित करने का सुझाव दिया। उन्होंने बैठक में कहा कि पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर को उपराजधानी बनाने हेतु घोषणा पत्र में शामिल किया जाए। यहां वर्ष में चार बार पूरा कैबिनेट, मंत्रियों एवं सचिव स्तर के पदाधिकारी की बैठक कर प्रमंडल की जनता की शिकायतों का त्वरित निदान हो। ताकि रांची का चक्कर जनता को न लगाना ना पड़े। इसकी घोषणा झामुमो द्वारा अपने घोषणा पत्र में भी की गई थी लेकिन आज तक जेएमएम द्वारा पहल नहीं किया गया। उन्होंने पलामू प्रमंडल को स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन का दर्जा देने की बात कही। अरूणा शंकर ने कहा कि पलामू में सर्वाधिक रोजगार हेतु पलायन होता है। अतः पलामू प्रमंडल, जो तीन विकसित राज्य उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं बिहार से घिरा है, इस प्रमंडल को स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन बनाने का संकल्प लिया जाय। ताकि उद्योग लगने के साथ ज्यादा से ज्यादा युवाओं हेतु रोजगार का सृजन हो सके।खास महाल भूमि का नवीनीकरण एग्रीमेंट के हिसाब से करने का भी संकल्प पत्र में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि मेदनीनगर शहर का अधिकांश भाग खास महाल भूमि पर अवस्थित है। जिसका नवीनीकरण गत 30 वर्षों से नहीं हो रहा है। अत लीज देते वक्त सरकार द्वारा लीजधारीयो से किए अनुबंध के अनुसार लीज नवीनीकरण का संकल्प घोषणा पत्र में किया जाए। कोयल को बांधने योजना संकल्प पत्र में शामिल किया जाए। पलामू प्रमंडल में एक भी विकसित सिंचाई योजना नहीं है। इसलिए मजदूरो का पलायन दूसरे राज्य में खेती के समय काम करने हेतू होता है। साथ ही मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र का जलस्तर नित्य नीचे जा रहा है। जहां गर्मियों मे बोरिंग में पानी निकलना बंद हो जाता है। अतः कोयल को टाटा मानगों की तर्ज पर मेदनीनगर शहर के बाहर उचित स्थान देखकर बांधी जाए। जिसे किसानों को खेत के लिए पानी भी मिल सके। शहरी जलस्तर भी बढ़े एवं उसके ऊपर से आवागमन भी हो सके। सस्ते दर पर 3 वर्षीय ग्रामीण डॉक्टर हेतु कोर्स चालू करने का संकल्प पत्र में शामिल करने की बात कही।स्वास्थ्य व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लचर है। महंगी पढ़ाई कर डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्र में नहीं जाना चाहते हैं। अतः 12 वीं के बाद 3 वर्षीय सस्ता पारा डॉक्टर कोर्स करा कर ग्रामीण क्षेत्र के लिए डॉक्टर तैयार करने का संकल्प लिया जाए। ताकि ग्रामीण क्षेत्र में प्रशिक्षित पारा डॉक्टर ऑपरेशन छोड़ सारा इलाज कर सके।



## यूक्रेन ने रूस पर किया अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला

**मॉस्को ने 158 को मार गिराया**



एजेंसी

**मॉस्को:** यूक्रेन ने रूस पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में यूक्रेन के करीब 158 ड्रोन को मार गिराया, जिनमें से दो ड्रोन मॉस्को शहर में और नौ मॉस्को के आसपास के क्षेत्र में नष्ट किए गए। इससे समझा जा सकता है कि यूक्रेन ने कितनी बड़ी संख्या में ड्रोन हमला किया होगा। रूसी सेना ने कुर्स्क क्षेत्र में 46 ड्रोन नष्ट किए, जहां यूक्रेन ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से रूसी सरजमीं पर सबसे बड़े आक्रमण के तहत हाल के सप्ताहों में अपने सैनिकों को भेजा है।यूक्रेन के इन ड्रोन हमलों से अब लड़ाई अग्रिम मोर्चे से रूस की राजधानी तक भी पहुंच गई है। इस साल की शुरुआत से ही यूक्रेन ने रूसी जमीन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं और उसकी रिफाइनरी तथा तेल केंद्रों को निशाना बनाया है। वहीं इससे पहले शुक्रवार देर रात दक्षिण-पश्चिमी रूसी शहर बेलगोरोड पर यूक्रेनी हमले में पांच लोग मारे गए और 46 घायल हो गए, स्थानीय गवर्नर ने कहा, हाल के महीनों में शहर पर यूक्रेन द्वारा किए गए हमलों की श्रृंखला में यह नवीनतम है।

## आजसू ने चलाया जन जागरण पदयात्रा एवं बायोडाटा संग्रह अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार:** रविवार को आजसू पार्टी लातेहार के जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान के नेतृत्व में जन जागरण पदयात्रा एवं बायोडाटा संग्रह अभियान कुंदरी मैदान, पकरार फील्ड, अरागुंडी आदि जगहों में बैठक बुलाकर बेरोजगारों युवाओं को बायोडाटा फॉर्म भर कर डाटा तैयार 8 सितंबर को हेमंत सोरेन को सौंपने की काम करेगी। जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान ने कहा कि झारखंड सरकार नौकरी देने के नाम पर युवा वर्ग के ठगने का काम किया है साथ ही साथ बेरोजगारी भत्ता पांच हजार से सात हजार प्रतिमाह एवं चूल्हा चौकी के नाम पर महिलाओं को दो हजार देने की बात कही गई थी वह भी पूरा नहीं कर सका।



हेमंत सरकार ने झूठ बोलकर जनता को गुमराह किया जिसका खामियाजा आगामी विधानसभा में मिलना तय है आज झारखंड में चारों तरफ लूट और भ्रष्टाचार की सरकार चल रही है जो अभी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के नाम पर भी सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है।इस बैठक में मुख्य रूप से मलकू राम ग्रीनंदन यादव आदि बेरोजगार युवा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सांसद वीडी राम के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गढ़वा :** मेराल प्रखंड के नेनुआ मोड एनएच 75 पर पलामू सांसद बीडी राम का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अर्जुन कुशवाहा, विजय प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर लालमोहन ने सांसद को पुष्प गुच्छ एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। जबकि बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सदस्य रविंद्र तिवारी एवं पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी को भी पुष्प गुच्छ,पगड़ी एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर लालमोहन एवं सनराइज फेन्स क्लब के अध्यक्ष कमलेश कुमार ने पांच सूत्रीय मांग पत्र पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद सदस्य रविंद्र तिवारी के हाथों में सौपा। पांच सूत्री मांग पत्र में नेनुआ मोड़ एनएच 75 पर अंडरपास पुलिया निर्माण करने, मथुरा चौक से लगमा तक पक्की सड़क निर्माण करने, भुइया टोली से सुदर्शन महतो के घर होते सरस्वतीया नदी तक पक्की नाली निर्माण करने, मेराल पूर्वी पंचायत में जर्जर बिजली तार पोल के जगह नया तार पोल लगवाने तथा मेराल रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव कराने की मांग शामिल है। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।इस अवसर पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सदस्य रविंद्र तिवारी ने कहा कि यहां के मंत्री को गढ़वा में एडिशनल कलक्टर का पदस्थापन कराना चाहिए। जिससे कि लोगों को आसानी से मुआवजा राशि का भुगतान हो सके।इस अवसर पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि मेराल हाई स्कूल से तीन कोनिया तक सड़क में तथा चीनीया से रनपुरा खुथुआ मोड़ सड़क जो दो वर्ष पूर्व बना था। उसमें मरम्मती के नाम पर करोड़ों रुपए का लुट मचाया गया है।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, हरेंद्र द्विवेदी, संतोष दुबे, संजय भगत, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा को महिलाओं का सम्मान पच नहीं रहा : अनीता यादव

**रांची :** राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा को महिलाओं का सम्मान पच नहीं रहा है। झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार महिलाओं को सम्मान देने का एक सफल प्रयास के तहत मईया योजना लागू किया। इसके तहत महिलाओं को हर महीने 1000 मिल रहा है। इस योजना ने भाजपा की नींद उड़ा दी। महिला विरोधी भाजपा ने इस योजना को रोकने के लिए षड्यंत्र के तहत कोर्ट में जाने का काम किया। उन्होंने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अब जनता के सामने सच्चाई आ चुकी है। भाजपा न सिर्फ महिला विरोधी है, बल्कि महिलाओं का शोषण करने वाली पार्टी है। हमारी पार्टी महिला सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना को लागू करने के लिए हम हर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं और इंडिया गठबंधन के साथ हैं।

## राज्य की दिशा और दशा को बदलने के लिए आजसू बुद्धिजीवी मंच की भूमिका अहम : सुदेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य की दिशा और दशा को बदलने के लिए आजसू बुद्धिजीवी मंच की भूमिका अहम है। बुद्धिजीवी मंच के सभी अनुभवी पदाधिकारी को अपने दायित्व का बोध है। बुद्धिजीवी मंच पार्टी की शक्ति का मुख्य केंद्र है। आपके अनुभव से हम राज्य को बेहतर बनाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित आजसू बुद्धिजीवी मंच के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह में कही। इस दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपने पद का शपथ ग्रहण किया साथ ही पार्टी अध्यक्ष द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने कहा कि हम अपने विवेक, अनुभव और केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के मजबूत कंधों के साथ झारखंड को विकसित बनाने के अपने संकल्प को पूरा करेंगे। आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता ने कहा कि हम सभी राज्य के विभिन्न गांव में जाएंगे और आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने का काम करेंगे।



**शहजाद आलम आजसू बुद्धिजीवी मंच के रांची जिलाध्यक्ष बनाए गए**

वहीं मौके पर आजसू के पुराने कार्यकर्ता शहजाद आलम को आजसू बुद्धिजीवी मंच कि जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर आजसू बुद्धिजीवी मंच के उपाध्यक्ष प्रो उमेश चंद्र मेहता, कामेश्वर प्रधान, महेंद्र मोदी, डॉ के पी सिन्हा, शिवशंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, अंचल किंगर, काशी नाथ महतो, प्रशांत कुमार बलथरिया, मंजुर खान, कौशिक चांद, मनोज साहू, प्रो0 आनन्द कुशवाहा, डॉ राकेश सिन्हा,डॉ राम प्रसाद, प्रादुमन पाण्डेय इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थें।

# हाई मास्ट लाइट से गांव-गांव होगा रौशन : मंत्री मिथिलेश

**मंत्री ने किया 14 हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 14 हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विधायक मद से अधिष्ठापित हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने मेराल प्रखंड के बसरिया गांव स्थित स्कूल के समीप आयोजित कार्यक्रम में फीता काटकर एवं स्वीच दबाकर किया।मौके पर मंत्री ने कहा कि हाई मास्ट लाइट पहले सिर्फ शहरों में ही देखने को मिलता था। परंतु उन्होंने गढ़वा के प्रत्येक गांव में हाई मास्ट लाइट लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। अब गढ़वा का प्रत्येक गांव हाई मास्ट लाइट की रौशनी से जगमग होगा। आज गढ़वा प्रखंड में दो, मेराल में छह, रंका में एक, रमकंडा में तीन तथा डंडा प्रखंड में लगे दो हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि जनता जो चाहेगी वही होगा। गढ़वा के लोगों ने चाहा कि गढ़वा की तस्वीर बदल जाए, तो अब गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह से बदल चुकी है। पहले के गढ़वा और आज के गढ़वा में कोई तुलना नहीं है। राज्य के सबसे पिछड़े जिले में शुमार गढ़वा आज विकसित जिलों की श्रेणी में खड़ा हो गया है। यह सब गढ़वा वासियों की ही देन है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में सभी लोग पुनः सेवा का मौका दें। ताकि गढ़वा अग्रणी जिलों में सबसे ऊपर खड़ा हो सके। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, रविंद्र, सुडो, दिलीप गुप्ता,अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हरियाणा के चुनाव तिथि में बदलाव चुनाव आयोग की निष्पक्षता और गंभीरता पर सवाल खड़े करता है : झामुमो

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तिथियों को बदले जाने पर चुनाव आयोग और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तिथि को बदलने के लिए हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने भी आयोग को पत्र लिखा था। हरियाणा में जहां पहले एक अक्टूबर को चुनाव होना था, वहां अब मतदान पांच अक्टूबर को होगा। सुप्रियो ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त लॉफ्टर चैनल के कैरेक्टर हैं, अपने तर्कों के कारण। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने कहा कि लेवल प्लेइंग ग्राउंड देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में चुनाव की तिथियों को भाजपा के इशारे पर तय किया गया था, जिसे अब बदलना पड़ा।

# मध्यप्रदेश की उन्नति के लिए समर्पित हैं डॉ. मोहन यादव : सागर जी महाराज

एजेंसी

**ग्वालियर :** आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज ने मध्यप्रदेश में जन-कल्याण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना की है। रविवार को राजस्थान के झालरापाटन में अपने 52 वें जन्म दिवस और 36 वें चातुर्मास कार्यक्रम में जैन मुनि श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश की उन्नति के लिए समर्पित और ऊर्जावान मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. यादव ने अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आशीर्वाद भी दिया। आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मेरे 50 वें और 51 वें जन्म दिवस पर उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में पधारे थे। आज वे मुख्यमंत्री के रूप में आए हैं। निश्चित ही उनका यह भाव प्रभावित करता है। उन्होंने मेरी जन्म वर्षगांठ के अवसर पर निरंतर तीन वर्ष आकर हैट्रिक बनाई है। इस चातुर्मास कार्यक्रम और महोत्सव को उन्होंने बहुमुखी बना दिया है। महोत्सव में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने उपस्थित होकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का स्वागत किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संतों का आशीर्वाद पूँजी की तरह है। हमारे देश में संतों और धर्माचार्यों का स्थान सर्वोच्च है। सम्पूर्ण समाज संतों से मार्गदर्शन प्राप्त करता है। हमारे संतों ने सनातन संस्कृति को निरंतर कायम रखा है। किसी मनुष्य ने स्वर्ग नहीं देखा लेकिन संतों का सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त होना जीवन को धन्य करने और स्वर्गिक आनंद की अनुभूमि प्राप्त करने जैसा है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि काल के प्रवाह में यूनान,रोम और कई देशों का अस्तित्व और सभ्यता खत्म हो गई क्योंकि उन देशों में संत परम्परा नहीं थी।

